kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-309 ❒ रविवार, 14 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

बस्तर संभाग के सातों जिले देश के सबसे विकसित आदिवासी जिले होंगे यह मेरा वादा है। प्रधानमंत्री ने आदिवासी खेलों की मेजबानी के लिए बस्तर, छत्तीसगढ़ का चयन किया है। साल 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में बस्तर के आदिवासी खिलाड़ी खेलें, प्रशिक्षण का स्तर वैसा किया जाएगा। अमित शाह




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की बढ़ाई गई सुरक्षा 11

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड महक क्रांति नीति 2026-36 का किया शुभारम्भ 12

## यूपी में मनरेगा में 48 लाख परिवारों को रोजगार, 31% एससी-एसटी लाभार्थी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




❒ मनरेगा कामों में 97 प्रतिशत से अधिक का समय पर भुगतान, 48 लाख परिवारों को मिला रोजगार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार की प्रभावी निगरानी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों के चलते मनरेगा के अंतर्गत 97 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों का भरोसा बढ़ा है और योजना की पारदर्शिता भी सशक्त हुई है।

इस वर्ष अब तक प्रदेश में 48 लाख से अधिक परिवारों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 31 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। सरकार की यह पहल सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार ने इन वर्गों को विशेष प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया है कि समाज के कमजोर तबकों को रोजगार के साथ-साथ सम्मानजनक जीवन भी मिले।

मनरेगा के माध्यम से राज्य सरकार ने अब तक लगभग 6703 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की है। इस निवेश से गांवों में न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि ग्रामीण आधारभूत ढांचे के विकास को भी गति मिली है। तालाबों का निर्माण, सड़कों का सुधार, जल ● शेष पेज 11 पर

## 244 कैडेटों को वायु सेना में मिला कमीशन

एजेंसी

नयी दिल्ली। हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 244 फ्लाइट कैडेट को शनिवार को वायु सेना में कमीशन प्रदान किया गया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने दीक्षांत परेड के निरीक्षण के बाद फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 244 फ्लाइट कैडेट कमीशन प्रदान किया। 215 पुरुष और 29 महिला कैडेट हैं।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के छह और भारतीय तटरक्षक बल के आठ अधिकारियों तथा सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम के दो प्रशिक्षुओं को फ्लाइंग ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी करने पर 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। नेविगेशन ट्रेनिंग पूरी करने पर पांच अधिकारियों को 'ब्रेवेट्स' दिए गए।



इससे पहले अकादमी के प्रमुख एयर मार्शल तेजिंदर सिंह कमांडेंट एयर मार्शल पी के वोहरा जनरल चौहान का स्वागत किया। परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था जिसमें कैडेटों को फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन दिया गया। अधिकारियों को देश की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने का संकल्प और शपथ दिलाई गई। परेड के दौरान पिलाटस पी सी-7, हॉक, किरण और चेतक विमानों द्वारा बेहतर तालमेल के साथ फ्लाईपास्ट किया गया। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में भाग लेंगे राजनाथ और चंद्रबाबू नायडू

**अयोध्या।** राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में 31 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू यजमान के रूप में शामिल होगे और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों पर ध्वजारोहण करेंगे। राममंदिर पर ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया था। अब राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के द्वितीय वर्षगांठ पर शेष मंदिरों पर ध्वजारोहण होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की अहम बैठक आज श्रीमणिराम दास छावनी में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें प्रतिष्ठा द्वादशी के आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र सहित अन्य ट्रस्टी मौजूद रहे। ट्रस्ट की बैठक में जाने से पहले राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में पुराने मंदिर का स्मारक बनाया जाएगा और राम मंदिर आंदोलन में बलिदान देने वाले कारसेवकों और महापुरुषों का भी स्मारक बनेगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। बाउंड्री वॉल में 25 वॉच टावर बनाए जाएंगे।

### पीएम से परीक्षा पर सवाल पूछने को परीक्षा 11 तक

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में सवाल पूछने के लिए विद्यार्थियों को अवसर देने के लिए 1 दिसंबर से 11 जनवरी तक बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित परीक्षा ऑनलाइन होगी। इसमें बेहतर अंक पाने वालों को प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उनके साथ शिक्षक व अभिभावक भी हिस्सा ले सकेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी की ओर से सभी जिलों को भेजे गए निर्देश कहा गया है कि कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को इसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जाए। एससीईआरटी की ओर से प्रश्नावली तैयार की गई है। सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इसका प्रचार प्रसार करें। वेबसाइट https//innovateindia1.mygov.in पर ऑनलाइन परीक्षा दी जा सकेगी।

### लेबर कार्ड का नवीनीकरण 31 तक कराएं श्रमिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित सभी योजनाओं का लाभ सिर्फ उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा जिनका पंजीकरण समय से नवीनीकृत होगा। बोर्ड पंजीकरण नवीनीकरण कराने के लिए 31 दिसंबर तक समय दिया है। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड निर्माण श्रमिकों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास प्रोत्साहन शिक्षा योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं संचालित करता है।

## पंकज होंगे भाजपा उत्तर प्रदेश के नए चौधरी

### उनके खिलाफ कोई नामांकन नहीं, योगी बने पंकज चौधरी के प्रस्तावक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। यूपी भाजपा अध्यक्ष पद के लिए उन्होंने शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं किया तो पंकज भाजपा उत्तर प्रदेश के नए चौधरी हो गए। उनके भाजपा उत्तर प्रदेश के नियुक्त होने की घोषणा रविवार को की जाएगी। उन्होंने पार्षदी से राजनीति की शुरुआत की और केंद्र सरकार में मंत्री तक बने।

इससे पहले यूपी बीजेपी अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे चल रहे पंकज चौधरी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। किसी अन्य ने नामांकन नहीं करने पर पंकज चौधरी का ही यूपी बीजेपी चीफ बनना तय माना जा रहा था। नामांकन से पहले पंकज चौधरी ने कहा कि बीजेपी के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को आज बुलाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है, सभी को इसके लिए बुलाया गया है। दोपहर एक बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पार्टी दफ्तर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने 'प्रभु राम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। सीएम ने भी हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। पार्टी दफ्तर में बड़े नेताओं का जमावड़ा लगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित कई बड़े नेता उनके प्रस्तावक बने। पंकज चौधरी कुर्मी जाति के चौथे बीजेपी प्रदेश हैं। यूपी बीजेपी में इससे पहले तीन कुर्मी विनय



❒ पंकज चौधरी ने यूपी बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

❒ रविवार को केंद्रीय चुनाव अधिकारी करेंगे औपचारिक घोषणा

❒ महाराजगंज सीट से बीजेपी के सांसद हैं पंकज चौधरी

कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह अध्यक्ष रह चुके हैं। पंकज चौधरी बीजेपी के चौथे कुर्मी जाति के अध्यक्ष हैं।

पंकज चौधरी के प्रस्तावकों में एक ठाकुर, एक ब्राह्मण, एक पारसी, दो भूमिहार, दो दलित और तीन ओबीसी हैं। प्रस्तावकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, स्मृति ईरानी,स्वतंत्र देव सिंह,सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, दारा सिंह चौहान, कमलेश पासवान और असीम अरुण हैं। पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश के महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं और नरेन्द्र मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यूपी बीजेपी के नए अध्यक्ष पद के लिए उनके खिलाफ किसी के नामांकन ● शेष पेज 11 पर

### भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज चौधरी

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।
20 नवंबर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर ● शेष पेज 11 पर

### राजग ही कर सकता है लोगों की आकांक्षाओं को पूरा

## तिरुवनंतपुरम चुनाव में जीत ऐतिहासिक क्षण : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग को विजयी बनाने के लिए केरल के लोगों को धन्यवाद दिया है और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों को यकीन है कि राज्य की विकास की आकांक्षाओं को राजग ही पूरा कर सकता है। तिरुवनंतपुरम निगम चुनाव में राजग की जीत के बाद श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में इस जीत को ऐतिहासिक क्षण करार दिया।

उन्होंने कहा पूरे केरल के लोगों का



धन्यवाद जिन्होंने राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में बीजेपी और राजग उम्मीदवारों को वोट दिया। केरल यूडीएफ और एलडीएफ से तंग आ चुका है। वे राजग को एकमात्र विकल्प के रूप में देखते हैं जो सुशासन दे सकता है और सभी के लिए अवसरों के साथ विकसित बना सकता है। धन्यवाद तिरुवनंतपुरम! एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा तिरुवनंतपुरम निगम में बीजेपी-राजग को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण है। लोगों को यकीन है कि राज्य की विकास की आकांक्षाओं को केवल हमारी पार्टी ही पूरा कर सकती है। हमारी पार्टी इस जीवंत शहर के विकास की दिशा में काम करेगी और लोगों के लिए 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को बढ़ावा देगी'' एक और ट्वीट में उन्होंने कहा सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद जिन्होंने लोगों के बीच काम किया है, जिससे तिरुवनंतपुरम निगम में शानदार परिणाम सुनिश्चित ● शेष पेज 11 पर

### मासूम का शिकार करने वाला भेड़िया ढेर

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में शनिवार तड़के एक साल की बच्ची को मारने वाले खूंखार भेड़िए को वन विभाग ने मुठभेड़ में मार गिराया। घटना के करीब 13 घंटे बाद भेड़िए को ट्रैक कर गोली मारी गई। शूटर द्वारा राइफल से दागी गई एक गोली लगते ही भेड़िया ढेर हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा में यह भेड़िया मां के बगल में सो रही एक साल की बच्ची को जबड़े में दबाकर उठा ले गया। बच्ची की चीख सुनकर मां की नींद खुल गई और उसने शोर मचाते हुए भेड़िए का पीछा किया, लेकिन भेड़िया गन्ने के खेत में घुसकर ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण ● शेष पेज 11 पर

## मेसी के दौरे पर स्टेडियम में तोड़फोड़



एजेंसी

❒ पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक को किया गिरफ्तार

❒ घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित रही: पुलिस

❒ घटना की जांच के लिए समिति की गठित

❒ एफआईआर दर्ज, हालात सामान्य

कोलकाता। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ मचा दी। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस की नाराजगी इस कदर हावी थी, उन्होंने पूरे स्टेडियम को तहस-नहस कर लिया। इस बीच कोलकाला पुलिस ने पहली कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के इवेंट में हुई अफरा-तफरी को लेकर कानून व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने कहा, ''अब स्थिति सामान्य है। दूसरा चरण जांच का है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोजक वादा कर रहे हैं कि वे (टिकट शुल्क प्रशंसकों को) वापस कर देंगे। देखते हैं यह कैसे संभव होता है। जावेद शमीम ने आगे कहा कि, ''शांति तत्काल बहाल करनी होगी। इसका ध्यान रखा गया है। यातायात सामान्य है। सभी लोग अपने-अपने घर लौट चुके हैं। घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित है। यह एक बड़ी घटना है। हम इस मामले में सक्रिय हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि सॉल्ट लेक स्टेडियम में आज जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसे दंडित किया जाए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई की जाए। पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि जिन दर्शकों ने टिकट खरीदे हैं, उन्हें उनकी पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि प्रशंसकों में किसी तरह का गुस्सा या बेचैनी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मेसी खेलने नहीं आ रहे हैं। जबकि कार्यक्रम की योजना यह थी कि वे यहां आएंगे, दर्शकों का अभिवादन करेंगे, कुछ विशिष्ट लोगों से मिलेंगे और फिर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घटना के तुरंत बाद एक जांच कमेटी बना दी है जो सभी पहलुओं को देखेगी। डीजीपी ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी ओर राज्य पुलिस के एडीजी ● शेष पेज 11 पर

### ट्रंप के फैसले के खिलाफ अमेरिकी संसद में प्रस्ताव

## भारत पर 50% टैरिफ हटाने की बात कही गई

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के तीन सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत से सामानों के आयात पर लगाये गये 50 प्रतिशत तक शुल्क को समाप्त करने के लिए प्रस्ताव पेश किया है।

अमेरिकी सांसदों ने शुक्रवार को पेश किये गये इस प्रस्ताव में इन शुल्क को 'अवैध' बताया और कहा है कि इससे अमेरिकी श्रमिकों और उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचेगा। साथ ही अमेरिका-भारत संबंधों में भी तनाव पैदा होगा। यह प्रस्ताव रिप्रेजेंटेटिव डेबोरा रॉस, मार्क वेसी और राजा कृष्णमूर्ति ने पेश किया। इससे पहले सीनेट में ब्राजील पर लगाये गये इसी तरह के टैरिफ को वापस लेने और आपातकालीन शक्तियों के तहत व्यापार शुल्क लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को सीमित करने के लिए दोनों पार्टियों ने मिलकर प्रयास किया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कदम का मकसद



27 अगस्त को भारतीय सामानों पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क को रद्द कराना है। गौरतलब है कि अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत कई भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। सुश्री रॉस ने कहा, ''उत्तर कैरोलिना की अर्थव्यवस्था व्यापार, निवेश और एक जीवंत भारतीय अमेरिकी समुदाय के ज़रिए भारत से गहराई से जुड़ी हुई है।'' उन्होंने बताया कि भारतीय कंपनियों ने राज्य में 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा का निवेश किया है, जिससे जीवन विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे सेक्टर्स में हज़ारों नौकरियाँ पैदा हुई हैं, जबकि उत्तर कैरोलिना के कारोबारी हर साल भारत को हजारों डॉलर का सामान मुहैया कराते हैं। श्री वेसी ने कहा, ''भारत एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदार है और ये अवैध टैरिफ उत्तरी टेक्सास के लोगों पर एक रोज़मर्रा का कर हैं जो पहले से ही बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी राजा कृष्णमूर्ति ने टैरिफ को 'नुकसानदायक' बताते हुए कहा कि वे आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं, अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुँचाते हैं, और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि शुल्क खत्म करने से अमेरिका-भारत आर्थिक और सुरक्षा सहयोग मज़बूत होगा। श्री कृष्णमूर्ति ने कहा, ''अमेरिकी हितों या सुरक्षा को आगे बढ़ाने के बजाय, ये टैरिफ उन्हें कमज़ोर करते हैं। इन नुकसानदायक उपायों को खत्म करने से अमेरिका को भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और हमारी साझा आर्थिक और सुरक्षा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह प्रस्ताव कंग्रेसी डेमोक्रेट्स द्वारा श्री ट्रंप के एकतरफा व्यापारिक कार्यों को चुनौती देने और भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों को फिर से ठीक करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। अक्टूबर की शुरुआत में सुश्री रॉस, श्री वेसी और श्री कृष्णमूर्ति ने कंग्रेसी रो खन्ना और ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2.27 लाख वादों का रिकॉर्ड निस्तारण

**कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रयागराज शेखर बी. सर्राफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वावधान में जनपद न्यायालय एवं समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रयागराज शेखर बी. सर्राफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोक अदालत की कार्यवाही माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,27,876 वादों का रिकॉर्ड निस्तारण किया गया। फौजदारी के 11,519 वाद, पारिवारिक न्यायालय के 72 वाद आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित हुए। जनपद न्यायाधीश द्वारा 13 दंपतियों को आपसी समझौते के साथ पुनः एक साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके साथ ही मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, ईसी एक्ट, रेलवे, वाणिज्यिक, भूमि अधिग्रहण, राजस्व न्यायालय तथा बैंक प्री-लिटिगेशन मामलों में भी बड़ी संख्या में वादों का निस्तारण हुआ। लोक अदालत के सफल आयोजन में समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं विभागों का सहयोग रहा। नोडल अधिकारी रविकान्त-द्वितीय के निर्देशन में आयोजन को प्रभावी बनाया गया। यह जानकारी सचिव/एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा दी गई।

# प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए: प्रमुख सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन/ नोडल अधिकारी जनपद रायबरेली सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध फ्लैगशिप योजनाओं, विकासकार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुवे निर्देश दिए गए कि स्थायी पात्रता सूची तैयार करवाते समय यह सुनिश्चित कराया जाए कि सर्वे में किसी भी पात्र लाभार्थी का नाम छुटने न पाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि शतप्रतिशत पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाया जाएं। निराश्रित गोवंश की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशो को संरक्षित कराया जाएं। सभी गौशालाओं में ठंड के मौसम को देखते हुवे हवा से बचाने हेतु शेड को चारों तरफ से कवर्ड कराया जाए। मृत गोवंशो का उचित प्रकार से निस्तारण कराया जाए। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिलाया जाए, दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड प्राथमिकता से जारी कराए जाए, जिससे उनको सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुवे निर्देशित किया गया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, खराब ट्रांसफॉर्मरों को नियति समय के अन्तर्गत रिप्लेस कराया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

# उत्तर भारत की यह पहली उन्नत एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी सुविधा है: ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में आयोजित टॉक्सीकॉन-21 राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी लेबोरेट्री एवं प्वाइजन इन्फॉर्मेशन सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की यह पहली उन्नत एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी सुविधा है जो सीधे मरीजों के क्लिनिकल मैनेजमेंट में सहायक सिद्ध होगी और विषाक्तता से जुड़े मामलों में समय पर सटीक उपचार सुनिश्चित करेगी।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक विषाक्तता के अनेक मामलों में डॉक्टरों को समय से सही जानकारी उपलब्ध न होने के कारण इलाज में देरी हो जाती थी, लेकिन इस अत्याधुनिक लैब के माध्यम से अब खून, मूत्र सहित अन्य जैविक नमूनों की तुरंत और सटीक जांच संभव हो सकेगी। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि शरीर में कौन-सा विष किस मात्रा में मौजूद है, जिससे चिकित्सकीय निर्णय अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक आधार पर लिए जा सकेंगे।उन्होंने बताया कि प्वाइजन इन्फॉर्मेशन सेंटर देश का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जो 24x7 आम जनता और चिकित्सकों को वैज्ञानिक, प्रामाणिक एवं त्वरित परामर्श उपलब्ध कराएगा। कीटनाशक, रसायन, दवाइयों की अधिक मात्रा अथवा अन्य विषाक्त पदार्थों से संबंधित मामलों में यह केंद्र भ्रम को कम करेगा और सही उपचार की दिशा में शीघ्र मार्गदर्शन देगा।

उप मुख्यमंत्री ने फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग, विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार वर्मा, आयोजन सचिव डॉ. शिउली एवं पूरी टीम को प्रदेश की जरूरतों को समझते हुए इतनी सक्षम और आधुनिक सुविधा विकसित करने के लिए बधाई दी।

## माघ मेला 2026: रेलवे स्टेशनों पर मिलेगा संगम संस्कृति का अनूठा उपहार

प्रयागराज। माघ मेला 2026 के अवसर पर प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारतीय रेल एक अनूठी पहल करने जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और संगम संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, शिवकुटी, नैनी, प्रयाग, फाफामऊ सहित कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष स्टाल लगाए जाएंगे, जहां संगम नगरी की आत्मा को समेटे विविध कलाकृतियां उपलब्ध होंगी।इन स्टालों पर पवित्र कलश, मां गंगा की प्रतिमा, महर्षि भारद्वाज की ध्यानमग्न मूर्ति, श्रीराम दरबार, नागवासुकि मंदिर की अनुकृति, नैनी ब्रिज का लघु मॉडल, श्रृंगवेरपुर धाम व प्रतिष्ठानपुरी की झलक, अक्षयवट की प्रतिकृति तथा संगम की पावन स्मृतियों से जुड़े सुंदर स्मृति-चिह्न नियत मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। श्रद्धालुओं को इन वस्तुओं के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।यह पहला अवसर होगा जब रेलवे के माध्यम से माघ मेले में त्रिवेणी संगम की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक विरासत और प्रयागराज की गौरवगाथा को देशभर तक पहुंचाया जाएगा। श्रद्धालु इन स्मृति-चिह्नों को अपने साथ ले जाकर संगम के पवित्र भाव और आस्था की अनुभूति सहेज सकेंगे।मंडल पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि माघ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल, मल्टी पर्पज स्टाल और रिफ्रेशमेंट रूम की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा उनकी गुणवत्ता में भी सुधार किया जा रहा है।

## रायबरेली रोड बाईपास पर बड़ा हादसा, सड़क के बीच खड़े बिजली के खंभे से कार टकराई



रायबरेली। शिवगढ़ रोड से रायबरेली रोड बाईपास पर सड़क के बीच लगे बिजली के खंभे से एक कार टकरा गई। इस हादसे में लगभग 28 वर्षीय श्याम, निवासी बछरावां के सत्यनारायण टोला, गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल श्याम के पिता का नाम हरिनाम बताया गया है। हादसे के तुरंत बाद अतुल चौधरी, प्रांजल पटेल और श्रेय पटेल ने मानवता दिखाते हुए घायल को तत्काल बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्र्र) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के बीच खड़ा यह बिजली का खंभा लंबे समय से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा था, लेकिन लोक निर्माण विभाग (घ्डक) और बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अब तक इसे न तो हटाया गया और न ही कोई सुरक्षा इंतजाम किया गया। खंभे पर न रिफ्लेक्टर लगे हैं और न ही चेतावनी संकेतक। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उक्त खतरनाक बिजली के खंभे को जल्द से जल्द सड़क के बीच से हटाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी और की जान खतरे में न पड़े।

## सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एर्नाकुलम (केरल) में 7 से 11 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुल 47 सदस्यों को प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, जीवन रक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों में घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। माघ मेला 2026 को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन डिविजनल कमांडर (मेडिकल) डॉ. आशीष अग्रवाल एवं डिविजनल कमांडर (प्रशासन) दिनेश कुमार के नेतृत्व में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड नंबर-1 एवं नंबर-2 द्वारा किया गया। शिविर में अनुशासन, टीमवर्क एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया। शिविर के दौरान परेड, स्ट्रेचर ड्रिल, सीपीआर, आकस्मिक दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार तथा पहाड़ी क्षेत्रों में रेस्क्यू जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और कक्षाएं आयोजित की गईं। अतिथि वक्ताओं के रूप में पूर्व कोर कमांडर (एडमिन) एम.के. कुलश्रेष्ठ, पूर्व डिविजनल कमांडर (मेडिकल) डॉ. परवेज अहमद, पूर्व डिविजनल कमांडर (प्रशासन) एम.एच. अंसारी तथा पूर्व एंबुलेंस अधिकारी ए.के. आर्या व पवन कुमार ने अपने अनुभव साझा किए। ब्रिगेड के एंबुलेंस अधिकारी उदय चंद्र मौर्य, मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा, ब्रिगेड सार्जेंट अनूप कुमार श्रीवास्तव सहित सभी सदस्यों ने शिविर में सक्रिय सहभागिता की। 12 दिसंबर 2025 को एर्नाकुलम टाउन रेलवे स्टेशन पर प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। शिविर को सफल बनाने में पवन कुमार, जितेंद्र विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश यादव, आशीष कुमार, राजीव कुमार दिवाकर, अमित शुक्ला, समर सिंह, संतोष सिंह, महेश कुमार सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## चोरी करने वाले तीन अंतर्राज्यीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार नागा साधु का भेष बनाकर घटना को देते थे अंजाम

रायबरेली। वादी रवि भूषण कुमार पुत्र श्री गोपाल प्रसाद निवासी मकान नंबर 504 मधु सिंह साकेत नगर निकट सैनिक हॉस्पिटल थाना कोतवाली शहर जनपद रायबरेली ने थाना बछरावा पर लिखित तहरीर देकर बताया कि वादी अपने निजी वाहन स्विफ्ट कार संख्या यूपी 65 डीसी 0444 से रायबरेंली से लखनऊ की ओर जा रहा था। तभी कुंदनगंज करनपुर के पास हाईवे पर लगभग 7 से 8 अज्ञात लोगों द्वारा जो की साधुओं के भेष में थे, उनके द्वारा वाहन रुकवाया गया, बातचीत के दौरान आरोपियों द्वारा वादी के ऊपर सफ़ेद रंग का पाउडर डाल दिया तथा वादी के दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में पहनी लगभग 5 ग्राम सोने की अंगूठी चोरी कर ली गई। वादी द्वारा अंगूठी वापस मांगने पर आरोपियों ने अंगूठी वापस नहीं की तथा मौके से सफ़ेद रंग की अर्टिगा कार से रायबरेली की ओर फरार हो गए। इसके संबंध में थाना बछरावां पर मुकदमा अपराध संख्या 594/2025 धारा 303(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया एवं घटना के खुलासे हेतु प्रयास किया जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या में बढ़ोतरी धारा 317 (2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त 1.बलवान नाथ पुत्र सलीन नाथ निवासी लालकुआं ओखला मोड़ एमबी रोड थाना गोविंदपुरी दक्षिणी पूर्वी दिल्ली 2.विक्रम नाथ उर्फ मोना पुत्र मदन नाथ निवासी लाल कुआं ओखला मोड़ एमबी रोड थाना गोविंदपुरी दक्षिणी पूर्वी दिल्ली, अरमान नाथ उर्फ लालूनाथ पुत्र सलीननाथ निवासी प्रेम नगर बस्ती लाल कुआं ओखला मोड़ थाना गोविंदपुरी दक्षिण पूर्वी दिल्ली को थाना क्षेत्र के राजामऊ रोड रेलवे स्टेशन के पीछे से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# राजकीय बालिका इंटर कालेज में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 सफलता पूर्वक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। महराजगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा में 121 छात्र परीक्षा में सम्मिलित रहे। शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में सुबह 11:30 बजे से शुरू हुई परीक्षा दोपहर 1:50 बजे समाप्त हुई। केंद्र व्यवस्थापक अनीता सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल नामांकित 155 बच्चों में 121बच्चे परीक्षा में सम्मिलित रहे। जबकि 34 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए केंद्र पर सात कक्ष बनाए गए थे। प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर करीब 14 कर्मचारी तैनात किए गए। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बताया कि नवोदय विद्यालय के कक्षा छः में प्रवेश के लिए कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों की परीक्षा कराई गई है। नवोदय विद्यालय के मानकों के अनुरूप परीक्षा पास करने वाले छात्रों को कक्षा छः में प्रवेश मिलेगा।

# ग्राम न्यायालय में महिला हुई बेहोश सूचना पर नहीं पहुंची एंबुलेंस

**दंडाधिकारी ने अपने निजी वाहन से महिला को भेजवाया अस्पताल**

**एंबुलेंस न आने की दंडाधिकारी ने जताई व्यवस्था में नाराजगीराष्ट्रीय लोक अदालत में 38 मामलों का हुआ समाधान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। शनिवार को प्रयागराज जिले के ग्राम न्यायालय कोरांव में राष्ट्रीय लोक अदालत ग्राम न्यायालय के दंडाधिकारी अभय दीप विश्वकर्मा के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ इस मौके पर दीवानी , क्रिमिनल, डोमेस्टिक समेत 38 मामलों का कुल निस्तारण किया गया इसी में दो मामला घरेलू हिंसा का निस्तारण होना था जिसमें खलीकुन निशा बनाम नासिर अली घरेलू हिंसा का मामला काफी समय से लंबित था दंडाधिकारी ने सूझ बूझकर दोनों का पुनः मिलन करा दिया मौजूद विद्वान अधिवक्तागण ने फूल देकर तालिया बजाकर खुशी का इजहार किए और पुनः से दोनों पति पत्नी को एक छोटे बच्चे को साथ में खुशी खुशी रहने को कहे दोनों पति पत्नी खुशी होकर साथ में अपने घर गए इसी प्रकार साधना मिश्र बनाम आशीष मिश्र का भी इसी तरह एक घरेलू हिंसा मामला विचाराधीन है जिसका आज निस्तारण होना था लेकिन साधना मिश्र को कोर्ट में चक्कर आ गया वह गिर पड़ी आनन फानन में तत्काल एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची तो दंडाधिकारी ने मानवता दिखाते हुए अपने निजी वाहन से तत्काल अस्पताल भेजवाए जिससे उसकी जान बच सकी इस राष्ट्रीय लोक अदालत संपन्न के अवसर पर बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष राम बहादुर सिंह,लक्ष्मी कांत शुक्ल मंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य अधिवक्तागण व ग्राम न्यायालय के स्टाफ पेशकर प्रेम चंद्र, ज्ञानेंद्र , देवेंद्र बड़े बाबू, स्टेनो अवनीश त्रिपाठी मौजूद थे।

# दलित युवक से मारपीट के मामले में 20 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

**अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर अवैध कब्जे के विरोध पर हमला, पुलिस कार्रवाई पर सवाल पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से की हस्तक्षेप कर कानूनी कार्रवाई की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। कौशाम्बी जिले के थाना करारी क्षेत्र के भैला मकदूमपुर गांव में दलित युवक के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें आरोप है कि विधिसम्मत तहरीर दिए जाने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

पीड़ित अनिल कुमार सरोज का कहना है कि उसने गांव में 25 वर्षों से स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप गंदगी फैलाने और भूमि पर अवैध अतिक्रमण के प्रयास का शांतिपूर्वक विरोध किया था। पीड़ित के अनुसार 23 नवंबर 2025 को शिवलोचन पटेल एवं उनके परिजनों द्वारा प्रतिमा स्थल के पास खुदाई कर कब्जे की कोशिश की जा रही थी। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसी दिन थाना करारी में लिखित तहरीर दी गई, किंतु नियमानुसार अभियोग पंजीकृत नहीं किया गया। आरोप है कि इसके पश्चात पीड़ित ने एक सप्ताह के भीतर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर विधिक कार्रवाई की मांग की, परंतु अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। इस बीच आरोपितों द्वारा पीड़ित को लगातार धमकियां दी जा रही हैं तथा उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी दी जा रही है, जिससे उसकी सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई जा रही है। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 1991 में संबंधित व्यक्तियों को एक-एक बिस्वा भूमि का आवंटन हुआ था, जबकि आरोप है कि उन्होंने उससे कहीं अधिक 6- 7 बिसुवा भूमि पर निर्माण कर लिया है। बाबा साहब की प्रतिमा दो बिस्वा भूमि पर स्थापित है, जिस पर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित अनिल कुमार सरोज ने उच्चाधिकारियों से प्रकरण का संज्ञान लेते हुए नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने, भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# माघ मेला 2026 में शास्त्रीय संग नई पीढ़ी के भक्ति संगीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। माघ मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार शास्त्रीय, दार्शनिक संगीत के साथ-साथ नई पीढ़ी में लोकप्रिय भक्ति संगीत सुनने का अवसर मिलेगा।

इसी योजना को लेकर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई-ट्रिपल-सी सभागार में संबंधित विभागों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लखनऊ से संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।बैठक में निर्णय लिया गया कि युवाओं के बीच प्रचलित नए भक्ति संगीत कलाकारों को मंच देने के लिए एक सूची तैयार की जाएगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ भारतीय संगीत व लोकधुनों को प्रस्तुत करने वाले नए कलाकारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाए।मेला अवधि में लगभग 30 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें एनसीजेडसीसी द्वारा 12 दिनों का आयोजन किया जाएगा, जबकि शेष दिनों में संस्कृति विभाग कार्यक्रम कराएगा। पर्यटन निगम द्वारा कलाग्राम का आयोजन किया जाएगा।बैठक में एनसीजेडसीसी के निदेशक सुदेश शर्मा, संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक रेनू रंग भारती, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला, अभिनव पाठक तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के पश्चात मंडलायुक्त ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त मंच स्थल निर्धारित करने के उद्देश्य से परेड ग्राउंड सेक्टर-1 एवं अरैल सेक्टर-7 के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण भी किया।

# प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नन्द कुमार मिश्रा ने की। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नन्द कुमार मिश्रा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा समाजहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में जिला महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ला ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी महीनों में प्रस्तावित कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदस्यता अभियान को तेज करने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन पर जोर दिया।इस अवसर पर लखीमपुर नगर अध्यक्ष हरिनाम अवस्थी और नगर महामंत्री निशित मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का कार्य निरंतर किया जाएगा।बैठक में संगठन के अन्य सदस्य अभिषेक शुक्ला, ओमनारायन शुक्ला, दीपक तिवारी, बिकेश कुमार मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।अंत में बैठक का समापन राष्ट्रहित और समाजहित में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

## नोडल अधिकारी ने करनपुर में ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं

रायबरेली । नोडल अधिकारी जनपद/प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में वि0खण्ड बछरावां की ग्राम पंचायत करनपुर में विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में नोडल अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या के समाधान के संबंध में भी चर्चा की।

## ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे कुचलकर युवक की मौत

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दिल दहलादेने वाला सड़क हादसा हो गया।तालगांव थाना क्षेत्र के कैमहरा गांव निवासी दिनेश यादव पुत्र बनवारी लाल 35 वर्ष शनिवार सुबह अपने ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर हरगांव चीनी मिल गए थे। शाम को मिल से घर लौटते समय हरगांव थाना क्षेत्र के मेवारामनगर पुल से मेंहदीपुरवा मार्ग पर पूसूपुरवा मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया।बताया जा रहा कि ट्रैक्टर ट्रॉली को अनियंत्रित देख दिनेश अपनी जान बचाने के लिए ट्रैक्टर से कूद पड़े।दिनेश के कूदने पर ट्रैक्टर में पैर फंस जाने से वहीं पर गिर गए और ट्रॉली ऊपर से निकल जाने से सिर कुचल गया।ट्रॉली के नीचे कुचलने से दिनेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-198**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है –

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-198, कार्य का नाम :**पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल : ऐशबाग – ऐशबाग कोचिंग डिपो में नई मशीनीकृत लॉन्ड्री का निर्माण चरण–II, **अनुमानित लागत :** रु. 12,92,10,969.50, **अग्रिम धन :** रु. 7,96,100.00, **समापन अवधि :**09 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-198 के लिए ई-निविदा दिनांक 06.01.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**मुजाधि/डब्ल्यू-369**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने तेज की तैयारियां

**नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन दिनांक 25 दिसंबर 2025 के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है।

इसी क्रम में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने श्रद्धेय अटल बिहारी प्रेरणा स्थल एवं उसके आसपास स्थित संपर्क मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त ने सबसे पहले बंधा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क की नियमित सफाई के साथ-साथ बंधा रोड से लगे प्लाटों की भी गुणात्मक एवं गहन सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान क्षेत्र स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित दिखाई दे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।इसके उपरांत घैला पुल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने घैला पुल की साफ-सफाई के साथ-साथ आवंती बाई चौराहा एवं जॉगर्स पार्क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही इन क्षेत्रों से लगे प्लाटों की सफाई भी 17 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने जोन-6 के जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मोबाइल टॉयलेट, पेयजल के लिए पानी के टैंकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एलएसए टीम के सहयोग से पर्याप्त संख्या में रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती तथा प्रत्येक पार्किंग स्थल पर सफाई मित्रों के साथ कूड़ेदानों (बिन्स) की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है और शहर की स्वच्छता, यातायात एवं नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# लाइट, कैमरा, बचपन थीम पर सम्पन्न हुआ टेंडर हार्ट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । टेंडर हार्ट्स स्कूल जानकीपुरम एवं महानगर ब्रांच लखनऊ का वार्षिकोत्सव शनिवार को लाइट, कैमरा, बचपन थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को मंच प्रदान करना था। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात छात्रों ने नृत्य तथा फिल्मी दृश्यावलियों के माध्यम से बचपन की मासूमियत, रंग और उमंग को मंच पर जीवंत कर दिया। लाइट, कैमरा, बचपन पर आधारित विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों को उनके अपने बचपन की यादों से जोड़ा। शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि बच्चों की सर्वांगीण प्रतिभा विकास का उत्कृष्ट केंद्र भी है। वहीं इस मौके पर मौजूद अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास और मंच कौशल की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका रूपा खन्ना, रश्मिता खन्ना, निदेशक हर्ष खन्ना, ऋषि खन्ना, प्रधानाचार्या प्रिया नंदा उपस्थित रहीं।

# दुबग्गा में चोरों का आतंक, पुलिस चौकी के सामने से बाइक चोरी,एफआईआर दर्ज नहीं

**चोरी की यह घटना पुलिस चौकी के ठीक सामने हुई। इसके बावजूद पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे का है। जब दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अंधे की चौकी के सामने स्थित गुलजार होटल के पास से अज्ञात चोरों ने एक व्हाइट टीवीएस अपाचे बाइक चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए।

हैरानी की बात यह है कि चोरी की यह घटना पुलिस चौकी के ठीक सामने हुई। इसके बावजूद पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी। चोरी गई बाइक का नंबर ठ्घ्34 इक्क7968 है, जो मोहम्मद वारिस, पुत्र वसादुल्लाह, निवासी असादुल्लाह गढ़िया हसनपुर के नाम से पंजीकृत है।पीड़ित मोहम्मद वारिस अपने कज़न के घर रहकर एक निजी कंपनी में काम करते थे। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद वह खाना खाने गुलजार होटल गए थे। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई और पीड़ित तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचा, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तहरीर तो ले ली। परंतु अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दुबग्गा और आसपास के क्षेत्रों में कई मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनके मामले केवल फाइलों में दबकर रह गए। लोगों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज न कर पुलिस एक तरह से अपराधियों को संरक्षण दे रही है।लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसे में टावर कर्मी की मौत, एक युवक गंभीर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हादसे में बृजेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया**

मोहनलालगंज, लखनऊ । रायबरेली राजमार्ग पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मोहनलालगंज से करीब पांच किलोमीटर आगे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कन्नौज जनपद के गोशाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महौना निवासी बृजेश कुमार पुत्र विश्राम सिंह बीती 6 दिसंबर की रात करीब 10 बजकर 35 मिनट पर बाइक से आजमगढ़ की ओर जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ सोनू पुत्र पप्पू भी सवार था। इसी दौरान लखनऊ-रायबरेली राजमार्ग पर उनकी बाइक संख्या UP 74 AJ 5461 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बृजेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेजा। बाद में परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिजन मेडिकल कॉलेज से शव लेकर अपने पैतृक गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार किया। परिजनों ने बताया कि मृतक बृजेश कुमार टावर लगाने का कार्य करता था और किसी ठेकेदार के अधीन कार्यरत था, जिसका नाम अजय बताया गया है। मामले में पुलिस द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# निगोहा प्रीमियर लीग सीजन–2 में क्रिकेट का रोमांच चरम पर, उतरावां व नीलमथा ने दर्ज की शानदार जीत



निगोंहा, लखनऊ। निगोहा के एसएनटी मैदान में आयोजित निगोहा प्रीमियर लीग सीजनऽ2 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन दर्शकों को जबरदस्त क्रिकेट रोमांच देखने को मिला। टूर्नामेंट के तहत खेले गए दोनों मुकाबले एकतरफा रहे, लेकिन खिलाड़ियों के जोश और उत्साह ने माहौल को जीवंत बनाए रखा। दूसरे दिन का पहला मुकाबला उतरावां बनाम सुदौली के बीच खेला गया। उतरावां टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में सुदौली की टीम दबाव में आकर 79 रन पर ऑलआउट हो गई। शानदार खेल का प्रदर्शन करने पर रजत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला नीलमथा और बाबू खेड़ा के बीच खेला गया। नीलमथा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबू खेड़ा की टीम 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शिवम को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच के दौरान कार्यक्रम के आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किसान नेता ऋषि मिश्रा एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने टॉस उछालकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू एवं सर्वेश बाजपेई ने बताया कि टूर्नामेंट का फ़ेसबुक के माध्यम से लाइव प्रसारण लगातार किया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के क्रिकेट प्रेमी भी मुकाबलों का आनंद ले रहे हैं। निगोहा प्रीमियर लीग सीजन-2 क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

# समाधान दिवस में पहुंचने 14 जमीनी विवाद, 3 का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** गोसाईगंज कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालने वाले दरोगा फूल सिंह ने बताया कि 14 लोगो द्वारा शिकायत पत्र दिए गए जिनमें 3 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 11 का निस्तारण राजस्व विभाग से मिलकर किया जाएगा।गोसाईगंज में संपन्न हुआ थाना दिवस में देखने को मिला कि कार्यक्रम को एक दरोगा और कुछ लेखपाल ही मौक पर मौजूद रहे।ब्लॉक, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग,नगर पंचायत या किसी भी ग्राम पंचायत का कोई भी जिम्मेदार नजर नहीं आया। मौके पर ज्यादातर कुर्सियां खाली पड़ी रही। इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि थाना दिवस की स्थित क्या बन गई है।लोगो को कहते हुए सुना गया कि यदि यही स्थिति रही तो आम लोगो की समस्याओं का निस्तारण किस प्रकार हो पाएगा। उन लोगों के मुंह से यह बात भी कही गई कि अब थाना दिवस बच्चों के खिलवाड़ जैसा कार्यक्रम बन कर रह गया है। शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाता है।पीड़ितों का आने जाने में समय नष्ट कराया जाता है।

# खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

**निगोहां व बछरावां शाखा के छात्र–छात्राओं ने दिखाया खेल प्रतिभा का दमखम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहा, लखनऊ। निगोहां स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस खेल महोत्सव में मॉडर्न पब्लिक स्कूल निगोहा एवं बछरावां शाखा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीते 8 दिसंबर को विद्यालय निदेशक पृथ्वीराज व प्रबंधक हरिहर चौरसिया एवं त्रिलोकी नाथ द्वारा फीता काटकर किया गया था। छः दिवसीय प्रतियोगिता में मेंढक दौड़, कप बैलेंसिंग, खरगोश दौड़, गुब्बारा प्रतियोगिता, मगरमच्छ दौड़, खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी तथा क्रिकेट जैसी रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खो-खो व रस्साकसी प्रतियोगिता में निगोहा टीम ने विजय हासिल की, जबकि कबड्डी में बछरावां टीम विजेता रही। रस्साकसी में अजिता बाजपेई की अहम भूमिका रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में निगोहा टीम 'ए' ने निगोहा टीम 'बी' को पराजित कर जीत दर्ज की। इस मैच में नैतिक चौरसिया एंड टीम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जबकि दक्ष सिंह को बेस्ट गेंदबाज और अब्दुल को बेस्ट बैट्समैन चुना गया। वहीं बछरावां मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 एवं कक्षा 12 के छात्रों के बीच खेले गए क्रिकेट मुकाबले में कक्षा 12 के छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 92 रन का लक्ष्य रखा। कक्षा 9 के छात्रों ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में मुजम्मिल एंड टीम को मैन ऑफ द मैच, अबुजार को बेस्ट गेंदबाज तथा आर्यन सिंह को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा शर्मा सहित जेबा जरीन, रिया सिंह, शिक्षा बाजपेई, ज्योति यादव, अर्पितानंदा, हेमलता, कमलजीत, अनीता पांडेय, जितेन्द्र शुक्ला, बी.एन. यादव, मीना खन्ना, स्वाति सिंह, वंदना मिश्रा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 94,52,394 वादों का निस्तारण

लखनऊ। माननीय न्यायमूर्ति विकम नाथ, न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (गइख्रट्टइ), माननीय न्यायमूर्ति अरूण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (UPSLSA) के मार्गदर्शन तथा माननीय न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं कार्यपालक अध्यक्ष, UPSLSA के कुशल निर्देशन में शनिवार दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।प्रदेश के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सायं 07:00 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उत्तर प्रदेश में कुल 94,52,394 वादों का निस्तारण किया गया। इनमें प्री-लिटिगेशन श्रेणी के 86,93,432 वाद तथा न्यायालयों में लम्बित 7,58,962 वाद शामिल हैं। यह आयोजन न्याय सुलभता, त्वरित न्याय एवं आपसी सुलह के माध्यम से विवाद समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया है।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनहित से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से आमजन को सरल, सस्ता एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया गया। लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण की अंतिम संख्या अभी प्रतीक्षित है, जिसे प्राप्त होते ही पृथक से अवगत कराया जाएगा।

# आँचलिक विज्ञान केंद्र मे मनाया गया मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ । विज्ञान के साथ शक्तिकरण-जागरुक बालिका,सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य से आज अलीगंज पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत अलीगंज स्थित आँचलिक विज्ञान केंद्र मे घूमने आये बच्चों को जागरूक किया गया। इस मौके पर अलीगंज पुलिस द्वारा पिंक बूथ,पिंक स्कूटी,हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया गया व इसके बारे मे विस्तार से चर्चा भी की गई।आपको बता दे कि पुलिस आयुक्त के दिशा निर्देश पर 54 थानो मे पिंक बूथ की स्थापना की जा चुकी है जो महोलाओं को उनका अधिकार दिलाने मे तत्परता से कार्य कर रही है।

# आपदा से निपटने को तैयार लखनऊ सिविल डिफेंस के 90 नए प्रशिक्षित स्वयंसेवक

**गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मून हॉल में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक किसी भी आपदा से निपटने में सक्षम है। ये बात लखनऊ सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चंद्र गुप्ता ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रशिक्षार्थियों के समक्ष तारीफ करते हुए कही। स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर लखनऊ सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार व चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने मुख्य अतिथि ज्ञान चंद्र गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ का बुके देकर स्वागत किया।

तत्पश्चात कार्यालय नागरिक सुरक्षा लखनऊ की तरफ से स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। गौरतलब है कि इन दिनों गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मून हॉल में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमआयोजित किया जा रहा है। जिसमें 90-90 स्वयंसेवकों के सात सात दिन के कुल 4 बैच आयोजित होंगे, इस प्रकार पूरे लखनऊ सिविल डिफेंस से कुल 360 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा दिया गया है। लखनऊ सिविल डिफेंस के अधिकारी सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने बताया कि अपर जिलाधिकारी पूर्वी महेंद्र पाल सिंह के दिशा निर्देशन में सुचारू रूप से अब तक दो बैच चलाए जा चुके हैं, जिसमें 180 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। तीसरा बैच आगामी सोमवार 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा और 22 दिसंबर को समाप्त होगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, ममता रानी, रेखा पांडेय, मुकेश कुमार, स्टाफ अफसर ऋतुराज रस्तोगी, नफीस अहमद, ऐश्वर्य, मनोज कुमार वर्मा, कमलेश शुक्ला, नफीस, पंकज पंत, अम्बेश दुबे, अजय, समीक्षा, फैसल, फरीद ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ का विरोध प्रदर्शन जारी, नहीं कोई सुनवाई

**ग्राम पंचायत में तैनात सचिवों को मोटरसाइकिल के युग में 100 व 200 साइकिल भत्ता दिए जाने का विरोध**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व, समन्वय समिति के निर्देश पर बीते 10 दिसंबर 2025 से साईकिल से समस्त विकासखंड के सचिवों ने एक सांकेतिक सत्याग्रह के रूप में विरोध दर्ज करना शुरू किया था जो अभी भी लगातार जारी है।

ग्राम पंचायत में तैनात सचिवों को मोटरसाइकिल के युग में 100 व 200 साइकिल भत्ता दिए जाने के विरोध में सभी सचिव विकासखंड साइकिल चलाकर पहुंच रहे तथा समस्त सचिव फील्ड में भी सरकारी योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए केवल साइकिल का ही प्रयोग करेंगे तथा साइकिल से ही भ्रमण कर रहे हैं। यह पहला सरकारी कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के साथ-साथ साइकिल भत्ता मिलने के प्रति विरोध है। ग्राम विकास अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष ललित कुमार गौतम ने कहा कि ग्राम पंचायत में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शासन व उनके विभाग के द्वारा दफ्द्द नंबर उपलब्ध कराया गया है जबकि सचिव ग्राम पंचायत का नोडल अधिकारी अथवा ग्राम पंचायत का प्रथम जिम्मेदार अधिकारी होता है उसे आज तक ना ही किसी भी प्रकार का सीयूजी नंबर उपलब्ध कराया गया है और ना ही फोन उपलब्ध कराया गया है और उच्च अधिकारियों के द्वारा निर्देश दिए जाते हैं कि आप तत्काल प्रभाव से अपने ग्राम पंचायत से 5 मिनट के अंदर विकासखंड कार्यालय में व आधे घंटे के अंदर जिला मुख्यालय पर उपस्थित हों । सचिवों ने कहा कि हम लोगों पर अन्य विभागों के कार्य जबरदस्ती करने हेतु थोप दिए जाते हैं।जिसका प्रांतीय नेतृत्व विरोध करता है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को?100 साइकिल भत्ता दिए जाते हैं।हमे जितनी सुविधाएं मिलेंगी उसी के अनुसार कार्य करने पर मजबूर हैं। लगातार साइकिल से अपने खंड विकास कार्यालय आने वाले सरोजिनी नगर ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमित सिंह,अजय चौधरी,विनय कुमार, रेखा सिंह, रोली उपाध्याय, सुजीत राय, प्रियंका गुप्ता, अरविन्द साहू, सोनम मिश्रा, हरिओम पाठक, रमेश वर्मा, सत्य प्रकाश आदि सचिव अपने निवास स्थान से साईकिल से चलकर विकास खंड कार्यालय होते हुए फील्ड कार्यस्थल जा कर विरोध दर्ज करा रहे हैं।

# सकरन की चयनित ग्राम पंचायतों में बेलगाम मनरेगा घोटाला, बगैर मजदूरों के दौड़ रहा रोजगार

**सूत्रों के अनुसार एपीओ के कथित संरक्षण में रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान और तकनीकी सहायकों का गठजोड़ खुलकर खेल रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। विकास खंड सकरन की कुछ चयनित ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भ्रष्टाचार का पर्याय बनती जा रही है। हालात यह हैं कि मजदूर मौके पर नजर नहीं आते, लेकिन कागजों में काम फर्राटे भर रहा है और प्रतिदिन सरकारी धन की मोटी रकम निकाली जा रही है।

सूत्रों के अनुसार एपीओ के कथित संरक्षण में रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान और तकनीकी सहायकों का गठजोड़ खुलकर खेल रहा है। ग्राम पंचायत बरासिंघा, अदवारी, अमिरती, बेलवा, बेलवा बसहिया, नसीरपुर, पतरासा, काजीपुर, रउवापुर नेवादा, इस्माइलपुर, जालिमपुर और उमरा कला में मनरेगा के नाम पर फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा।

बताया जा रहा है कि एनएमएमएस ऐप के माध्यम से फर्जी उपस्थिति दर्ज कर बिना किसी भौतिक कार्य के भुगतान उठाया जा रहा है। मौके पर न तो मजदूर दिखते हैं और न ही कार्य, लेकिन तकनीकी सहायक बिना निरीक्षण के ही एमबी (मेजरमेंट बुक) भरकर भुगतान का रास्ता साफ कर दे रहे हैं।

यह पूरा खेल न सिर्फ जिले के तेज-तर्रार जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.के. के आदेशों की खुली अवहेलना है, बल्कि सुशासन और पारदर्शिता के दावों पर भी करारा तमाचा माना जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं या फिर सब कुछ ऊपर तक मैनेज है?

क्षेत्र के सम्मानित लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो स्थलीय जांच होती है और न ही दोषियों पर कार्रवाई। मनरेगा जैसी गरीबों की जीवनरेखा को लूट का जरिया बना दिया गया है।

### सबसे बड़ा सवाल

आखिर इन ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ों की निष्पक्ष जांच कब होगी?, कब रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान और संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज?, यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह घोटाला और भी गहराता जाएगा, और गरीब मजदूर हक से वंचित होते रहेंगे।

# एसपी ग्रामीण ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगाः एसपी ग्रामीण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना समाधान दिवस पर एसपी के निर्देशन में एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण की अध्यक्षता में थाना सिंधौली में जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाधान दिवस पर एसपी ग्रामीण ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

उन्होंने शेष शिकायतों का ससमय निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। एसपी ग्रामीण ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य पुलिस और प्रशासन के प्रति आमजन के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना, शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान करना और प्रशासन को जनसरोकारों के प्रति अधिक उत्तरदाई बनाना है। इस दौरान एसपी ग्रामीण ने थाना अभिलेखों, शिकायत रजिस्टरों और लंबित विवेचनाओं का गहन निरीक्षण किया और विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की विवेचना शीघ्रता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाए। विवेचनाओं में अनावश्यक विलम्ब न करें। प्रत्येक प्रकरण में विधिक प्रक्रिया का पूर्णता पालन करते हुए पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पुवायां क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक, नायब तहसीलदार पुवायां सहित थाना प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग के अपहरण व दुर्ष्कम का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, बीती 07 नवम्बर को थाना पुवायां क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपहरण और एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को एक युवक भगा-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस विवेचना में जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव सिसोरा निवासी विजय त्रिवेदी उर्फ पोटिया का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने नाबालिग को बरामद करते हुए उसका मेडिकल कराया और पुष्टि होने पर अभियुक्त विजय के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। पुलिस अभियुक्त की तलाश में थी। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुवायां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मुकदमें का वांछित अभियुक्त मोहम्मदी ओवरब्रिज के नीचे कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विजय त्रिवेदी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त विजय त्रिवेदी पर पूर्व में भी थाना बंडा में अपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल, पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक कपिल देव के साथ कां. संदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवसः डीएम व एसपी ने थाना रेउसा में की जनसुनवाई

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना रेउसा में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए।

# नो बैग डे एक्टिविटी के तहत बच्चों ने शहीद पार्क का किया भ्रमण

**यह भ्रमण कार्यक्रम प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बच्चों के मनोरंजन के लिए प्रति सप्ताह नो बैग डे एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसके तहत शनिवार को प्री-प्राइमरी के बच्चे टाउनहाल स्थित शहीद उद्यान भ्रमण के लिए पहुंचे।

यह भ्रमण कार्यक्रम प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें 367 बच्चों ने अपने शिक्षिकाओं के साथ पार्क में भ्रमण किया और अनुशासन व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए पिकनिक का आनंद लिया। इस दौरान बच्चों ने पार्क में स्थित शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शिक्षिकाओं ने बच्चों को देश के लिए दिए गए शहीदों के बलिदान के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों ने पार्क में लगे झूलों के साथ तमाम तरह के खेलों का आनंद लिया और मैत्री भावना से एक- दूसरे के साथ भोजन किया। प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने बताया कि खेलकूद और अपने सहपाठियों के साथ भ्रमण करने तथा पिकनिक मनाने के लिए बच्चे हमेशा उत्साहित रहते हैं। विद्यालय में आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना आती है। भ्रमण के दौरान हरियाली और साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को रिटर्न गिफ्ट में खिलौने और खाद्य सामग्री वितरित की गई। भ्रमण कार्यक्रम तक्षशिला पब्लिक स्कूल की सह संयोजक निधि तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान अर्पणा, राखी, प्रियंका, राधिका, सुरभि, सुशीला, बुशरा, सोनम, अनामिका, आशा, नीलू, प्रीति, एकता, अनुप्रिया, नुजहत आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# मेमोरियल हाल रोड की गुणवत्ता पर डीएम का छापा, घटिया निर्माण पर भुगतान रोका

**जगह–जगह उखड़ती बजड़ी और कमजोर सतह ने निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद लखीमपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन मेमोरियल हाल रोड पर शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल का औचक निरीक्षण ठेकेदारों और अभियंताओं के लिए चेतावनी बन गया। सड़क की हालत देखते ही डीएम नाराज़ हो गईं।

जगह-जगह उखड़ती बजड़ी और कमजोर सतह ने निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। डीएम ने मौके पर ही नगर पालिका के अवर अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता संतोषजनक हुए बिना किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। शिथिल पर्यवेक्षण को गंभीर मानते हुए डीएम ने ईओ का वेतन बाधित करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने तुरंत चूना मंगवाकर सड़क के खराब हिस्सों पर चिन्हांकन कराया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को आज ही सैंपल लेने और सातवें व 14वें दिन दोबारा सैंपल जांच कराने के सख्त आदेश दिए, ताकि निर्माण गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।डीएम ने बाइट्स एंड बियॉन्ड के सामने नाली पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित हो और कहीं भी जल प्रवाह बाधित न हो। विशेष रूप से अंबेडकर तिराहे पर बार-बार होने वाले जलभराव को लेकर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डीएम के निर्देश मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर चिन्हित स्थानों से सैंपल संग्रहित किए और आगे की जांच प्रक्रिया शुरू की।

# कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों के बीमार होने पर डीएम अलर्ट, 24 घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, विकास खण्ड रेउसा में हुए 08 बच्चों के बीमार होने के मामले की गम्भीरता के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने प्रकरण की जाँच हेतु मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.पी. सिंह एवं डा. सोनाली विश्वास को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं कि कि उक्त जांच समिति स्थलीय एवं अभिलेखीय जांचकर अपनी स्पष्ट जाँच आख्या उनको 24 घण्टे के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करे।?कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, विकास खण्ड रेउसा में हुए 08 बच्चों के बीमार होने पर 1 बच्चे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में उपचार कराया गया तथा 7 बच्चों को जिला चिकित्सालय सीतापुर रिफर किया गया। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सीतापुर ने बताया कि जिला चिकित्सालय, सीतापुर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रेउसा, सीतापुर के 7 बच्चे दिनांक 11/12.12.2025 रात्रि लगभग 12:05 बजे सस्पेक्टेड फूड प्वाइजनिंग केस में भर्ती हुये थे, जिसमें 5 बच्चों का इलाज जिला चिकित्सालय सीतापुर में कराया जा रहा है। सभी बच्चों का स्वास्थ्य ठीक है। डा. राकेश कुमार श्रीवास्तव, बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा सभी बच्चो का उपचार किया जा रहा है। स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। 2 बच्चों को बेहतर उपचार हेतु हॉयर सेन्टर लखनऊ रिफर किया गया है। जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा रात्रि में ही जिला चिकित्सालय सीतापुर का भ्रमण कर बच्चों की कुशलक्षेम प्राप्त की गयी व बेहतर उपचार हेतु आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए।

## नैमिषारण्य मे ठंड मे ठिठुरते श्रद्धालु, नगरपालिका प्रशासन ने नही की अलाव की व्यवस्था

ततरोई, नैमिषारण्य। सीतापुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य मे काडके की ठंड के बावजूद नगरपालिका प्रशासन ने अभी तक अलाव की व्यवस्था नही की है इसके चलते देश विदेश से प्रतिदिन आने वाले बड़ी संख्या मे श्रद्धालु ठंड से ठिठुरने को मजबूर है पिछले कई दिनो से क्षेत्र मे सर्द हवाओ के कारण गलन और ठिठुरन भरी ठंड पड रही है श्रद्धालु सुबह चक्रतीर्थ और गोमती नदी मे स्नान पूजन करते है जिससे उन्हे और अधिक परेशानी का सामना करना पड रहा है अलाव की व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालु ठंड से बचने के लिए दुकानदारो की भट्टिया का सहारा लेते दिखाई दे रहे है

## सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर मे भव्यता के साथ आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव



ततरोई नैमिषारण्य। सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर मे भव्यता के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमे मानस पाठ और विशाल भन्डारे का भी आयोजन किया गया विद्यालय मे वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे छात्रो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रो को प्रेरित किया और उनकी उपलब्धिया कार्यो की प्रसंसा की इस कार्यक्रम मे विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमे छात्रो ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि वार्षिकोत्सव एक ऐसा अवसर है जिसमे हम अपने छात्रो की प्रतिभा और उपलब्धि कार्यो का जाश्न मनाते है। हमे छात्रो पर गर्व है और हमे विश्वास है कि ये भविष्य मे सफल होगे। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षको आभिवावक और छात्रो ने भाग लिया सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया और छात्रो की प्रतिभा की प्रशंसा की इस मौके पर उक्त आतिरिक्त सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## 4.16 करोड़ की अनियमितता में बड़ी कार्रवाई, फिर भी जमीनी स्तर पर आदेश बेअसर

लखीमपुर खीरी। जनपद में 4.16 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता के मामले में शासन स्तर पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। बीडीओ बिजुआ और बीडीओ निघासन के वित्तीय अधिकार सीज करते हुए शासन ने दोनों अधिकारियों के डोंगल (डिजिटल हस्ताक्षर) निरस्त कर दिए हैं। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि शासन के सख्त आदेशों के बावजूद जिले के स्तर पर अफसरों की मेहरबानी अब भी बरकरार दिखाई दे रही है।जानकारी के अनुसार बीडीओ बिजुआ महावीर सिंह पर 1.46 करोड़ रुपये के गलत भुगतान का आरोप है, जबकि बीडीओ निघासन जयेश सिंह पर 2.70 करोड़ रुपये के अनियमित भुगतान का मामला सामने आया है। दोनों मामलों को गंभीर मानते हुए शासन ने स्पष्ट कार्रवाई की, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है।सूत्रों के मुताबिक वित्तीय अधिकार सीज होने के बावजूद दोनों अधिकारी ब्लॉक स्तर पर वित्तीय कार्य करते पाए गए। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या शासन के आदेश केवल कागजों तक सीमित हैं। अगर डोंगल निरस्त हो चुके हैं, तो भुगतान और वित्तीय प्रक्रियाएं आखिर कैसे संचालित हो रही हैं। इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किन अधिकारियों के संरक्षण में बीडीओ को बचाने की कोशिश की जा रही है। शासन की कार्रवाई के बाद भी यदि आदेशों की खुलेआम अनदेखी हो रही है, तो जवाबदेही किसकी तय होगी,मामला बेहद गंभीर है और इसमें न सिर्फ करोड़ों रुपये की सरकारी धनराशि जुड़ी है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अफसरों पर वास्तविक कार्रवाई कब होती है और दोषियों को सजा कब मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़ा जन सैलाब समझौतों के बीच दिखी अव्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही अदालत परिसर में समझौतों का सिलसिला चलता रहा और विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लोक अदालत में पहुंचे कई किसान और खाता धारक यह शिकायत करते नजर आए कि उन्हें मिलने वाली छूट की पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही, जिससे वे एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भटकते रहे। जानकारी के अभाव में कई लोगों को समझौता कराने में देर होती दिखाई दी।वहीं यातायात पुलिस, खीरी के काउंटर पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में वाहन स्वामी चालान जमा करने के लिए कतार में खड़े रहे। लंबी लाइन और सीमित काउंटरों के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।गौरतलब है कि सरकार की पहल पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों, विशेषकर एनपीए (गघ्इ) खातों, बैंक ऋण, चालान और अन्य विवादों में भारी छूट देकर समझौते कराए जा रहे हैं। इसी कारण बड़ी संख्या में लोग लोक अदालत का रुख कर रहे हैं।हालांकि, लोगों का कहना है कि यदि सूचना व्यवस्था और काउंटर प्रबंधन बेहतर किया जाए, तो लोक अदालत का उद्देश्य और अधिक प्रभावी रूप से पूरा हो सकता है।

# एसएसबी रोड बनेगी हाई स्टैंडर्ड सीसी सड़क, डीएम ने किया निरीक्षण

**शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और अफसरों की टीम के साथ पूरे मार्ग का स्थलीय व पैदल निरीक्षण किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय की वर्षों पुरानी जन-मांग को आखिरकार ज़मीन पर आकार मिलने लगा है। मिदनिया तिराहा से एसएसबी बटालियन होते हुए शहर सीमा तक जाने वाले व्यस्त मार्ग को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर हाई-स्टैंडर्ड सीसी रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस सड़क को 3 मीटर से बढ़ाकर 5.30 मीटर चौड़ा किया जा रहा है, जिससे यातायात को बड़ी राहत मिलेगी।

शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और अफसरों की टीम के साथ पूरे मार्ग का स्थलीय व पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सड़क की लेवलिंग, ढलाई, गुणवत्ता, रोड कटिंग और कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की और साफ कहा कि निर्माण गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम ने सड़क निर्माण में बाधक बने बिजली पोलों को शीघ्र शिफ्ट करने, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, नालियों की मजबूती और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सड़क सीधे बाईपास से जुड़ेगी, जिससे शहर के भीतर और बाहर यातायात का दबाव कम होगा।

गौरतलब है कि मिदनिया तिराहे से एसएसबी के आगे तक गढ़ी मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण का कार्य अवस्थापना विकास निधि एवं विकास शुल्क निधि से 1.94 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग और पक्की नालियों का निर्माण भी प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी, विद्युत विभाग के एक्सईएन शैलेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध रोहिंग्याओं, गैर राज्यों, बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चला विशेष चैकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। पुलिस द्वारा बड़े सरकार/छोटे सरकार पर अवैध रुप से रह रहे अवैध रोहिंग्याओं तथा गैर राज्यों और बांग्लादेशियों की पहचान के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के आदेशानुसार अवैध रोहिंग्याओं तथा गैर राज्यों और बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक बदायूँ श्री विजयेन्द्र द्विवेदी के निर्देशन में कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बड़े सरकार/छोटे सरकार पर बाहर से/गैर जनपद/गैर राज्यों से आकर अवैध रुप से निवास कर रहे बांग्लादेशी व्यक्तियों की पहचान हेतु विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया तथा उनकी आईडी एवं पहचान पत्र चैक किये गये,इस दौरान अवैध रुप से निवास कर रहे बिना आईडी प्रूफ व्यक्तियों को उनके गन्तव्यों को भेजा गया तथा हिदायत दी गई । इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट श्री सुरेश पाल, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रजनीश कुमार उपाध्याय,प्रभारी एलआईयू,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली/सिविल लाइंस, थाना प्रभारी महिला थाना तथा अन्य अधि0गण/कर्म0गण मौजूद रहे।

# हाईटेक साइकिल का बढ़ा क्रेज, बिक्री हो गई डबल

## ईको फ्रेंडली युवाओं की बनी पहली पसंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिले में पिछले दो वर्षों के भीतर साइकिल बाजार की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां बाजार में साधारण साइकिलें ही ग्राहकों की पहली पसंद होती थीं, वहीं अब युवाओं में हाईटेक साइकिलों का क्रेज बढ़ रहा है। साइकिल व्यापारियों के अनुसार दो साल पहले तक जहां महीने भर में 10-20 हाईटेक मॉडल की बिक्री होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 50-75 तक पहुंच गई है। कई दुकानों पर स्टॉक आते ही मॉडल तुरंत बिक जाते हैं।व्यापारियों का मानना है कि फिटनेस ट्रेंड, मॉडर्न डिजाइन, टिकाऊपन और ऑफ-रोड चलाने की क्षमता युवा पीढ़ी को सबसे ज्यादा आकर्षित कर रही है। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों तक स्थित दुकानों पर हर दिन ग्राहक नए फीचर्स वाली साइकिलों की पूछताछ कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि हाईटेक साइकिलों की मांग अब साधारण मॉडलों की तुलना में लगभग दोगुनी हो चुकी है। बाजार में अब ऐसे मॉडल तेजी से बिक रहे हैं, जिनमें हाइड्रॉलिक शॉकर, फ्रंट एवं रियर डिस्क ब्रेक, मल्टी-गियर सिस्टम, मैग्नीशियम एलॉय रिम, एलईडी लाइटिंग, स्टाइलिश बॉडी और चौड़े टायर जैसी खूबियां शामिल हैं। दुकानदार सन्नी सचदेवा बताते हैं कि युवाओं का रुझान एडवेंचर लुक और कंफर्ट फीचर्स वाली साइकिलों की तरफ ज्यादा है। यही वजह है कि चार हजार से लेकर 18 हजार रुपये तक की रेंजर, एलटीवी और गियर वाली साइकिलें धड़ाधड़ बिक रही हैं। वहीं साधारण साइकिलें अब केवल चार से छह हजार रुपये की रेंज में सीमित होकर रह गईं हैं। स्वास्थ्य व पर्यावरण से साइकिल की तरफ बढ़ा रुझान - केवल फीचर्स ही नहीं, लोग स्वास्थ्य और पर्यावरण को ध्यान में रखकर भी साइकिल खरीद रहे हैं। शहर में बढ़ते ट्रैफिक और पेट्रोल -डीजल के खर्च के बीच युवाओं से लेकर बड़े उम्र के लोग भी साइकिल को एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं। सुबह-शाम साइकिलिंग का चलन बढ़ने से हाईटेक और स्टाइलिश मॉडलों की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अब युवा फीचर्स और लुक को देखकर ही मॉडल चुनते हैं। हाइड्रॉलिक शॉकर, डिस्क ब्रेक और गियर सिस्टम वाली साइकिलें आते ही निकल जाती हैं। हाईटेक मॉडल की बिक्री साधारण साइकिलों की तुलना में बढ़ी है।-मो. असफाक, साइकिल व्यापारी।

# शिकारपुर का रामलीला मैदान बना सौ से अधिक जोड़ों के विवाह का गवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर। शिकारपुर का रामलीला मैदान पहली बार सामूहिक विवाह का गवाह बना है, जिसमें एक सौ से अधिक जोड़े वैदिक मंत्रों के साथ वैवाहिक सूत्र में बंधे। इस सुखद पल को देखने का मौका दूल्हा दुल्हन के गिने-चुने परिजनों को ही नसीब हुआ। कई मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ा गया।

बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का रामलीला मैदान में आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदायों के जोड़ों ने शिरकत की। सुबह से ही रामलीला मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया। विवाह स्थल के बाहर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस के साथ भारी तादात में पुलिस बल तैनात किया गया। सड़क पर जाम लगने से होने वाली परेशानी को देखते हुए पुलिस द्वारा नवीन अनाज मंडी के गेट और खुर्जा बस स्टैंड पर वेरी गेटिंग लगाकर भारी वाहनों को रोक दिया गया था। जिससे जहांगीराबाद से आने वाली बसों को खुर्जा जाने के लिए अनाज मंडी से होकर गुजरना पड़ा।

बुलंदशहर से आने वाले कार सवारों को शिकारपुर में अंदर और खुर्जा जाने के लिए अनाज मंडी के रास्ते का सहारा लेना पड़ा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दूल्हा और दुल्हन के परिवारों द्वारा लाए गए व अन्य वाहनों को पुलिस द्वारा अनाज मंडी परिसर में खड़ा कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पंकज गौतम, नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन राजबाला देवी सैनी, अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग, राज बहादुर सिंह और नत्थी सिंह आदि अनेक लोग मौजूद रहे। नव दंपति को विभिन्न सामान उपलब्ध कराए जाने के क्रम में जिले के सभी विकास खंडों के स्टाल लगे थे। सरकार की ओर से नए दंपत्तियों को अनेक सामान सौंपे गए।

# खेल से बच्चों का होता शारीरिक और मानसिक विकास : क्षेत्रीय महामंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुलतानपुर। रवनियां पूरब अलीगंज स्थित प्रगल्भ पब्लिक स्कूल में जनपदीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा काशी प्रान्त ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

शनिवार को क्षेत्र के प्रगल्भ पब्लिक स्कूल में जनपदीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों जैसे खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, गोला फेंक और जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) के रोचक मुकाबले बच्चों के बीच हुए। प्रतियोगिता में कई स्कूलों सरस्वती विद्या मंदिर, शास्त्री नगर, सुल्तानपुर, एडवांस एकेडमी, अलीगंज, सुलतानपुर, एस.के. प्रेसीडेंसी, ओदरा, सुलतानपुर, एस.एन. पब्लिक स्कूल, मोतिगरपुर प्रगल्भ पब्लिक स्कूल रोशनियां पूरब के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री ने किया। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक दोनों विकास होता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर क्षेत्र और देश का नाम रोशन करते हैं। आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार मिश्रा पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी उपस्थित रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों में शिवाकांत द्विवेदी, राजकीय आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य, जायस राय (बरेली) तथा राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर गोविंद गुप्ता शामिल थे। आयोजन की सफलता में स्कूल प्रबंधक डॉ. वत्सल उपाध्याय तथा प्रधानाचार्या किरन उपाध्याय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकगण मनोज कुमार, कोमल सिंह, पूजा पाठक, प्रदीप उपाध्याय तथा शुभम सिंह ने भी कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभाई। इस खेलकूद प्रतियोगिता ने छात्रों में खेल भावना, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल परिवार ने सभी अतिथियों, प्रतिभागी स्कूलों और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

## अनाथ बच्चों के साथ मनाया अपनी बेटी अक्सा का जन्मदिन

बदायूं। शुक्रवार को जिला अपराध निरोधक कमेटी के सचिव,पदेन जेल विजिटर,शायर एवं पत्रकार मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स अपनी पुत्री अक्सा फात्मा को अपने साथ लेकर एस के इंटर कॉलेज की फील्ड के पास बने अनाथ आश्रम मे पहुंचे और विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अक्सा फातिमा ने अनाथ बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाकर खुशियां साझा की। बच्चे भी बर्थडे गर्ल के साथ काफी खुश नज़र आए।इस दौरान अनिक के जिला सचिव मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स व उनकी पुत्री अक्सा फात्मा ने अनाथ आश्रम के सभी बच्चों को कॉपी, रबर, पेंसिल, शॉपनर,बिस्किट, कुरकुरे, केले आदि वितरित किए।समाजसेवी,शायर व पत्रकार मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने कहा कि हमारी बेटी अक्सा फातिमा कई वर्षों से अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाकर यादगार बना लेती हैं। भोले भाले इन अनाथ बच्चों के साथ रहकर दिल को बहुत सुकून मिलता है। अक्सा फातिमा ने बताया कि वे केंद्रीय विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा हैं। उन्हें इन बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने की प्रेरणा अपने पिता से मिली और दादी कनीज फातिमा, माता नईमा, चाचा बदरुद्दीन, जलाल उद्दीन ने भी हौसला बढ़ाया।इस मौके पर नानी अनवरी बेगम ने भी खूब दुआओं से नवाजा।

## जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

बदायूँ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बदायूं में जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बदायूं में उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य गिरजेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयों के सभी विकासखंड के शिक्षक और शिक्षिकाएं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर महिला संवर्ग में प्रियंका चौहान और पुरुष संवर्ग में पुष्पेंद्र कुमार रहे। निर्णायक मंडल के रूप में योग गुरु श्री गिरधारी सिंह, श्री सोनू पटेल एवं श्रीमती निधि सक्सेना द्वारा निर्णय दिया गया। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य महोदय द्वारा सभी शिक्षकों को निरोगी रहने के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राकेश कुमार और नोडल के रूप में प्रवक्ता श्री दिलीप कुमार द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जनपद की ओर से राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

## गाय के झोंकने के विवाद में दबंगों का कहर, दंपती को पीट-पीटकर किया लहूलुहान

बदायूं। कोतवाली दातागंज क्षेत्र का मामला बताया जाता है जिसमें गाय के झोंकने के विवाद को लेकर हुए झगड़े में दबंगों ने पीड़ित रामपाल एवं उसकी पुत्री पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि पुत्री के बीच बचाव करने पर उसके भी गुम चोटे आयी हैं। पीड़ित रामपाल शर्मा का आरोप है कि ज़ब वे अपनी गाय कों खोल कर ले जा रहे थे, तभी पास से निकल रहा एक दबंग व्यक्ति उन्हें गालियां देने लगा जिसका विरोध करने पर उक्त की पत्नी अमिता व उसके पुत्र एवं पुत्री नातिन इत्यादि दबंगों ने सिर पर डंडा मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब उनकी पुत्री मोहिनी बीच बचाव के लिए पहुंची तो उन पर भी दबंगों ने हमला कर दिया उसे बाल पकड़ कर घसीटा तथा मारपीटा रामपाल कों घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल बदायूं में भर्ती कराया गया है। घटना दातागंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला परा, वार्ड नंबर 3 की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सोने के जेवरात और नकदी चोरी

चंदौसी/बहजोई। शादी समारोह में शामिल होने दिल्ली से आ रही एक महिला का रास्ते में बैग काटकर करीब सात लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली गई। पीड़िता ने दो थानों में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज न होने से वह न्याय के लिए भटक रही है। दिल्ली के प्रीत विहार निवासी कमलेश गुप्ता पत्नी रामनिवास ने बताया कि वह 9 दिसंबर 2025 की सुबह दिल्ली से संभल जनपद के गांव नाधौस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकली थीं। चंदौसी रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद एक मोटे कद-काठी के व्यक्ति ने उन्हें टैंपो में बैठने को कहा। उसके बताए टैंपो पर वह बैठ गईं, जबकि उनका बैग टैंपो की छत पर रख दिया गया। संदिग्ध व्यक्ति स्वयं टैंपो के पीछे लटककर खड़ा हो गया। पीड़िता बहजोई के इस्लामनगर चौराहे पर उतरकर गांव नाधौस पहुंचीं और बैग खोला तो उसमें रखा करीब 50 ग्राम सोने का हार, झुमके और पर्स में रखे 50 हजार रुपये गायब मिले। पीड़िता का आरोप है कि बैग के अंदर कट लगाकर चोरी की गई है। पीड़िता ने पहले कोतवाली बहजोई में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की, लेकिन पुलिस ने मामला चंदौसी कोतवाली क्षेत्र का बताकर टाल दिया। इसके बाद उन्होंने चंदौसी कोतवाली में भी तहरीर दी, जहां जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से जल्द मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना का खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## नगर में जाम की समस्या से भयंकर रोष व्याप्त लोग परेशान, प्रतिदिन ठप हो रही यातायात व्यवस्था जाम को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छिड़ी जंग

पूरनपुर। नगर में जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है लगभग हर दिन मेन रोड़ों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं लोग कई कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं स्कूल से लौटते बच्चों, मरीजों और जरूरी काम से जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है मेनरोडो पर अस्पताल मोड़ से लेकर स्टेशन चौराहा व तिरंगा चौक से कोतवाली तक रेलवे क्रॉसिंग तक जाम रोज की कहानी बन गया है दुकानों के सामने गलत तरीके से खड़े वाहन, रोड तक ठेलों और सब्जी दूकानदारों का कब्जा और बढ़ते ट्रैफिक दबाव से हालात बिगड़ जाते हैं रेलवे गेट बंद होते ही जाम और भी बढ़ जाता है कई बार छोटे वाहन आडे तिरछे फंस जाते हैं इससे सड़क पर दोनों ओर की लाइनें लंबी होती चली जाती हैं ।

# मुठभेड़ में लूट का आरोपी गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल, तमंचा-कारतूस बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके दो साथी मौके से भाग गए। बदायूं जिले में मूसाझाग थाना पुलिस ने लूट व छीनाझपटी की घटनाओं में वांछित चल रहे एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। पुलिस कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके दो साथी मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश पुलिस जुटी है। पुलिस के मुताबिक पांच दिसंबर को थाना मूसाझाग क्षेत्र में लूट और छह दिसंबर को थाना बिसौली क्षेत्र में छीना-झपटी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इन घटनाओं के संबंध में केस दर्ज किए गए थे। इन्हीं मामलों में नामजद वांछित आरोपी उमेश उर्फ छोटा पुत्र सरनाम निवासी मिर्ज़ापुर थाना कैंट, जनपद बरेली को पुलिस ने शुक्रवार देर रात ग्राम गुलड़िया के पास हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पांच दिसंबर को थाना मूसाझाग क्षेत्र में लूट और छह दिसंबर को थाना बिसौली क्षेत्र में छीना-झपटी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इन घटनाओं के संबंध में केस दर्ज किए गए थे। इन्हीं मामलों में नामजद वांछित आरोपी उमेश उर्फ छोटा पुत्र सरनाम निवासी मिर्ज़ापुर थाना कैंट, जनपद बरेली को पुलिस ने शुक्रवार देर रात ग्राम गुलड़िया के पास हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

# कवि टिल्लन वर्मा के जन्मदिन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बीती शाम स्वर्गीय टिल्लन वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार का जन्मदिन जी एस हास्पीटल के तत्वावधान में साहित्यकार एवं परिवार के लोगों ने बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमें एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता ओम प्रकाश सर्राफ उर्फ पप्पी द्वारा की गई और संचालन शायर विवेक चतुर्वेदी द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती आरती वर्मा पत्नी स्व टिल्लन वर्मा उपस्थित रही। गोष्ठी का प्रारंभ सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया उसके बाद निम्न कवियों व शायरों ने अपना काव्य पाठ किया। बोले विवेक चतुर्वेदी- दशरथ की इच्छा राम को वनवास देती है। संभालने का अवसर भी किसी की प्यास देती है।। दोबारा से खड़े होने का मन यूं ही नहीं बनता यह टूटी हुई हिम्मत भी हमें आस देती है। हास्य कवि शैलेंद्र घायल बोले-बेटी को मत मारिए यह आंगन का दीप। बेटी से संसार है ज्यों सागर में शीप। शायर वारिस बदायूनी ने सुनाया-सॉन्ग में बस्ती डूब जाती है । जब भी टिल्लन की याद आती है। डॉ गीतम सिंह ने कुछ यूं फरमाया -आशिकी को छोड़कर हम सादगी करने लगे। आम चर्चा आदमी भी अब सभी करने लगे।। अनिल वार्ष्णेय बोले-हर पेज पर चाहिए पेश कार को घूस। मुंशिफ बैठा देखता पेशकार है खडूस।। गोष्ठी में अनिल कुमार गुप्ता उर्फ टिन्नु ,डॉ. विकास प्रजापति आकाश, हंसराज, रामपाल एडवोकेट, डॉ. प्रभाकर मिश्रा , संजीव सक्सेना अमर, श्रीमती रीता शर्मा श्रीमती अरूणा कुमारी,वीर पाल आदि उपस्थित रहे। कवि टिल्लन वर्मा के जन्मदिन पर सभी ने केक काटकर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## असलहा का लाइसेंस लेने के लिए चेयरमैन ने खुद करवाई थी फायरिंग, चार पकड़े गए

जौनपुर। जिले के मछली शहर थाना क्षेत्र में रहने वाले चेयरमैन संजय जायसवाल के घर पर हुई फायरिंग मामले में शनिवार को चार लोग पकड़े गए हैं। इनमे एक बाल अपचारी शामिल है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए आरोपितों में पहसना निवासी निर्देश सिह उर्फ जुम्मन, अरूआवा निवासी हिमांशू मिश्रा उर्फ छोटू, संदहा का रहने वाला कुशल मिश्रा और एक नाबालिग है। इनके पास से अवैध असलहा ,कारतूस व तीन बाइक बरामद हुई हैं।

आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि चेयरमैन मछलीशहर संजय जायसवाल असलहा का लाइसेंस लेने के लिए एक लाख रुपये देकर अपने घर पर फायरिंग करवाई थी। क्योंकि उस समय उनके भाई से विवाद चल रहा था।

एएसपी ने बताया कि यह घटना इसी साल 23 फरवरी को हुई थी। इस मामले में मछलीशहर थाने में मुकदमा भी दर्ज हैं, जिसके बाद पुलिस गहनता से जांच कर रही थी। इस मामले में चेयरमैन संजय जायसवाल से भी पूछताछ की जाएगी ।

# बीएलओ/बीएलए की बैठक सदर तहसील सभागार में, मतदाता सूची की गहन जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत तहसील सभागार में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने की। बैठक में नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने बीएलओ एवं बीएलए को निर्देशित किया कि मतदाता सूची का गहन एवं निष्पक्ष सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सूची के आधार पर यह जांच की जाए कि कितने मतदाता अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं, कितने मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है तथा कितने मतदाताओं के नाम दो अलग-अलग स्थानों पर दर्ज हैं। ऐसे सभी मामलों की स्थलीय जांच कर समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक के दौरान बीएलओ/बीएलए को संबंधित मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाया जाएगा। इसी क्रम में निर्वाचन कार्यालय द्वारा बीएलए विवरण संकलन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र जारी किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक मतदेय स्थल पर नियुक्त बीएलए की पूरी जानकारी भरकर जमा करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रपत्र में बीएलए के हस्ताक्षर, नाम/पदनाम, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का नाम तथा संबंधित मतदेय स्थल की संख्या व नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना आवश्यक है। एक ही मतदेय स्थल पर अधिकृत एजेंटों की सूची अलग-अलग क्रमांक में भरी जाएगी, ताकि सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। प्रपत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों-जैसे नाम जोड़ना, संशोधन, विलोपन एवं अन्य दावे-आपत्तियों-के लिए अधिकृत एजेंटों की सूची समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना आवश्यक है।

# एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने किया थाना गोला का वार्षिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। आज अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन द्वारा थाना गोला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना स्तर पर संचालित प्रशासनिक, विधिक एवं जनसुनवाई से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण का उद्देश्य थाना कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितैषी बनाना रहा।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने थाने पर संधारित जनसुनवाई रजिस्टर, महिला अपराध रजिस्टर, अपराध रजिस्टर संख्या-04, मालखाना रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को गहनता से चेक किया। उन्होंने रजिस्टरों में प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति, क्रमबद्धता तथा विधिक मानकों के अनुरूप संधारण पर विशेष ध्यान दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख समय से अपडेट हों तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात एडीजी जोन द्वारा थाना मालखाना का निरीक्षण किया गया। मालखाने में मौजूद शस्त्र, कारतूस, मुकदमाती माल, जब्त वाहन एवं अन्य सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने मालखाने में रखे सामान की सुरक्षा, रख-रखाव एवं रिकॉर्ड मिलान की स्थिति का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मुकदमाती माल का संरक्षण पूरी सतर्कता के साथ किया जाए और निर्धारित नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित हो। निरीक्षण के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक ने संपूर्ण थाना परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय कक्षों की व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की सुविधा तथा थाने में खड़े वाहनों की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और अनुशासित बनाए रखने, वाहनों के बेहतर रख-रखाव तथा अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को नियमानुसार निस्तारित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर द्वारा थाने पर आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जनसुनवाई को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार सहित थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के अंत में एडीजी जोन ने स्पष्ट किया कि थाना स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता एवं जनसेवा की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आम जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## काशी तमिल संगमम-4: तमिल महिलाओं के दल ने हनुमानघाट पर गंगा में लगाई डुबकी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण में भाग लेने तमिलनाडु से आए छठें महिलाओं के दल ने शनिवार को हनुमान घाट पर पवित्र गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। महिलाओं ने गंगा में स्नान कर मां गंगा का पूजन कर घर परिवार और देश में सुख समृद्धि की अर्जी लगाई। इसके बाद महिलाओं ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। सभी लोगों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता,भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत महिलाएं हनुमान घाट स्थित तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती के घर पहुंची। वहां उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। महिलाओं ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया ।

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में संपन्न हुआ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । एआई से बदल रही है दुनियाँ की तस्वीर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के युग में एआई जैसी नई तकनीक ने क्रांति ला दी है समुद्र की गहरा ई से अंतरिक्ष तक,इंजीनियरिंग मेडिकल साइंस इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, उद्यमिता, बिजनेस स भी क्षेत्रों में एआई का प्रयोग तेजी से बढ़ता जा रहा है ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल लिटरे सी की ओर उन्मुख होना होगा उक्त बातें श्री ला ल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता शा स्त्री सभागार में व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के भ विष्य को संवारता एआई ,उद्यमिता एवं सतत विकास '' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कंफ्रेंस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रबंध तंत्र के सचिव उमेश शाह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बीपी सिंह ने किया आई क्यूँ एसी के समन्वयक प्रो.जितेंद्र सिंह ने समापन समारोह में आए सभी



अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया साथ ही भौतिक विज्ञान में ए आई की दक्षता एवं उद्यमिता के भविष्य पर प्रकाश डाला बी बी ए विभागाध्यक्ष डॉ शैलजा सिंह ने सफल मंच संचालन किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्मृति शिशिर ने किया।समापन समारोह से पहले प्रात दस से तृतीय टेक्निकल सत्र में डॉक्टर अनूप सिंह,अध्यक्ष डीएएमए न्यूजीलैंड ने कंप्यू टर विजन,मशीन लर्निंग,रोबोटिक,नेचुरल लैंग्वे ज प्रोसेसिंग ,नवाचार विषय पर विस्तार से च र्चा की और एआई के ज्ञान को आवश्यक बता या वही नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी वारंगल प्रो.उमा माहेश्वर राय ने मल्टी कंपोनेंट एलॉय डिजाइन में मशीन लर्निंग पर प्रकाश डाला, नैशनल एकेडेमीआफ़ हायर एजुकेशन के प्रो.राघवेंद्र नायक ने एआई को नए कौशल का ब्लूप्रिंट बताया,तीसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो संजय पांडे एवं सह अध्यक्षता प्रो.अरविंद कुमा र शर्मा ने किया जबकि डॉ .मनीष कुमार शर्मा प्रतिवेदक रहे वहीं चौथे टेक्निकल सत्र की अ ध्यक्षता प्रो.अभय श्रीवास्तव ने की सहअध्यक्ष डॉ.रेखा शर्मा रही जबकि प्रतिवेदक डॉ.अवधेश वर्मा रहे।चौथे सत्र के मुख्य वक्ता चित्तरा विश्व विद्यालय पंजाब के डॉ.दिव्यांश कुमार एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ पवन कुमार चौरसिया रहे।दो दिवसीय कंफ्रेंस में मुख्य नियंता प्रो.अमन चंद्र प्रो.संदीप कुमार श्रीवास्तव ,प्रो.शशि बाला डॉ.चमन कौर, डॉ. संतोष श्रीवास्तव डॉ.वंदना भारतीय डॉ.शिशिर त्रिपाठी,डॉ.स्मिता सिंह डॉ.मनोज मिश्रा डॉ. स्मृति शिशिर, डॉक्टर मुक्ता टंडन , डॉ अंकित मौर्य,राकेश मिश्रा,विजय सिंह एवं मुक्ताराम का सहयोग सराहनीय रहा दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में छह सौ प्रतिभागियों ने सहभागिता की सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षक नेता पर गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू, डीएम को भेजी गई फाइल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । वित्त लेखा विभाग बेसिक में फैले भ्रष्टाचा र को लेकर आवाज उठाने वाले विशिष्ट बीटी सी शिक्षक वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई है।पुलिस ने इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट को पत्रावली भेजी है।यह कार्रवाई तब हो रही है जब अनूप सिंह को एक पुराने मामले में उच्च न्यायालय से स्थगन आदे श मिला हुआ है।अनूप सिंह के खिलाफ सोलह अप्रैल को अपहरण सहित कई धाराओं में मुक दमा दर्ज किया गया था।इस मामले में लखनऊ उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने पांच दिसंबर को अगली सुनवाई तक स्थगन आदेश दिया था,मा मले की अगली सुनवाई फरवरी 2026 में निर्धा रित है,इसके बावजूद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई प्रस्तावित की है।इस जानकारी के बाद शिक्षक संगठनों में नाराजगी है।शिक्षक सं गठन के सदस्यों ने गोंडा कलेक्ट्रेट के प्रशास निक अधिकारी से



मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को रोकने की मांग की है।सुनील सिंह ने गोंडा जिला मजिस्ट्रेट को एक शिकायती पत्र भी दिया है, जिसमें गैंगस्टर की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।उन्होंने आरोप लगाया कि जिस दिन की घटना बताई जा रही है,उस दिन वे घर पर मौजूद नहीं थे और मुकदमा गलत तरीके से दर्ज किया गया है।सुनील सिंह ने यह भी कहा कि पुलिस उनके घर से सीसीटीवी फुटेज ले गई थी, जिसमें सारे साक्ष्य मौजूद थे। कई बार हम लोगों द्वारा मांग की गई लेकिन फिर भी पुलिस द्वारा उसे नहीं दिया गया है और बिना जांच किए और अब गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।गोंडा शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक सतीश पांडे ने इस कार्रवाई को भ्रष्टा चार के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति के लिए गलत बताया है।उन्होंने कहा कि ज्ञापन सौंपने के बाद उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिला है।जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।सहसंयोजक गौरव पांडे ने कहा कि भ्रष्टाचार की आवाज उठाने पर ही इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है जो की पूरी तरीके से गलत है।अटेवा जिला अध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि अगर यह का र्रवाई नहीं रुकी तो हम लोगों द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा क्योंकि इस तरीके से कोई गलत कार्रवाई नहीं कर सकता है।

# छोटे बच्चों के लिए शाला पूर्व शिक्षा तथा लक्षित महिलाओं के स्वास्थ्य का आधार हैं आंगनबाड़ी केन्द्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । जनपद बहराइच में मनरेगा/पंचायतीराज/आईसीडीएस के कन्वर्जेन्स से ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित बाल विकास योजना के अन्तर्गत ईसीसीई (शाला पूर्व शिक्षा) को आम जनमानस एवं प्री स्कूलिंग को सुगम बनाने हेतु आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है। जनपद बहराइच में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 41 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 39 कुल 80 भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए 70 आंगनबाडी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 52 आंगनबाडी केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु स्थल का चिन्हांकन कराते हुये प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रदेश के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय को प्रेषित किया गया है।



आंगनबाडी केन्द्र भवन के निर्माण से आम जनमानस एवं 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शाला पूर्व शिक्षा ग्राम पंचायत में ही सुगमता के साथ उपलब्ध हो सकेगा। पूर्व से निर्मित आंगनबाडी केन्द्रों को क्रमिक रूप से 'सक्षम' आंगनबाडी योजना के अन्तर्गत चयनित कर हुये अपग्रेडेशन कराते हुये इन केन्द्रों को स्मार्ट आंगनबाडी केन्द्र के रूप में एलईडी टीवी लगायी गयी है, स्वच्छ पेयजल हेतु आरओ प्लान्ट लगाये गये हैं, भूगर्भजल उन्नयन हेतु रेनवाटर हार्वेस्टिंग, आमजनमानस, गर्भवती धात्री महिलाओं एवं बच्चों की पोषण एवं स्वास्थ्य हेतु पोषण वाटिका का निर्माण कराया गया है।

आंगनबाडी केन्द्र भवन के निर्माण हो जाने से जहां आम जनमानस एवं छोटे बच्चों को जहां एक ओर सुलभतः से शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त हो रही है, वही दूसरी ओर इन केन्द्रों के माध्यम से सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कैम्प लगाने हेतु स्थल भी सुलभ हो गया है। इन केन्द्रों पर ग्रामीण जनता को विभिन्न योजनाओं के लाभ मौके पर ही दिलाने का कार्य कराया जा रहा है। आंगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण हो जाने से आमजनमानस एवं छोटे बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा गर्भवती महिलाओं व अन्य लक्षित लाभार्थियों को निःशुल्क पोषाहार, पोषण स्वास्थ्य की उपलब्धता के साथ अन्य विकास योजनाओं का लाभ मिलना सुलभ हो गया है। इसी प्रकार के प्रेरणादायी कार्य भविष्य में कराये जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी एवं आमजन में सरकार की विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार को आसान बनाया जा सकेगा।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मानव जीवन में समय सीमा जरूरी : रमेश भाई शुक्ल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । सीता की खोज के लिए वानर सेना को चारों दिशाओं में भेजते समय सुग्रीव ने पता लगाकर वापस आने के लिए एक माह का समय निश्चित कर दिया था क्योंकि उन्हें पता था कि ऐसा न करके से सीता की तलाश लंबे समय तक खिंच सकती है। इसी प्रकार से हमें अपने जीवन में भी किसी लक्ष्य को पाने के लिए एक निश्चित समय सीमा अवश्य तय करना होगा। यह बात अखिल भारतीय श्री रामनाम जागरण मंच के तत्वावधान में आवास विकास कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई शुक्ल ने कही।कथावाचक ने कहा कि मनुष्य जब भी भक्ति की खोज में निकलता है, तो उसके मार्ग में चार प्रकार की प्रमुख बाधाएं आती हैं। यही बाधाएं भक्ति (सीता) की खोज में निकले हनुमान जी के मार्ग में भी आई थीं। उन्होंने बताया कि हनुमान जी के मार्ग की पहली बाधा मैनाक पर्वत था, जो सोने के पहाड़ का प्रतीक है। जैसे ही मनुष्य भक्ति की ओर बढ़ता है, धन-दौलत मिलने लगती है और वह उसी में उलझकर भटक जाता है। दूसरी बाधा सुरसा है, जो झूठी प्रशंसा की इच्छा का प्रतीक है। थोड़ी सी उन्नति होते ही व्यक्ति चापलूसों से घिर जाता है और मार्ग से भटक जाता है। तीसरी बाधा सिंहिका



राक्षसी है, जो ईर्ष्या का प्रतीक है। आज का मनुष्य अपने दुख से अधिक दूसरे के सुख से दुखी रहता है। चौथी और सबसे बड़ी बाधा लंकिनी है, जो प्रवृत्ति का प्रतीक है और लक्ष्य के द्वार पर खड़ी रहती है। इसे शांत किए बिना भक्ति की प्राप्ति संभव नहीं है।कथावाचक ने कहा कि भक्ति को पाने के लिए चार लक्षण अनिवार्य हैं। भक्त के मुख में सदैव राम नाम होना चाहिए। सीता की खोज में निकले हनुमान जी ने भगवान राम द्वारा दी गई राम नाम लिखी मुद्रिका अपने मुख में रखी थी। दूसरा लक्षण है-आंख बंद कर गुफा से शीघ्र बाहर निकलना, अर्थात संसार के जंजालों से स्वयं को मुक्त करना। तीसरा लक्षण अहंकार से मुक्ति है, जिसे शत योजन सागर का प्रतीक बताया गया है। चौथा लक्षण है बाण के समान आगे बढ़ना। बाण की अपनी कोई शक्ति नहीं होती, वह धनुषधारी की शक्ति से चलता है। उसी प्रकार जीवन में राम के रूप में एक सद्गुरु का होना आवश्यक है।उन्होंने स्पष्ट किया कि सुग्रीव की सेना में जामवंत, अंगद, नल-नील, द्विविद और मयंद जैसे महान योद्धा होने के बावजूद भगवान राम ने अपनी अंगूठी हनुमान जी को दी, क्योंकि वे जानते थे कि विश्वास के बिना भक्ति संभव नहीं है। हनुमान जी विश्वास के प्रतीक हैं। राम नाम लिखी अंगूठी मुख में रखने से तीन लाभ होते हैं-व्यक्ति संकटों से उबर जाता है, कभी थकता नहीं और लक्ष्य के प्रति सदैव सजग रहता है। यही कारण था कि हनुमान जी को मैनाक, सुरसा, सिंहिका और लंकिनी जैसी बाधाएं रोक नहीं सकीं।इससे पूर्व किष्किंधा कांड की कथा सुनाते हुए रमेश भाई शुक्ल ने बताया कि बाली वध के बाद राम ने सुग्रीव को राजा बनाया और सीता की खोज में सहायता मांगी, लेकिन चार माह तक सुग्रीव ने प्रभु की सुध नहीं ली। जब राम ने चेतावनी दी, तब सुग्रीव शरण में आया और वानर सेना को चारों दिशाओं में भेजा। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब जटायु ने दक्षिण दिशा में सीता हरण की बात बता दी थी, तो सभी दिशाओं में सेना भेजने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इसका कारण यह था कि मायावी रावण राम को भ्रमित कर सकता था। कथावाचक ने जामवंत और हनुमान जी के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि जब जामवंत ने समुद्र लांघने के सामर्थ्य के बारे में पूछा तो कोई आगे नहीं आया। हनुमान जी चुप बैठे रहे। जब जामवंत ने कहा कि रामकाज के लिए ही तुम्हारा जन्म हुआ है, तभी राम नाम सुनते ही हनुमान जी में अद्भुत शक्ति का संचार हो गया। इस प्रसंग से शिक्षा मिलती है कि हमारी व्यक्तिगत शक्ति कुछ नहीं, कर्ता केवल राम हैं।रमेश भाई शुक्ल ने कहा कि जामवंत ने समुद्र तट पर बैठी वानर सेना से एक-एक कर सागर लांघने के सामर्थ्य के बारे में पूछा, लेकिन कोई भी इसके लिए तैयार नहीं हुआ। अंगद ने कहा कि वे जा तो सकते हैं, किंतु लौट पाने को लेकर उन्हें संदेह है। इस दौरान हनुमान जी एक ओर चुपचाप बैठे रहे और कोई उत्तर नहीं दिया। जामवंत ने उन्हें संबोधित करते हुए कहाकृहे महाबली, आप क्यों मौन हैं, कुछ तो कहिए।

उन्होंने स्मरण कराया कि आप पवनपुत्र हैं, अपार बल, बुद्धि और विवेक के धनी हैं, फिर भी हनुमान जी शांत रहे। किंतु जैसे ही जामवंत ने कहा कि रामकाज के लिए ही आपका जन्म हुआ है, राम नाम सुनते ही हनुमान जी पर्वत के समान विशाल हो गए और असंभव को भी संभव करने के लिए तत्पर हो उठे। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि हमारी व्यक्तिगत शक्ति कुछ नहीं, वास्तविक कर्ता केवल राम हैं।कथा के दौरान राजीव रस्तोगी, केएम शुक्ल, हवलदार तिवारी, संजीव वर्मा, सभाजीत तिवारी, हरिओम पांडेय, डॉ. प्रभा शंकर द्विवेदी, ईश्वर शरण मिश्र, एसएन मिश्र, सूबेदार शुक्ल, आनंद ओझा, संजय मिश्र, आनंद सिंह, घनश्याम तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रियात्मक कार्यवाही को संशोधित तिथि 26 दिसम्बर तक पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के वितरण एवं भरे हुए प्रपत्रों के संकलन में बूथ लेबिल एजेन्टों की ओर से प्राप्त हुए सहयोग के लिए राजनैतिक दलों का आभार ज्ञापित किया।

डीएम ने समय अवधि में हुए विस्तार के दौरान हमें हाथ पर हाथ रखकर बैठना नहीं है बल्कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए हमें नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों की संख्या को न्यून से न्यूनतम करना है। डीएम ने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि बूथवार तैनात किये गये बूथ लेबिल एजेन्टों को पूरी तरह से सक्रिय रखें ताकि बूथ लेबिल अधिकारी उनके सहयोग से नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों से



सम्बन्धित मतदाताओं तक पहुंच सके। डीएम ने कहा कि स्थानीय लोगों के बारे में बेहतर जानकारी रखने के कारण प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलए की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। डीएम ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि आमजन को इस बात के लिए जागरूक करें कि 26 दिसम्बर से पूर्व नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों से सम्बन्धित मतदाता बूथ लेबिल अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रपत्र को दुरूस्त करा लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमज़ा शफीक, भारतीय जनता पार्टी से श्रवण कुमार शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी से अजय कुमार गौतम, समाजवादी पार्टी से जफर उल्लाह खां बन्टी व अपना दल से अरविन्द कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# करनैलगंज में डग्गामार बसों की मनमानी से ट्रैफिक व्यवस्था धड़ाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । लखनऊ रोड हुजूरपुर तिराहे के पास सड़क पर डग्गामार बस संचालकों की मनमानी हावी है जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था धड़ाम हो गई है।तिराहे को पार करने के लिए रोडवेज समेत सभी वाहनों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा हैं।करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर डबल डेकर बसों का संचालन बेरोक टोक जारी है।करनैलगंज में दोपहर तीन बजे के बाद से लेकर देर रात तक अव्यवस्था का आलम देखा जा सकता है,जब सड़क पर बेतरतीब खड़ी इन बसों की वजह से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। रोडवेज बस या अन्य वाहनों को खड़े होने या निकलने की जग ह नहीं मिलती है,जिससे गोंडा लखनऊ बहरा इच, बलरामपुर आदि आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों की माने तो इन प्राइवेट बसों में



दिल्ली या प्रदेशों को जाने वाले यात्रियों को भूसे की तरह भरा जाता है,जिससे न केवल उनकी सुविधा बल्कि सुरक्षा भी खतरे में रहती है। पूरे चौराहे पर बसें आड़ी-तिरछी खड़ी कर ली जाती हैं और यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर चढ़ाया जाता है।हैरानी की बात यह है कि यह सब स्थानीय पुलिस की आंखों के सामने होता है, और वह या तो जानबूझकर अनदेखी करती है या बस संचालकों की खुलकर मदद कर रही है।गंभीर चिंता का विषय यह है कि आए दिन इन डबल डेकर बसों की दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें निर्दोष यात्रियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है।इसके बावजूद न तो प्रशा सन सजग हो रहा है और न ही परिवहन विभा ग इस पर कोई सख्त कार्रवाई कर रहा है।

## उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों पर छापेमारी, छह नमूने किए गए ग्रहित

वाराणसी । किसान भाइयों को गुणवत्ता युक्त उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराए जाने के लिए शनिवार को जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने जनपद के उर्वरक विक्रेताओं के यहां सघन छापेमारी की। इस दौरान सारनाथ एग्रो, जसवाल एंड कंपनी पैगंबरपुर, शंकर प्रसाद एंड कंपनी, गोपाल ट्रेडिंग कंपनी, जय माता दी सप्लायर, पैगंबरपुर के प्रतिष्ठान से गुणवत्ता परीक्षण हेतु कुल छह नमूने ग्रहित किए गये। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदारों से कहा कि जनपद के सभी उर्वरक विक्रेता अपने दुकान पर स्पष्ट रूप से रेट बोर्ड लगाएं। जिसमें उर्वरकों का निर्धारित मूल्य तथा सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सब्सिडी का विवरण होना चाहिए। किसानों को उनकी खतौनी के अनुसार पोस मशीन में अंगूठा लगाते हुए निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराए। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता या समिति के द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर बिक्री या अवैध रूप से पोस से खारिज करने का प्रयास किया जाता है, उसके विरुद्ध उर्वरक गुण नियंत्रक के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## पालिका ने परिवहन निगम के बस अड्डे पर शुरू कराया रैन बसेरा

फर्रुखाबाद । यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए नगरपालिका की ओर से परिवहन निगम के बस अड्डे पर 20 बेड के रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। इस रैन बसेरे का उद्घाटन शनिवार देर शाम नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल एवं अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने किया। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने बताया कि रैन बसेरे में फिलहाल 10 बेड पुरुषों के लिए और 10 बेड महिलाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पीने के पानी, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में यात्रियों को आधार कार्ड दिखाकर निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। सर्दी बढ़ने पर अतिरिक्त बेड की व्यवस्था के साथ ही अलाव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस मौके पर ईओ विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में आत्मविश्वास की जीत प्रतिभा ने बिखेरा रंग

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जनपद के अजीतमल तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लक्ष्मी नगर अजीतमल परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में दिव्यांग बच्चों ने खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि आत्मविश्वास और लगन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान रंगोली, कुर्सी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय शौहरी गढ़िया की अविका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, जबकि जानवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। नींबू-चम्मच दौड़ में छोटे और नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में गौरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, वहीं योगा प्रतियोगिता में भव्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा कुलदीप सचान सहित अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। इस अवसर पर विशेष शिक्षक, बीआरसी स्टाफ एवं प्रधानाध्यापकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

## कृषक योजनाओं से मीरजापुर के किसानों को करोड़ों की राहत

मीरजापुर। खेत-खलिहानों में पसीना बहाने वाले किसानों के लिए कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संकट की घड़ी में मजबूत ढाल बनकर सामने आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही मीरजापुर जनपद में इस योजना के तहत 177 मामलों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसके माध्यम से किसानों के आश्रितों को अब तक 7 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

योजना का दायरा यहीं नहीं थमता। वर्तमान में 73 किसानों के परिजनों ने सहायता के लिए दावा प्रस्तुत किया है।

# आमजन को राहत प्रदान कर रहे हैं पंचातय भवन एवं अन्त्येष्टि स्थल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । पंचायत राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनार्न्तगत निर्मित पंचातय भवन तथा अन्त्येष्टि स्थल निर्माण योजना अन्तर्गत निर्मित अन्त्येष्टि स्थल ग्रामवासियों को हर स्तर पर राहत प्रदान कर रहे हैं। अन्त्येष्टि स्थल निर्माण योजना की बात की जाय तो जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल न होने के कारण अन्तिम संस्कार की समस्या थी। बरसात के दिनों में रास्ता बंद हो जाता था, लकड़ी और पानी की व्यवस्था नहीं होती थी, जिस कारण ग्रामवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले लोगों को अत्यधिक समस्याओं को सामना करना पड़ता था। खुले स्थानों (खेत-खलिहान) में अंतिम संस्कार से होने वाले प्रदूषण और असुविधा (बारिश/गर्मी) को रोकने और सम्मानजनक व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायतों में प्रति इकाई रू. 24.36 लाख की लागत से कुल 67 अन्त्येष्टि स्थल जिला योजना अर्न्तगत निर्माण कराया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 18 अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य प्रारम्भ है। अन्त्येष्टि स्थल बन जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों अन्त्येष्टि संस्कार साफ-सुथरा, व्यवस्थित और सम्मानजनक स्थान बन चुका है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायतो में पंचायत भवन निर्माण न होने के कारण ग्राम पंचायत की बैठकों और सरकारी कार्यों के लिए उपयुक्त जगह नहीं थी। पुराने कमरे में न तो पर्याप्त जगह थी और न ही बैठने-खड़े होने की व्यवस्था। रिकॉर्ड भी सुरक्षित नहीं रह पाता था। जिस कारण ग्रामवासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनार्न्तगत ग्राम पंचायतों में रू. 17.46 लाख प्रति इकाई की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया जिसके उपरान्त ग्रामवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत सचिवालय से दिया जा रहा है। जिससे अब ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ता है।

# कलयुगी बेटे ने शराब के नशे में पीट-पीटकर की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। शराब पीकर घर में हंगामा कर रहे पिता की बेटे ने बांस से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूंछ तांछ कर रही है।थाना क्षेत्र के पिपरा चौबे गांव की कमलेश कुमारी पत्नी राम शंकर कश्यप ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात उसका पति राम शंकर (45) शराब पीकर घर आए और उसे व बच्चों को लाठी से पीटने लगे। इसी बीच उसका बड़ा बेटा सुनील कुमार घर पर पहुंच गया, पिता को लाठी से परिजनों को पीटते हुए देखा तो उसने बांस से पिता के सर पर हमला कर दिया,जिससे उसके पति रामशंकर के सिर पर गंभीर चोट लग गई और वह बेहोश हो गया। बेटे सुनील ने रात को ही अपने पिता को एंबुलेंस से खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने राम शंकर को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात गोंडा के केवलपुर बिरतिहा गांव के मूल निवासी राम शंकर परिवार सहित अपने ससुराल पिपरा चौबे में



कई वर्षों से रहता था,जिसके पांच लड़के व तीन लड़की हैं। इसमें सुनील सबसे बड़ा बेटा था।सूचना पर इंस्पेक्टर संजय सिंह व चौकी इंचार्ज पिपरा बाजार शशांक मौर्य घटना स्थल पहुंचे।प्रभारी निरी क्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी बेटे के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी से पूंछ तांछ की जा रही है।

# रसोईयां पाक कला प्रतियोगिता में रसोइयों को किया गया पुरस्कृत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रसोइयां को साढ़े तीन हजार रुपये प्रदान किये गये

अमेठी । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मध्य रसोइया पाककला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कुल तीस रसोइयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में समस्त रसोइयों को लॉटरी के माध्यम से दस रसोइयों को तहरी, पांच रसोइयों को रसेदार मौसमी सब्जी, पांच रसोइयों को आलू सोया मेथी सब्जी, दस रसोइयों को अरहर की दाल पकाने हेतु आवंटित किया गया। समस्त प्रतिभागी रसोइयों को एप्रिन, ग्लब्स एवं हेड कवर प्रदान किया गया। रसोइयों द्वारा बनाये गये व्यंजनों को डॉ0 संगीता शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज, डॉ0 रूबी सिंह सहायक अध्यापक (गृह विज्ञान) राजकीय बालिका इण्टर कालेज



अमेठी, स्वास्थ्य विभाग से शालू गुप्ता, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय जनपद अमेठी तथा खाद्य सुरक्षा विभाग से युगुल किशोर प्रभारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद अमेठी द्वारा निर्णायक के रूप में भोजन के स्वाद, पौष्टिक तत्व, भोजन बनाने का तरीका, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सभ्य व्यवहार के आधार पर अंक प्रदान किये गये। निर्णायक समूह द्वारा प्रदान किये अंक के आधार पर जानकी देवी रसोइया, प्राथमिक विद्यालय कुण्डवा, विकास खण्ड भेटुआ ने सोया, मेथी, पालक, आलू आदि की सूखी सब्जी बनाकर प्रथम, किरन रसोइया कम्पोजिट विद्यालय दरपीपुर, विकास खण्ड गौरीगंज ने अरहर की दाल बनाकर द्वितीय तथा उमा, रसोइया प्राथमिक विद्यालय धनापुर, विकास खण्ड भेटुआ ने तहरी बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। पुरस्कार राशि के रूप में विजेता प्रतिभागी को साढ़े तीन हजार रुपया द्वितीय को ढाई हजार एवं तृतीय को डेढ़ हजार के साथ शेष सत्ताइस रसोइयों को तीन सौ रुपया सांत्वना पुरस्कार के रूप में तथा सभी प्रतिभागी तीस रसोइयों को तीन सौ पचास प्रति रसोइया की दर से आवागमन भत्ता के रूप में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में प्रेषित किया जायेगा। प्रतियोगिता के आयोजन में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, गौरीगंज द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए प्रतियोगित के आयोजन हेतु गैस सिलेण्डर तथा चूल्हा उपलब्ध कराया गया। कार्यकम में जिलाधिकारी संजय चौहान, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, बालकृष्ण प्लान्ट मैनेजर भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, गौरीगंज, जनपद अमेठी एवं विभिन्न विकास खण्डों में कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाकार तथा अरुण त्रिपाठी सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित होकर रसोइयों का उत्साहवर्धन किया।

# डिप्टी आरएमओ साहब यहां तो धान क्रय केंद्र पर सरकारी दावों की खुल रही पोल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।योगी सरकार लगातार सरकारी योजनाओं, किसान हितैषी नारों और महिला सशक्तिकरण के दावों की बात करते अक्सर मंचों पर दिखाई देती है। इन दावों की सच्चाई उस वक्त सामने आ गई,जब धान क्रय केंद्र पर एक वृद्ध,विधवा व दिव्यांग महिला किसान अपने धान की तौल न होने से पूरी तरह टूटती नजर आई। लगभग 15 से 20 दिनों से मंडी परिसर में खड़ी ट्रॉली के बावजूद महिला किसान का धान नहीं खरीदा गया, जिससे हताश होकर उसने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाने की चेतावनी दे दी।पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत प्रसादपुर की रहने वाली महिला किसान ने बताया कि वह रोजाना किराया खर्च कर मंडी पहुंचती है, लेकिन धान क्रय केंद्र प्रभारी महेश प्रसाद द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है। महिला का आरोप है कि न तो उसकी बारी लगाई जा रही है और न ही उसकी विधवा व दिव्यांग




**वृद्ध, विधवा व दिव्यांग महिला किसान को आत्महत्या की चेतावनी देने पर मजबूर किया सिस्टम ने**

स्थिति को कोई महत्व दिया जा रहा है। स्थिति उस समय और भी भयावह हो गई, जब महिला ने अपने बैग से जहर की शीशी और बिजली का तार काटने की कैंची निकाल ली। यह दृश्य देखते ही मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। महिला फूट-फूट कर रोते हुए कहती रही–

''अगर आज मेरा धान नहीं तौला गया, तो मैं यहीं अपनी जान दे दूंगी। मेरे पास अब जीने का कोई सहारा नहीं बचा है।महिला किसान की आंखों से बहते आंसू किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर सकते थे, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि क्रय केंद्र और प्रशासन के जिम्मेदारों को ये आंसू भी नहीं दिखाई दिए। महिला अपनी बदहाली और मजबूरी की दास्तान सुनाती रही, मगर अधिकारी मौन साधे रहे।यह घटना न सिर्फ धान खरीद व्यवस्था की विफलता को उजागर करती है, बल्कि यह भी गंभीर सवाल खड़े करती है कि क्या सरकारी तंत्र की संवेदनशीलता इतनी खत्म हो चुकी है। कि एक बेसहारा महिला को आत्महत्या की चेतावनी देनी पड़े? जहां एक ओर सरकारें महिला सशक्तिकरण और किसान कल्याण की बात करती हैं, वहीं जमीनी हकीकत में एक मजबूर महिला किसान न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।घटना से आक्रोशित स्थानीय किसानों व मौजूद लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर महिला का धान तुरंत खरीदे जाने तथा क्रय केंद्र प्रभारी के रवैये की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# सुमित बने भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट, बढ़ाया जिले का मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। जनपद के लिए गौरव का क्षण है। विवेक नगर निवासी विनोद पाण्डेय के भतीजे सुमित पाण्डेय ने भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट बनकर जिले का नाम रोशन किया है। सुमित पाण्डेय ने इंडियन मिलिट्री अकादमी (प्ड।), देहरादून से कठिन प्रशिक्षण पूरा कर आज भव्य पासिंग आउट परेड के बाद सेना की प्रतिष्ठित कुमाऊँ रेजीमेंट में शामिल हुए।

मूल रूप से सुलतानपुर जनपद की बल्दीराय तहसील अंतर्गत गाँव सुखबड़ेरी के निवासी सुमित पाण्डेय की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। सीमित संसाधनों से निकलकर देश की सेवा के सर्वोच्च मंच तक पहुँचने की उनकी यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पर्जन्य संस्था के गिरीश तिवारी 'बब्लू', सरदार जे.पी. सिंह,



लोकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने सुमित पाण्डेय को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल सैन्य भविष्य की कामना की। जिलेवासियों ने कहा कि लेफ्टीनेंट सुमित पाण्डेय की सफलता से सुलतानपुर का मान बढ़ा है और यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा के लिए प्रेरित करेगी।

# कूरेभार बीआरसी पर115 दिव्यांग बच्चों को दिया गया उपकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कूरेभार/सुलतानपुर। समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा अंतर्गत कूरेभार बीआरसी पर शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता के निर्देश पर परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत चिन्हित 115 दिव्यांग बच्चों में 144 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। यहां उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

मुख्य अतिथि सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयराज मौर्य और जिला समन्वयक श्याम सुंदर के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पीएमश्री इरुल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा केंद्र और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही उपकरण वितरण की योजना से दिव्यांग बच्चे लाभान्वित हो रहे है। यह उपकरण दिव्यांग बच्चों के जीवन में सहायक सिद्ध होगें। डीसी श्याम सुंदर ने बताया कि चिन्हित 115 दिव्यांग बच्चों में 144 ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, एमडी किट, श्रवणयंत्र, रोलेटर, बैशाखी का वितरण किया गया है। इस दौरान पंकज कुमार सिंह, शत्रुघ्न वर्मा, नीतू मिश्रा, अमरावती, सन्तोषकुमारी, अखण्ड प्रताप सिंह, अनूप कुमार, मनीष दूबे, कृष्ण कुमार गुप्ता, हरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में दिव्यांग बच्चे अभिभावक और अध्यापक मौजूद रहे।

## अमन हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल



सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चांदा थाना क्षेत्र के साढ़ापुर निवासी अमन यादव की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीती रात पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि छह दिसंबर को अमन यादव की हत्या के मामले में चांदा थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि कुछ आरोपी फरार चल रहे थे। शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि इस हत्याकांड से जुड़े दो आरोपी मोटरसाइकिल से क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं।सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पवन यादव के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन यादव (22) निवासी नरैनी सफीपुर, थाना चांदा के रूप में हुई है। उसकी तलाशी लेने पर 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## पीड़ित महिलाओं क़ी समस्या का होगा त्वरित समाधान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद पीलीभीत में सदस्यगण उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न क़ी रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गोमती सभागार विकास भवन में जन सुनवाई करेंगी जिसमें प्रत्येक पीड़ित महिला अपनी सभी प्रकार की समस्याएं जैसे ससुराल में प्रताड़ित किया जाना, दहेज़ मांग से मानसिक शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट, यौन उत्पीड़न, एवं अन्य सभी महिलाओं से सम्बंधित मामलों को गहनता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा बताया कि जनसुनवाई के अतिरिक्त सदस्या द्वारा विकास खण्ड मरौरी में 2.30 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## पूरनपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फ़ेज 5: छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन व साइबर अपराध से बचाव हेतु किया जागरूक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया द्वारा प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय,एण्टी रोमियों टीम की उपस्थिति में जागरूकता अभियान चलाकर छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन व बढ़ते साइबर साइबर अपराध, एव मिशन शक्ति फ़ेज–5 के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा बढ़ते साइबर अपराध से बचने के उपाय भी बताये गये लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं0 1930 पर तुरन्त कॉल करें इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और बबब.दभथ्द्धन्दन्द्बद्दद्द.द्दधप.द्बद्ब पर भी रिपोर्ट करने हेतु बताया गया एण्टी रोमियों टीम महिला द्वारा छात्र/छात्राओं को ळ्लएंटी रोमियो स्क्वायडङ्क टीम के बारे में बताय गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर , 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 102 स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर ,108 एंबुलेंस सेवा हेल्पलाइन नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया तथा उन्हें सशक्त होने के लिए प्रेरित किया गया हैं।

## बल्दीराय तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 1559 वादों का हुआ निस्तारण

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। 13 दिसंबर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के तत्वावधान में तहसील बल्दीराय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने की। न्यायालय एसडीएम प्रवीण कुमार एवं न्यायालय तहसीलदार अरविंद तिवारी और न्यायालय नायब तहसीलदार गुलाब सिंह की अदालत से राजस्व विभाग से संबंधित मामलों सहित विभिन्न श्रेणियों के वादों का आपसी सुलह–समझौते एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया के माध्यम से निस्तारण किया गया। लोक अदालत में कुल 1559 वाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें राजस्व वाद 40, जाति प्रमाणपत्र से संबंधित 128, आय प्रमाणपत्र 243 तथा अन्य प्रशासनिक व जनहित से जुड़े 1148 वाद सम्मिलित रहे। तहसील प्रशासन के अनुसार लोक अदालत में प्रस्तुत सभी वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। तहसीलदार अरविंद तिवारी ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का सरल, सुलभ एवं शीघ्र समाधान करना है। लोक अदालत में किसी प्रकार की न्यायालय शुल्क नहीं ली जाती तथा पक्षकारों की सहमति से विवादों का निस्तारण किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होते हैं, जिनके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं है।

## श्रीमद भागवत कथा के उपरांत कन्याभोज और विशाल भण्डारा में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई के गांव गड़ेहरी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद भागवत कथा के समापन पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम कन्याभोज के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम पंचायत गड़ेहरी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू के आवास पर अनवरत सात दिनों से श्रीमद भागवत कथा चल रही थी शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद सर्वप्रथम कन्याभोज आयोजित जिसमें यजमान द्वारा कन्याओं के चरण पखार कर प्रसाद में पूड़ी सब्जी, दाल चावल और बूंदी परोसी गई और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। दोपहर करीब ढाई बजे से विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला, सत्येन्द्र तिवारी, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, गुडडू सिंह,दिलीप शुक्ला, आनंद सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, सज्जन अवस्थी, अरुण प्रताप सिंह, ध्रुवराज पासी, संदीप शुक्ला, बबलू मिश्रा, मोनू जायसवाल, रघुराज प्रताप सिंह, विनोद मौर्या, वीर सिंह,देवेंद्र प्रताप सिंह, अमरीश त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# तालाब व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का आरोप, हिंदू संगठन ने एसडीएम से की शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पूरनपुर देहात क्षेत्र में सरकारी जमीनों और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। शहर के आसपास स्थित उपजाऊ भूमि पर बिना मानक और बिना पंजीकरण के अवैध कालोनियां बसाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। इनमें ग्राम समाज की भूमि, तालाब और अन्य सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को कब्जे में लेकर मिट्टी पाटकर कब्जा किया जा रहा है। मामला पूरनपुर देहात क्षेत्र की गाटा संख्या 677, 678, 680 और 681 से जुड़ा है, जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज बताई जा रही हैं। इसके बावजूद इन जमीनों पर अवैध रूप से मिट्टी पाटने का कार्य जारी है। आरोप है कि तालाब की भूमि को समतल कर वहां प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है, जिससे न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरण और जल संरक्षण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विजय सिंह पुत्र लाखन सिंह ने शनिवार दोपहर दो बजे संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब जैसी सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा कर अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं और संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। संगठन ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध मिट्टी पाटने का कार्य रुकवाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।विजय सिंह ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में जलभराव, भू-जल स्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तालाब और ग्राम समाज की जमीनों को कब्जामुक्त कराया जाए तथा अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए।एसडीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि अवैध कब्जों पर रोक नहीं लगी तो सरकारी संपत्तियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

## हिन्दू महासभा की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में उनके आवास पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मयंक जायसवाल द्वारा किया गया। बैठक में संगठन द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर पूर्व में प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापनों पर अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार ज्ञापन दिए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई न होना बेहद गंभीर और चिंताजनक है।बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने पुनः स्पष्ट किया कि प्रशासन को जनहित के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से 23 दिसंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। उन्होंने इसे धार्मिक, अहिंसक एवं लोकतांत्रिक चेतावनी बताया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन के निर्णय का समर्थन करते हुए आगामी कार्यक्रमों के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष मयंक जायसवाल नंदू, सर्वेश कश्यप, प्रेम सागर शर्मा, शलभ गंगवार, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, सुनील अवस्थी, अवनीश रतन, राहुल देव, अंकुर सिंह भदौरिया, विपुल पांडेय, योगेंद्र कुमार, जितेंद्र मौर्य, अनूप शर्मा, प्रतीक ठाकरे, पवन तिवारी, लखन प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, हरिओम मिश्रा, प्रमोद, मनोज वर्मा, सुमित मिश्रा, देव शर्मा,अनिल कुमार, नरेश कुमार, ललित भारती, पूजा गुप्ता, राजपाल बघेल, राहुल शर्मा, सुखपाल, अंकित राठौर, ध्रुव शर्मा, मयंक, चेतन श्रीवास्तव, कृष्णा साहनी, नितिन मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर सीडीपीओ अनीता चौधरी ने जारी किए जागरूकता गीत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।आज से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सीडीपीओ अनीता चौधरी ने एक गीत प्रस्तुत किया जिसका सारांश इस प्रकार है कि मनुष्य का जीवन अनमोल है सभी का हर हाल में इसे बचाना है। पोलियो की खुराक पिलाकर हर बच्चे को स्वस्थ बनाना है।जिले से विकलांगता को भगाना है।हर मां-बाप को जागरूक कर यह संदेश घर-घर तक पहुंचाना है। इस गीत के माध्यम से आमजन को पल्स पोलियो अभियान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। सीडीपीओ अनीता चौधरी ने इस गीत के माध्यम से लोगों से कहा कि पोलियो एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर टीकाकरण से इसे पूरी तरह रोका जा



सकता है। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाना बेहद जरूरी है। ताकि जनपद को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

# खेलकूद प्रतियोगिता का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । सुभाष पशुपतिनाथ इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में शनिवार को विधायक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने दीप प्रज्जवलित करते हुये फीता काटकर गुब्बारा उड़ाकर किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं।उन्होंने कहा कि खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही



टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। विधायक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर आठ सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में साहिबा ने प्रथम, आर्या सिंह ने द्वितीय और सुधा पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आठ सौ मीटर जूनियर बालक वर्ग में पंकज ,सीनियर बालक वर्ग में तुषार सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। एक हजार पांच सौ मीटर सीनियर वर्ग बालक दौड़ में अमन सिंह और जूनियर में पंकज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक सौ मीटर सीनियर बालक में नितिन ने पहला स्थान प्राप्त किया।शनिवार को एथलेटिक्स,कबड्डी ,कुश्ती , बालीबॉल और बैटमिटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में तिलोई विधानसभा के सिंहपुर ,तिलोई और बहादुरपुर विकास खण्ड के पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। खण्ड

**बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में अमन तो बालिका में साहिबा ने प्रथम स्थान किया हासिल**

विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। बीओ निधि श्रीवास्तव ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, ध्रुवराज पासी, विनोद मौर्या, गुडडू सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह, संदीप शुक्ला, सुधीर सिंह,आनंद सिंह, बबलू मिश्रा, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे ।

## सम्पादकीय

# बचे बचपन

पश्चिमी देश, जिस सोशल मीडिया के गुणगान करते नहीं अघाते थे, अब उन्हें इससे बच्चों में पनपती विकृतियों की हकीकत समझ में आने लगी है। सुगबुगाहट तो ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक प्रतिबंधों को लेकर हो रही है, लेकिन इस दिशा में पहल करने का साहस आस्ट्रेलिया ने सुधारवादियों के दबाव में उठाया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे बड़ी तकनीकी कंपनियों के अधिकार इसलिए वापस ले रहे हैं ताकि बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता की मानसिक शांति के अधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। साथ ही आस्ट्रेलिया के बच्चों को बचपन जीने का मौका देगा। आज दुनिया के तमाम देश मंथन कर रहे हैं यदि आस्ट्रेलिया यह पहल कर सकता है तो वे क्यों नहीं कर सकते। इनमें वे तमाम अभिभावक भी शामिल हैं जो अपने बच्चों की आत्महत्या के लिये सोशल मीडिया को जिम्मेदार मानते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में यदि सोशल मीडिया मंच 16 साल से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट हटाने में असफल रहते हैं, तो उन्हें करीबन पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना चुकाने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है। आस्ट्रेलियाई सरकार क्रिसमस तक मूल्यांकन करेगी कि ये प्रतिबंध कितने कारगर साबित हुए हैं। निस्संदेह, आस्ट्रेलिया की पहल ने पूरी दुनिया में सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने की मुहिम को नई ऊर्जा दे दी है। कमोवेश, भारत जैसे देश भी सोशल मीडिया की असामाजिकता का दंश झेल रहे हैं। इसमें बच्चों के साथ ऑनलाइन बुलिंग से लेकर ऑनलाइन ठगी तक के तमाम मामले गाहे-बगाहे सामने आते रहते हैं। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया पर प्रसारित वयस्कों की सामग्री से बच्चे जाने-अनजाने में परिचित हो रहे हैं। वे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं। जिससे समाज में तमाम तरह की सामाजिक विकृतियां पैदा हो रही हैं। निस्संदेह, इससे आने वाले समय में घातक सामाजिक विद्रूपताएं पैदा हो सकती हैं। दरअसल, बच्चों के लगातार घंटों कथित सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से उनमें तमाम शारीरिक व मानसिक विसंगतियां पैदा हो रही हैं। उन्हें संस्कार अब माता-पिता व शिक्षक नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का दोहन करने वाले निहित स्वार्थी तत्व दे रहे हैं। जो कि भारतीय जीवन-मूल्यों व संस्कारों से मेल नहीं खाते। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर इतनी अश्लील व द्विअर्थी सामग्री का प्रवाह है कि हमारे किशोर आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सोशल मीडिया के घातक प्रभाव के चलते आज बच्चों के नायक बदल गए हैं। उनके आदर्श बदल गए हैं। उनका नजरिया बदल रहा है। सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर अश्लील सामग्री की उपलब्धता ने किशोरों में ब्रह्मचर्य के भारतीय मूल्यों को ताक पर रख दिया है। विडंबना यह है कि घंटों सोशल मीडिया पर बैठे रहने वाले बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। जिससे उनमें मोटापा व अनेक गैर संक्रामक रोग पनप रहे हैं। वे किशोर अवस्था में मधुमेह आदि उन रोगों के शिकार बन रहे हैं जो कभी बड़ी उम्र के लोगों को हुआ करते थे। इस संकट का एक घातक पहलू यह भी है कि मोबाइल पर लगातार सोशल मीडिया के कार्यक्रम स्क्रॉल करने वाले बच्चों की मानसिक एकाग्रता बाधित हो रही है। जाहिर है इसका प्रभाव उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ेगा। एक समय दुनिया के तमाम देशों में जिन भारतीय प्रतिभाओं का डंका बजता था, शायद भविष्य में ऐसा न हो। घंटों सोशल मीडिया पर बिताने वाले छात्रों से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपनी पढ़ाई के लिये पूरी तरह एकाग्र हो सकेंगे। निरंतर कल्पना लोक में विचरण करने वाले बच्चे जब जीवन की हकीकत से जूझते हैं तो टूटने-बिखरने लगते हैं। गाहे-बगाहे आत्महत्या करने वाले किशोरों के डेटा का यदि गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तो निश्चित रूप से हम सोशल मीडिया के घातक प्रभाव की हकीकत से रूबरू हो सकते हैं।

# पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों की चिन्ताजनक तस्वीर

**आधुनिक संसार में किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके आर्थिक विकास, सैन्य ताकत या राजनीतिक स्थिरता से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों-विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। धार्मिक स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है, लेकिन पाक में यही बुनियाद डांवाडोल होती दिखाई देती है। मंदिरों और गुरुद्वारों को ध्वस्त करना, उन्हें खंडहर होने के लिए छोड़ देना, या बहुसंख्यकों द्वारा उन पर कब्जा कर लेना महज भौतिक आक्रमण नहीं, बल्कि भारतीय मूल के समुदायों की संस्कृति, उनकी स्मृतियों और उनकी पहचान पर गहरा प्रहार है। यह भारतीयों के प्रति और विशेषतः हिन्दुओं के प्रति पाक के विकृत एवं संकीर्ण दृष्टिकोण का द्योतक भी है। जब एक समुदाय अपने आराधना-स्थलों से वंचित किया जाता है, तो उसका सामाजिक मनोबल टूटता है, सुरक्षा-बोध क्षीण होता है और उनमें विस्थापन की भावना गहरी पैठ बना लेती है। यही कारण है कि पाकिस्तान बनने के समय वहाँ लगभग 15 प्रतिशत हिंदू-सिख आबादी थी, जो आज घटकर 1.6 प्रतिशत से भी कम रह गई है। जबकि भारत में मुस्लिमों की आबादी करीब 2 प्रतिशत से आज 23-24 प्रतिशत हो गयी है। धार्मिक कट्टरता और असहिष्णुता की इस प्रवृत्ति ने पाक को न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया है, बल्कि उसकी आंतरिक सामाजिक संरचना को भी खोखला कर दिया है। प्रश्न यह नहीं कि मंदिर गिराए गए या गुरुद्वारों पर कब्जा हुआ, बल्कि यह कि ऐसा करने की मानसिकता क्यों पनपती रही और राज्य की संस्थाएँ इस विनाश को रोकने में क्यों असमर्थ या अनिच्छुक बनी रहीं?**

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात पर उठती चिंताएँ कोई नई बात नहीं हैं, पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों पर किस कदर अत्याचार हो रहे हैं और यह समस्या दिन-ब-दिन गहरी होती गयी है। लेकिन हाल ही के आधिकारिक आँकड़ों ने एक बार फिर इस सच्चाई को निर्मम रूप से सामने ला दिया है कि वहाँ रहने वाले हिंदू और सिख किस हद तक उत्पीड़न और भय के माहौल में जी रहे हैं। पाकिस्तान की संसदीय अल्पसंख्यक समिति ने स्वयं स्वीकार किया है कि वर्ष 1947 में वहाँ 1817 हिंदू मंदिर और गुरुद्वारे विद्यमान थे, लेकिन आज इनकी संख्या सिमटकर मात्र 37 रह गई है। यानी 1285 हिंदू मंदिर और 532 गुरुद्वारों का या तो अस्तित्व मिटा दिया गया, या उन पर जबरन कब्जा कर लिया गया, अथवा उन्हें जानबूझकर खंडहर में बदल दिया गया। यह आँकड़ा सिर्फ किसी धार्मिक स्थल का नहीं, बल्कि एक सभ्यता, एक संस्कृति और एक समुदाय के आत्मसम्मान व अस्तित्व की धीमी हत्या का प्रमाण है। यह पाक की अमानवीयता एवं संकीर्ण साम्प्रदायिक सोच का त्रासद सोच का प्रमाण है। आधुनिक संसार में किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके आर्थिक विकास, सैन्य ताकत या राजनीतिक स्थिरता से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों-विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। धार्मिक स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है, लेकिन पाक में यही बुनियाद डांवाडोल होती दिखाई देती है। मंदिरों और गुरुद्वारों को ध्वस्त करना, उन्हें खंडहर होने के लिए छोड़ देना, या बहुसंख्यकों द्वारा उन पर कब्जा कर लेना महज भौतिक आक्रमण नहीं, बल्कि भारतीय मूल के समुदायों की संस्कृति, उनकी स्मृतियों और उनकी पहचान पर गहरा प्रहार है। यह भारतीयों के प्रति और विशेषतः हिन्दुओं के प्रति पाक के विकृत एवं संकीर्ण दृष्टिकोण का द्योतक भी है। जब एक समुदाय अपने आराधना-स्थलों से वंचित किया जाता है, तो उसका सामाजिक मनोबल टूटता है, सुरक्षा-बोध क्षीण होता है और उनमें विस्थापन की भावना गहरी पैठ बना लेती है। यही कारण है कि पाकिस्तान बनने के समय वहाँ लगभग 15 प्रतिशत हिंदू-सिख आबादी थी, जो आज घटकर 1.6 प्रतिशत से भी कम रह गई है। जबकि भारत में मुस्लिमों की आबादी करीब 2 प्रतिशत से आज 23-24 प्रतिशत हो गयी है। धार्मिक कट्टरता और असहिष्णुता की इस प्रवृत्ति ने पाक को न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया है, बल्कि उसकी आंतरिक सामाजिक संरचना को भी खोखला कर दिया है। प्रश्न यह नहीं कि मंदिर गिराए गए या गुरुद्वारों पर कब्जा हुआ, बल्कि यह कि ऐसा करने की मानसिकता क्यों पनपती रही और राज्य की संस्थाएँ इस विनाश को रोकने में क्यों असमर्थ या अनिच्छुक बनी रहीं? जिस समय विश्व के अनेक मुस्लिम देश धर्मनिरपेक्षता और सांस्कृतिक सह-अस्तित्व की ओर बढ़ रहे हैं, पाकिस्तान लगातार अपने भीतर कट्टरता, कटुता और धार्मिक बहिष्कार की आग को पोषित करता रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में भव्य स्वामीनारायण मंदिर से लेकर सऊदी अरब में भारतीय कर्मचारियों के लिए पूजा स्थल की व्यवस्था तक-यह उदाहरण बताते हैं कि इस्लामिक देशों में भी आधुनिकता और धार्मिक सहिष्णुता का समन्वय संभव है। ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर और इंडोनेशिया जैसे देशों में मंदिरों और अन्य अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों का संरक्षण न केवल वहाँ के उदार वातावरण को दर्शाता है, बल्कि यह भी कि वे समझते हैं कि विविधता ही प्रगति का असली आधार है। इंडोनेशिया में सैकड़ों हिंदू-बौद्ध मंदिर संरक्षित हैं। यही कारण है कि हिंदू प्रोफ़ेशनल्स और भारतीय पर्यटक इन देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान की उल्टी सोच ने उसे बर्बाद कर दिया है। इसके उलट पाकिस्तान की सोच न केवल प्रतिगामी है, बल्कि आत्मविनाश की ओर ले जाने वाली भी है। धार्मिक स्थलों का विनाश केवल अतीत का मामला नहीं; आज भी कई स्थानों पर हिंदू और सिख परिवार सामाजिक दबाव, जबरन धर्मांतरण, अपहरण और उत्पीड़न जैसी समस्याओं से जूझते रहते हैं। मंदिरों पर हमला सिर्फ पत्थरों की दीवारें गिराने भर की घटना नहीं, यह उन लोगों की आस्था और अस्तित्व पर चोट है जो पीढ़ियों से इस भूमि का हिस्सा रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्होंने विभाजन के घावों के बावजूद अपनी मिट्टी, अपनी स्मृतियों और अपने इतिहास से नाता नहीं तोड़ा, परंतु बदले में उन्हें जो मिला वह भय, अपमान और अविश्वास का माहौल है। पाकिस्तान की समस्या सिर्फ कट्टरपंथ की नहीं, बल्कि उस संरचनात्मक असमानता की भी है जिसे राज्य ने वर्षों तक प्रश्रय दिया है। यदि शासन-व्यवस्था अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों की रक्षा नहीं कर सकती, यदि पुलिस और प्रशासन अत्याचारों पर कार्रवाई नहीं करते, यदि न्यायपालिका पीड़ितों की सुनवाई नहीं करती, तो स्पष्ट है कि राष्ट्र अपनी आत्मा खो चुका है। दुनिया के किसी भी देश की प्रगति का मापक यह नहीं कि उसकी जीडीपी कितनी है, बल्कि यह कि उसके सबसे कमजोर नागरिक कितने सुरक्षित हैं। आज पाकिस्तान की छवि एक ऐसे राष्ट्र की बन चुकी है, जहाँ अल्पसंख्यकों के जीवन, आस्था और अस्तित्व को निरंतर खतरा है। पाकिस्तान की सरकारें वर्षों से जिस कट्टरवादी सोच और भारत-विरोधी नज़रिए को अपना आधार बनाती रही हैं, वह न केवल विश्व समुदाय में उसकी छवि को गिरा रहा है, बल्कि स्वयं पाकिस्तान को भी विनाश के कगार पर पहुँचा चुका है। आतंकवाद को रणनीतिक औजार बनाकर और सैन्य खर्चों को अनियंत्रित रूप से बढ़ाकर उसने अपने ही देश की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। दुनिया जब भारत की धरती से गूंजे ल्लवसुधैव कुटुम्बकम्ल्ल के मंत्र को अपनाकर सहयोग, शांति तथा वैश्विक भाईचारे की दिशा में आगे बढ़ रही है, तब पाकिस्तान कट्टरवाद की राजनीति को सहारा देकर मानवता को विभाजित करने में जुटा हुआ है। भारत के प्रति उसकी शत्रुतापूर्ण मानसिकता, सीमापार आतंकवाद का समर्थन और विश्व बिरादरी में हानिकारक कदम आज विश्व शांति के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसी नासमझ नीतियों ने पाकिस्तान को विकास, स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय विश्वास-तीनों से वंचित कर दिया है। कट्टरवाद को पोषित करने की यह नीति केवल राजनीतिक विफलता नहीं, बल्कि पाकिस्तान की आम जनता के जीवन पर एक भारी बोझ बन चुकी है। देश की अर्थव्यवस्था बदहाल है, महंगाई आसमान छू रही है, बेरोज़गारी चरम पर है और जनता भुखमरी की दहलीज पर खड़ी है। सबसे अधिक संकट में वहाँ के अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जिन पर धार्मिक उन्माद और संकीर्ण सोच की दोहरी मार पड़ रही है-मंदिरों पर हमले, जबरन धर्मांतरण, अपहरण और जनजीवन में भय का वातावरण यह स्पष्ट प्रमाण हैं कि पाकिस्तान में मानवाधिकार कितने खोखले हैं। आम लोग भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हैं, परंतु सत्ता अपने लोगों की पीड़ा सुनने के बजाय कट्टरवाद को राजनीतिक सहारा बनाकर स्वयं अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान की वर्तमान सोच न केवल भारत के प्रति एक खतरनाक दृष्टिकोण है, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप की शांति और मानवता के लिए एक गहरा संकट भी है। यदि पाकिस्तान वास्तव में एक बहुलतावादी और आधुनिक राष्ट्र की श्रेणी में आना चाहता है, तो उसे कट्टरपंथ को प्रश्रय देने के बजाय अपने यहां अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा के लिए ईमानदार कदम उठाने होंगे। आज तो हालत यह है कि पाकिस्तान की छवि न केवल अल्पसंख्यकों, बल्कि इंसानियत के दुश्मन की बनी हुई है। इतिहास गवाह है कि जो राष्ट्र अपने भीतर की विविधता को दबाता है, जो अपने ही नागरिकों की अस्मिता का सम्मान नहीं करता, उसका भविष्य अंधकारमय होता है। पाकिस्तान यदि वास्तव में एक आधुनिक, विकसित और बहुलतावादी राष्ट्र बनना चाहता है, तो उसे तत्काल यह स्वीकार करना होगा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके धार्मिक स्थलों का संरक्षण उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मंदिरों और गुरुद्वारों को बचाना केवल एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व है-एक ऐसा दायित्व, जिसकी उपेक्षा ने पाकिस्तान को दुनिया भर में अविश्वास और आलोचना का पात्र बना दिया है। आवश्यक है कि पाकिस्तान आत्मचिंतन करे, आईना देखे और समझे कि धार्मिक कट्टरता के सहारे राष्ट्र नहीं बनते, टूटते हैं। यदि वह अब भी नहीं सुधरा, तो इतिहास उसे कठोर शब्दों में याद करेगा, और यह कलंक उससे कभी मिटेगा नहीं। **–ललित गर्ग**

# स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सबका दायित्व

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न करने के लिए कुछ राजनीतिक दल सामाजिक समरसता व राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के विमर्श को नकारने का खुलकर प्रयास कर रहे हैं। यदि ऐसा न होता, तो अपना जनाधार खो चुके वंशवादी नेता एसआईआर एवं वन्देमातरम जैसे मुद्दे पर सरकार को घेरने के प्रयास में झूठ का प्रचार न करते।**

राजनीति जो न करा दे, वो कम है। सत्ता की चाहत में राजनीतिक दलों की स्थिति इतनी विकट हो चुकी है, कि सभी राजनीतिक दलों के मुखिया अपनी घिसी पिटी एवं एकतरफा सोच से बाहर नहीं निकलना चाहते। आम जनता जिन मुद्दों पर पारदर्शिता चाहती है उन मुद्दों पर ये लोग असमंजस की स्थिति में हैं, उन्हें सूझ नहीं रहा है, कि देश भर में चल रहे सुधार अभियान में जनता को कैसे भ्रमित करें। समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न करने के लिए कुछ राजनीतिक दल सामाजिक समरसता व राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के विमर्श को नकारने का खुलकर प्रयास कर रहे हैं। यदि ऐसा न होता, तो अपना जनाधार खो चुके वंशवादी नेता एसआईआर एवं वन्देमातरम जैसे मुद्दे पर सरकार को घेरने के प्रयास में झूठ का प्रचार न करते। वास्तविकता भी यही है, कि तर्क वितर्क के माध्यम से बहस की चुनौती देने वाले नेताओं ने स्वयं का आचरण ऐसा बना लिया है, जिससे उनकी विश्वसनीयता घटती जा रही है। कुछ बड़बोले नेता पहले बहस की चुनौती देते हैं, फिर बहस की जगह विषय से भटक कर मनमाने प्रश्न खड़े करते हैं और जब उत्तर सुनने की तथा तर्क करने की बारी आती है, तब सदन से पलायन कर जाते हैं तथा बाहर आकर प्रेस में इस प्रकार के वक्तव्य देते हैं, कि जैसे गरिमापूर्ण सदन में अपने विचारों का लोहा मनवाकर आएं हों। यहाँ इस सत्य को भी नकारा नहीं जा सकता, कि समय समय पर देश के विरुद्ध प्रचार करने वाले कुछ राजनेता जाने किस प्रकार की गलतफहमी में जी रहे हैं। उनके विचार में देश का बुद्धिजीवी वर्ग जैसे कुछ समझता ही नहीं। इस प्रकार के कृत्यों के लिए किसी एक वंशवादी परिवार के नेता को ही जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। अनेक ऐसे राजनीतिक परिवारों के युवराज हैं, जो स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था पर यकीन नहीं करते। उनका एकमात्र लक्ष्य देश के आम आदमी को न्याय दिलाना न होकर अपने परिवार के वैभव व आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। इसी कारण वे चुनाव सुधारों का विरोध करते हैं। जनता उनके संकीर्ण विमर्श पर कई बार उन्हें दर्पण भी दिखा चुकी है। उनके द्वारा फैलाए जाने वाले अफवाह व झूठ के जाल को तार तार करके उनके पैरों तले से धरती खिसका चुकी है, लेकिन वे अपनी ही गलतफहमियों के शिकार हैं, उन्हें यथार्थ से जैसे कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में जरुरी है कि स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु सभी राजनीतिक दल घुसपैठियों से देश को मुक्त कराने, चुनाव सुधार की कवायद में कार्यपालिका का साथ देने में जनसाधारण के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाए तथा लोकतंत्र को वंशवादी अवधारणा के नाम पर अपनी बपौती समझने वाले तत्वों की गलतफहमी दूर करे।

## सेहत मंत्र

# खाएंगे कूल फूड तो रहेंगे कूल-कूल

गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूडियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। महिलाएं होममेकर हों या कामकाजी हैं, गर्मी में दोनों को हाइड्रेशन मेंटेन करना बहुत जरूरी है यानी पानी खूब पीयें। ठंडे पदार्थ जैसे जौ, काला चना, चावल आदि को अपने भोजन में शामिल करें। इनमें पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं। गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूड़ियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। तेज गर्मी में आपकी कुछ कोशिशें आपको कूल रखने में कामयाब रहेंगी। सुबह नाश्ते में छांछ या ठंडा दूध ले सकती हैं। स्वाद के लिए दूध में इलायची पाउडर मिलाया जा सकता है। खाली पेट मौसमी फल का भी सेवन कर सकती हैं। दो घंटे बाद एक कटोरी दलिया या एक प्लेट पोहा खाएं। लंच में यदि गेहूं की रोटी खाती हैं तो उसमें थोड़ा चने का आटा भी मिक्स करें। यह न सिर्फ ठंडा होता है, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यही नहीं चना न केवल वजन घटाता है, बल्कि शुगर भी कम करता है। ऑफिस जाने वाली महिलाएं अपने साथ नींबू पानी, छांछ, नारियल पानी आदि अवश्य रखें। दो-दो घंटे के अंतराल पर उनका सेवन करें। पहले गर्मी के मौसम में गुलाबरस शर्बत, ठंडाई आदि ली जाती थी। आज भी इनका महत्व कम नहीं हुआ है। इन्हें घर में तैयार कर या फिर बाजार में उपलब्ध ऐसे शर्बतों का प्रयोग किया जा सकता है। खाली पेट रहने से बचें। जो महिलाएं ऑफिस जाने के क्रम में अधिक यात्रा करती हैं, वे अपने पास मूंगफली आदि का पैकेट जरूर रखें, क्योंकि खाली पेट रहने पर लू या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। पानी की बॉटल तो जरूर रखें। सनग्लासेज और बिना पावर के चश्मे से आंखों का बचाव करें। धूप में सिर को कवर करके चलें।

मौसमी फलों जैसे कि तरबूज खरबूज आदि का सेवन दिन में एक बार जरूर करें। खीरा, ककड़ी, प्याज आदि को भी भोजन में शामिल करें, ताकि जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। नेचुरल फ्रूट्स में शुगर की मात्रा भी बेहद कम होती है।

## धर्म मंत्र

# अपने चमत्कारों के लिए भी जाने जाते हैं साईंबाबा

अपने भक्तों के हर दुख दर्द को दूर करने के लिए विख्यात हैं शिरडी के साईं बाबा। साईं बाबा ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया और एक ईश्वर की अवधारणा का लोगों को संदेश दिया। उनके मंदिरों में सभी धर्मों और जातियों के श्रद्धालु आते हैं और साईं बाबा आशीर्वाद देकर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। साईं बाबा की प्रसिद्धि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है। माना जाता है कि सन 1854 में साईं बाबा शिरडी आए थे। वह दिव्य शक्ति के महात्मा थे। जब साईं बाबा शिरडी आए, उस समय वह एक छोटा सा गांव था। बाद में बाबा के चमत्कार से शिरडी की ख्याति दूर?दूर तक फैलती गई जिससे इस क्षेत्र का विकास होता चला गया। साईं बाबा शिरडी में एक पुरानी मस्जिद में रहा करते थे। उनके भक्तों को उनसे मिलने यहीं आना पड़ता था। साईं बाबा ने इस मस्जिद का नाम द्वारका भाई रखा था। शिरडी में कई नई इमारतें बनने के बावजूद साईं बाबा द्वारका भाई में ही रहना पसंद करते थे। साईं बाबा ने शिरडी में आने के बाद अपनी योग शक्ति से एक अग्नि जलाई थी जिसे धुनी कहा जाता है। इस धुनी में दिन?रात आग जलती रहती है। इस धुनी की राख को उदी कहा जाता है। साईं बाबा भक्तों को उदी दिया करते थे, इसी उदी से भक्तों के रोग दूर होते थे और उनके कष्टों का निवारण होता था। आज भी साईं बाबा के मंदिरों में भक्तों को यह उदी दी जाती है। साईं बाबा अंतर्यामी भी थे उन्हें अपने भक्तों पर आने वाले संकट का आभास हो जाया करता था।

## पर्यटन



# पर्यटकों को आकर्षित करता है पंचगनी का ठंडा मौसम और जादुई झरने

महाराष्ट्र में वैसे तो कई प्रसिद्ध हिल स्टेशन हैं लेकिन सतारा जिले के पंचगनी की बात ही कुछ और है। यह इलाका कई प्रमुख आवासीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रसिद्ध है। पंचगनी की खोज ब्रिटिश लोगों ने की थी और गर्मियों में यह ब्रिटिश लोगों के रुकने का स्थान होता था। यह उल्लेख मिलता है कि 1860 के दशक में जॉन चेस्सों नामक अंग्रेज अधिकारी ने यहां पश्चिमी दुनिया के बहुत सारे पौधों की प्रजातियों को लगाया जिसमें सिल्वर ओक एवं पोइंसेटिया प्रमुख हैं। पंचगनी की खासियत यह है कि यहां का मौसम साल भर खुशनुमा रहता है इसलिए यह अंग्रेजों की आरामगाह थी। पंचगनी का अर्थ है पाँच पहाड़ियाँ। यह क्षेत्र समुद्री सतह से लगभग 1,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का शांत और ठंडा मौसम लगातार गर्म और झुलसे हुए पठार से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ के पहाड़ जादुई झरनों और सँकरे, छोटी तथा घुमावदार धाराओं से आच्छादित हो जाते हैं। यदि आप ड्राइव करते हुए यहां आएं तो आपको और मजा आयेगा। अगर आप मुंबई से आ रहे हैं तो मुंबई-पुणे राजमार्ग का उपयोग करने पर जल्दी यहाँ पहुंच सकते हैं। पंचगनी पहाड़ी के नीचे के रास्ते पर है जो सतारा की ओर जाता है। यदि आप बहुत बड़े समूह में यात्रा कर रहे हैं तो यह ठीक रहेगा कि आप पंचगनी-महाबलेश्वर रोड पर अंजुमन ए इस्लाम शाला के सामने स्थित बंगले किराये पर ले लें। यहां घूमने के लिए सबसे सही समय सितंबर से मई तक है जब मानसून धीमा पड़ जाता है। ठंड में पंचगनी का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस होता है। जून से सितंबर के भारी वर्षा के दिनों में भी परिवार और पर्यटक यहां आते हैं और इस स्थान के अलौकिक सौंदर्य को देखते ही रह जाते हैं। पंचगनी सहयाद्री पर्वत श्रृंखला के पाँच पहाड़ियों के मध्य में है और इसके चारों ओर पांच गांव- दंदेघर, खिंगर, गोद्वाली, अमरल एवं तैघाट हैं भी बसे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

## पूरे गांव में मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिले के कोठी थाना क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में लगभग 21 वर्षीय विवाहिता मंनजीश ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंासी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। यह दर्दनाक घटना न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए गहरे शोक का कारण बन गई है।सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घर में मातम पसरा हुआ है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा



छाया हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका मंनजीश की शादी मोहद्दीनपुर निवासी रंजीत कुमार से हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था और शादी दोनों की सहमति से हुई थी। शुरुआती तौर पर सब कुछ सामान्य




बताया जा रहा था, लेकिन अचानक घटी इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्रामीणों के अनुसार, फांसी लगाने से ठीक पहले मंनजीश ने अपने माता-पिता को फोन कर यह बताया कि वह आत्महत्या करने जा रही है। यह सुनते ही परिजन स्तब्ध रह गए, लेकिन इससे पहले कि वे कुछ कर पाते, मंनजीश ने फंासी लगाकर अपनी जान दे दी। यह जानकारी सामने आने के बाद मामला और भी अधिक संवेदनशील हो गया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार सौरभ सिंह भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटे। वहीं पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा हो सके।फिलहाल, इस हृदय विदारक घटना ने कई अनुत्तरित सवाल छोड़ दिए हैं। एक युवा विवाहिता का इस तरह दुनिया छोड़ जाना समाज और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# प्रदेश स्तरीय दो सदस्य टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी सिद्धौर शनिवार को प्रदेश स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर समेत क्षेत्र के तीन अन्य उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रदेश स्तरीय टीम के डीएमओ आलोक कुमार व डॉ. के.के. वर्मा के आगमन की सूचना मिलते ही सुबह से ही अस्पताल का पूरा स्टाफ मुस्तैद नजर आया।टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और रखरखाव का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के बाद टीम ने स्वास्थ्य उप केंद्र डीहा,नवाबपुर न्योछना का भी निरीक्षण किया।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान




देखी गई सभी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।इस मौके पर अधीक्षक डॉ. कुमार संजय पांडे, विजय कुमार वर्मा, राजदेव, डॉ. अजय रावत, डॉ. अर्चना, नीतीश साहू, स्टाफ नर्स बबीता, निरदुल कुमारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा के बाद भंडारे का हुआ आयोजन, हजारों ने लिया प्रसाद

## अतिथियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के विकास खंड बनीकोडर के सिल्हौर ग्राम पंचायत के रामगढ़ में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के बाद विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया।कथा के समापन के बाद पूर्णाहुति हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा परिसर में याज्ञाचार्य पंडित गंगासागर तिवारी जी महाराज ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया।उसके बाद विशाल भंडारा हुआ। इस दौरान कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दक्षिणा भी भेंट की है गई। भंडारे में क्षेत्र के आसपास के गांव के लोग मौजूद रहे। भंडारा देर रात तक चलता रहा। सिल्हौर ग्राम पंचायत के निवासी उदय नारायण पाठक के संयोजन में विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया, ब्रह्म



भोज में आसपास के गांव के लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया,भंडारे में मुख्य रूप से ग्राम भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह रिंकू,विवेकानंद शुक्ला,देवानंद पांडे,किसान नेता मायाराम यादव,हरिशंकर तिवारी, दीपेश पांडे,कीर्तिमान,विमल गुप्ता,केदार पांडे, आशीष सिंह,संदीप यादव,मल्लू गुप्ता,पंकज पाठक,उमेश मिश्रा, पारस नाथ तिवारी,प्रेम यादव, ज्ञानचंद गुप्ता, रतौली प्रधान महावीर सिंह रिंकू टिकरा प्रधान सोनू सिंह सहित क्षेत्र के हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## श्रद्धा पूर्वक याद किए गए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।श्री वीरेन्द्र स्वरूप पांडेय स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित व संस्कृति मंत्रायल भारत सरकार द्वार प्रायोजित श्री सुन्दर लाल इंटर कालेज औरेला सैदनपुर में भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म शताब्दी मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता पाण्डेय पूर्व निदेशक रेल मंत्रालय भारत सरकार, पण्डित सिद्धार्थ अवस्थी वरिष्ठ भाजपा नेता, अध्यक्ष अनंत कुमार पाण्डेय, सचिव कौशल किशोर त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक केपी शुक्ला प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित व्यवस्थापक आदित्य दीक्षित ने मां सरस्वती श्रद्धेय अटलजी स्मृति शेष वीरेंद्र स्वरूप पांडेय जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर आशुतोष कुमार यादव विद्यालय के शिक्षकों की सहायता सुनियोजित रूप कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया। इस कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता निबन्ध प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और रेली निकाली, निबंध प्रतियोगिता में अमन वर्मा प्रथम, मरहबा आफरीन द्वितीय व नसरा अंजुम भाषण प्रतियोगिता में अंकू मौर्या, आरजू जायसवाल, मो. फ़ैशल क्यूज प्रतियोगिता में मरहबा आफरीन, अंशु तिवारी व गरिमा मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीया स्थान प्राप्त किया निर्णायक मण्डल दिलीप तिवारी, आनन्द शुक्ला, सत्यनाम वर्मा, कमलाकांत पाण्डेय हर्षिता सिंह विजई छात्र छात्राओं की घोषणा की विजय छात्र छात्राओं को श्री वीरेंद्र स्वरूप पांडेय स्मृति सेवा संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

# भरत जी व केवट से लें त्याग व भक्ति की प्रेरणा

## कथा व्यास परमपूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी श्रीराम कथा में कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से कहा कि भरत व केबट से त्याग व भक्ति की प्रेरण लेनी चाहिए। क्योकि राम और भरत ने संपति का बटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किये। और केवट ने समर्पित भाव से भगवान राम के पैर धोये थे। साथ ही उन्होनें कहां कि दुनिया की कोई भी मां अपने बेटों को कष्ट नही देती है। व्यास जी ने वन गमन के समय श्रीराम की भेंट उनके प्रिय सखा निशाद राज गुह से कर तत्पश्चात गंगा नदी पार करने के लिए भगवान केवट से मिले भगवान को साक्षात सामने पाकर केवट अपनी व्यथा सुनाई। केवट ने कहा की जब तक आप अपने पैर नहीं घुलवाऐंगें। तब तक मैं आपको नदी पार नहीं कराउंगा। अन्त में भगवान को विवश होकर केंवट से चरण घुलवाने। पड़े, भगवान के चरण पकड़ने का अवसर केवट को प्राप्त हुआ, जिससे उसके



साथ-साथ उसकी सात पीढ़ी तर गयी। आप सभी यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करेंगे तो भगवान के दर्शन प्राप्त होगें और आप भी तर जायेंगें। श्री भारद्वाज राम-भरत मिलन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रभु राम, भरत को रघुवंश का हंस कहा। भरत प्रेमरूपी अमृत के सागर है। भरत चित्रकूट से श्रीराम की चरण पादुका लेकर आये। चरण पादुका को ही सिंहासन पर रखकर भगवान के अयोध्या वापस आने के पूर्व ही रामराज्य ही स्थापना कर डाली। उन्होनें श्रोताओं से कहा कि जब हम अपने जीवन मात्र में अपने प्रति अन्य सबके योगदान के बारे में चिंतन करेगें और भगवान राम पर दृष्टिगत करेंगे तो अनुभव करेंगे कि अपने जीवन में हमारा योगदान शून्य है। हम सभी को अपनी योग्यता बढ़ानी होगी। देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने गीता का सार अध्ययन करने के बाद अपनी योग्यता का विस्तार कर अपना पूरा जीवन राष्ट्र की उन्नति हेतु लगा दिया। स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका में वेदान्त का प्रचार कर अध्यात्म की दिशा में भारत को विश्व का सिरमौर बनाया। जो सच्चा ज्ञानी होता है वही समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ भी अपने गुणों से श्रेष्ठ हो सकता है। क्योंकि श्रेष्ठता सदैव गुणों पर ही निर्भर करता है। विषम परिस्थितियों में कष्टों को झेलने को देखने का प्रयास करना चाहिए। श्रेष्ठता प्राप्त करने का यह प्रथम सोपान हैं भरत से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए कि त्याग व भक्ति की सदैव श्रेष्ठ होता है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

निन्दूरा/रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में करीब 813 बच्चे सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के लिए बाबू हरनाथ सिंह सिसोदिया इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज निन्दूरा को केंद्र बनाया गया था। बाबू हरनाथ सिंह सिसोदिया इंटर कॉलेज में आवंटित 456 विद्यार्थियों में से 259 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज निन्दूरा में कुल 357 विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, जिनमें से 185 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस प्रकार निन्दूरा विकासखंड से आवेदन करने वाले कुल 813 बच्चों में से 444 बच्चों ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी एवं व्यवस्थित प्रबंधन के बीच परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।''रामनगर'' जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर में केंद्र बनाया गया था ।जिसमें 312 परीक्षार्थी अंकित थे। जिसमें से 211 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी ।कॉलेज के प्रबंधक एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल परीक्षा केंद्र का सघन निरीक्षण किया। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय के सीएलओ तथा पर्यवेक्षक राकेश ठाकुर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहे ।13 कमरों में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई ।कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह परीक्षा व्यवस्था में अपने कर्मचारियों के साथ लग रहे।

## वार्षिकोत्सव करियर गार्ड न्स मेला आयोजन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इंटर कॉलेज घुंघटेर में शैक्षणिक सत्र 2025S26 के अंतर्गत करियर गाइडेंस कार्यक्रम (मेला) एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। करियर गाइडेंस मेले में विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। एमडी कॉलेज अमरसंडा से आए नवीन वर्मा ने कक्षा 10 एवं 12 उत्तीर्ण करने के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पंख पोर्टल नोडल शिक्षिका श्रुति ने विद्यालय में संचालित करियर गाइडेंस कार्यक्रम एवं पंख पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

# चरण पादुका शोभायात्रा : शहर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर में श्री साईं महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकली, पूरा नगर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हुआ। जीआईसी ऑडिटोरियम में श्री शिरडी साईं बाबा सेवा ट्रस्ट बाराबंकी व श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के सहयोग एवं मार्गदर्शन आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे नागेश्वर नाथ मंदिर से हुआ। श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गडिलकर (आईएएस) के नेतृत्व में बाबा की वह पावन चरण पादुका, जिसे स्वयं साईं बाबा ने 107 वर्षों तक उपयोग में लाया था, अद्भुत रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकली। यह चरण पादुका पहली बार जिले में भक्तों के दर्शन हेतु लाई गई है।शोभायात्रा में पालकी, चंद्र झांकियां, भजन मंडलियां, डीजे-बैंड, घोड़े-ऊंट, कलश यात्रा तथा सैकड़ों की संख्या में साईं भक्त शामिल रहे। सांई शोभा यात्रा का स्वागत व्यापारी नेता संजय निगम के प्रतिष्ठान गल्ला मंडी में भव्य स्वागत डा.विवेक वर्मा की धर्म पत्नी डा.मीनाक्षी वर्मा व व्यापारी नेता रविनन खजांची, सरदार चरनजीत सिंह भव्य आरती व फूल मालाओं से बाबा साईं राम जी की आरती की जिसमें मुख्य रूप से लिटील निगम,संजय निगम, रमेश निगम,अतुल निगम,रवि वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा, रामनिवास वर्मा,बबीता निगम,खुशी निगम,मानसी निगम,आदि सैकड़ों बाबा साईं राम के भक्त उपस्थित थे।

## किसान पाठशाला पंचायत स्तर गोष्ठी में दी जानकारी

निंदूरा बाराबंकी। गांव में लगी किसान पाठशाला द मिलियन फार्मर्स स्कूल (आठ), किसान पाठशाला / ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी के अंतर्गत आज ग्राम तरावां, विकास खंड निंदूरा के पंचायत भवन सभागार में प्रधान प्रतिनिधि की अध्यक्षता में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। किसान पाठशाला में कृषकों को उन्नत कृषि तकनीक के बारे में जानकारी दी गई तथा साथ ही कृषकों को कृषि से अपनी आय को कैसे बढ़ाएं तथा कृषि के साथ किन उद्यमों को अपना कर कृषक अपनी आय को बढ़ा सकते हैं इन विषयों पर कृषकों को जानकारी दी गई साथ ही कृषि विभाग व अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में व उन पर प्राप्त अनुदान आदि की विस्तृत जानकारी भी कृषकों को प्रशिक्षकों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई, कृषि संबंधी कृषकों की समस्याओं के समाधान के साथ किसान पाठशाला सुचारू रूप से संपन्न हुई कृषकों द्वारा उक्त कार्यक्रम की सराहना की है गई तथा सरकार का धन्यवाद किया गया।

# भरत जी व केवट से लें त्याग व भक्ति की प्रेरणा

## कथा व्यास परमपूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दुर्गा पूजा स्थल टिकैतनगर में आयोजित श्रीराम कथा में कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से कहा कि भरत व केबट से त्याग व भक्ति की प्रेरण लेनी चाहिए। क्योकि राम और भरत ने संपति का बटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किये। और केवट ने समर्पित भाव से भगवान राम के पैर धोये थे। साथ ही उन्होनें कहां कि दुनिया की कोई भी मां अपने बेटों को कष्ट नही देती है। व्यास जी ने वन गमन के समय श्रीराम की भेंट उनके प्रिय सखा निशाद राज गुह से कर तत्पश्चात गंगा नदी पार करने के लिए भगवान केवट से मिले भगवान को साक्षात सामने पाकर केवट अपनी व्यथा सुनाई। केवट ने कहा की जब तक आप अपने पैर नहीं घुलवाऐंगें। तब तक मैं आपको नदी पार नहीं कराउंगा। अन्त में भगवान को विवश होकर केंवट से चरण घुलवाने। पड़े, भगवान के चरण पकड़ने का अवसर केवट को



प्राप्त हुआ, जिससे उसके साथ-साथ उसकी सात पीढ़ी तर गयी। आप सभी यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करेंगे तो भगवान के दर्शन प्राप्त होगें और आप भी तर जायेंगें। श्री भारद्वाज राम-भरत मिलन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रभु राम, भरत को रघुवंश का हंस कहा। भरत प्रेमरूपी अमृत के सागर है। भरत चित्रकूट से श्रीराम की चरण पादुका लेकर आये। चरण पादुका को ही सिंहासन पर रखकर भगवान के अयोध्या वापस आने के पूर्व ही रामराज्य ही स्थापना कर डाली। उन्होनें श्रोताओं से कहा कि जब हम अपने जीवन मात्र में अपने प्रति अन्य सबके योगदान के बारे में चिंतन करेगें और भगवान राम पर दृष्टिगत करेंगे तो अनुभव करेंगे कि अपने जीवन में हमारा योगदान शून्य है। हम सभी को अपनी योग्यता बढ़ानी होगी। देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने गीता का सार अध्ययन करने के बाद अपनी योग्यता का विस्तार कर अपना पूरा जीवन राष्ट्र की उन्नति हेतु लगा दिया। स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका में वेदान्त का प्रचार कर अध्यात्म की दिशा में भारत को विश्व का सिरमौर बनाया। जो सच्चा ज्ञानी होता है वही समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ भी अपने गुणों से श्रेष्ठ हो सकता है। क्योंकि श्रेष्ठता सदैव गुणों पर ही निर्भर करता है। विषम परिस्थितियों में कष्टों को झेलने को देखने का प्रयास करना चाहिए। श्रेष्ठता प्राप्त करने का यह प्रथम सोपान हैं भरत से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए कि त्याग व भक्ति की सदैव श्रेष्ठ होता है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में गिल की बल्लेबाजी पर होंगी नजरें

एजेंसी




धर्मशाला। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी जो इस प्रारूप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे है। गिल को श्रृंखला के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है। धर्मशाला में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है और बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमाला की पृष्ठभूमि में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम के भीतर माहौल गर्म होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं। एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होगी। दुनिया भर की मौजूदा टी20 टीमों को देखे तो दक्षिण अफ्रीका इस बार उपमहाद्वीप में खिताब जीतने के लिए काफी मजबूत और संतुलित नजर आ रहा है। क्विंटन डिकॉक की वापसी और उनके साथ कप्तान एडन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और हरफनमौला यानसन की मौजूदगी ने उनकी बल्लेबाजी को बेहद खतरनाक बना दिया है। विश्व कप से पहले अब भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं। ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने कठिन चुनौतियां हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे शीर्ष क्रम के दो बल्लेबाजों को एक साथ खिलाना शायद टीम के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। कप्तान होने के नाते सूर्यकुमार यादव को एक साल से खराब फॉर्म के बावजूद विश्व कप तक कुछ हद तक सुरक्षा मिलने की संभावना है। लेकिन यह छूट गिल को मिलना मुश्किल है क्योंकि वह एशिया कप से पहले तक पारी का आगाज करने के लिए मूल विकल्प नहीं थे। छोटे प्रारूप की टीम में उनकी वापसी अब ऐसे फैसले की तरह दिख रही है, जिसमें बिना जरूरत एक संतुलित संयोजन से छेड़छाड़ की गई।

# एडिलेड टेस्ट से पहले उस्मान ख्वाजा ने खुद को 100 फीसदी फिट घोषित किया

एजेंसी



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा ने एशेज सीरीज़ के तीसरे टेस्ट से पहले खुद को पूरी तरह फिट बताते हुए साफ किया है कि वह अब भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि अंतिम एकादश में उनका चयन होगा या नहीं, यह उनके हाथ में नहीं है। एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन 39 साल के होने जा रहे ख्वाजा ने कहा कि टीम में अपनी जगह को लेकर चल रही अटकलों से वह बिल्कुल भी परेशान नहीं हैं। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड की नई ओपनिंग जोड़ी के शानदार प्रदर्शन के बाद चयनकर्ताओं के सामने मुश्किल जरूर है, लेकिन ख्वाजा ने इसे स्वाभाविक प्रक्रिया बताया। ख्वाजा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, ल्लमैं अभी भी टीम के लिए अहम हूं, मुझसे खेलने के लिए कहा जा रहा है और इसी वजह से मैं यहां हूं। जब तक मुझे महत्व दिया जाएगा, मैं अपना काम करता रहूंगा। 85 टेस्ट खेल चुके ख्वाजा ने संन्यास की अटकलों को भी खारिज किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड का बचाव करते हुए कहा कि वह अलग-अलग परिस्थितियों और फॉर्मेट में सफल रहे हैं और उनके खेल में अब भी कई 'गियर' बाकी हैं। उन्होंने कहा, ल्लमुझे प्रतिस्पर्धा पसंद है। लंबे समय तक लगातार प्रदर्शन करना ही असली कसौटी होती है, न कि एक-दो मैच। ख्वाजा ने यह भी स्पष्ट किया कि बाहरी आलोचनाओं या राय से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, लोगों की अपनी-अपनी राय होती है और यह बिल्कुल ठीक है। मैं इस पर समय बर्बाद नहीं करता कि बाहर लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं। गौरतलब है कि पर्थ टेस्ट के दौरान ख्वाजा को पहली बार अपने करियर में पीठ में ऐंठन (बैक स्पाज़्म) की समस्या हुई थी। इसी वजह से वह पहली पारी में ओपनिंग नहीं कर सके और बाद में उनकी स्थिति बिगड़ने के कारण गाबा टेस्ट से बाहर हो गए थे। अब फिट होकर लौटे ख्वाजा ने बताया कि इस चोट के बाद उन्होंने अपनी तैयारी के तरीके में बदलाव किया है। उन्होंने कहा, अब मैं ज्यादा सतर्क रहता हूं। फ्लाइट के दिन ज्यादा कुछ नहीं करता, शरीर को धीरे-धीरे तैयार करता हूं। लंबी यात्रा और देरी की वजह से पर्थ में परेशानी बढ़ गई थी।

## टी20 विश्व कप के टिकट बिक्री पोस्टर पर अपने कप्तान की तस्वीर शामिल नहीं करने से पीसीबी खफा

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है। सूत्र ने कहा, ''कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।

## बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय बल्लेबाजों में भूमिका की कमी दिखी: उथप्पा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को मुल्लनपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गयी। इस 51 रन की हार के साथ पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गयी। उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया। उन्हों 'जियो हॉटस्टार' पर कहा, '' शुभमन गिल आउट हुए तो अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। उस समय उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज की भूमिका निभानी थी जो जोखिम उठाकर बल्लेबाजी करें और तेजी से रन बनाकर अभिषेक शर्मा पर से दबाव कम कर सके। उथप्पा का मानना था कि अक्षर की धीमी गति से खेली गई 21 रनों की पारी दबाव कम करने में विफल रही, जिससे उनके आसपास विकेट गिरने लगे और रणनीति में बदलाव करना पड़ा। इससे लक्ष्य का पीछा करना और धीमा हो गया। उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को अपनी भूमिकाओं और पारी को आगे बढ़ाने के तरीके के बारे में स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पहले छह से आठ ओवरों के बाद बल्लेबाजों की रणनीति में लचीलापन ठीक है, लेकिन बड़े स्कोर का पीछा करने से पहले एक मजबूत नींव की जरूरत होती है।

# मेस्सी को देख नहीं पाने के कारण प्रशंसकों के हिंसक होने से मची अफरा-तफरी

एजेंसी



कोलकाता। फुटबॉल के दीवानों के लिए जो जीवन का सबसे सुखद अनुभव हो सकता था, वह शनिवार को बुरी याद में बदल गया क्योंकि बड़ी रकम खर्च कर टिकट खरीदने के बावजूद हजारों प्रशंसक ने अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी की एक साफ झलक नहीं मिल पाने से निराशा में यहां साल्ट लेक स्टेडियम के अंदर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मेस्सी का विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन का बहुप्रचारित दौरा 2011 के बाद इस मैदान पर उनकी यह पहली उपस्थिति थी लेकिन यह एक अव्यवस्थित घटना बन गई। प्रशंसकों की भीड़ द्वारा सुरक्षा घेरा तोड़ने, तोड़-फोड़ और पुलिस के हस्तक्षेप से यह आयोजन फीका पड़ गया। इस कार्यक्रम को फुटबॉल के महानतम वैश्विक सितारों में से एक के उत्सव के रूप में प्रचारित किया गया था लेकिन यह पूरी तरह से अराजकता में बदल गया। विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी अपने लंबे समय के साथी लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के टीम के साथी रोड्रिगो डी पॉल के साथ सुबह करीब 11.30 बजे स्टेडियम पहुंचे। उनका वाहन मैदान के एक कोने में पार्क किया गया था। मैदान पर उनके कदम रखते ही वह आयोजकों, मशहूर हस्तियों और सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में घिर गए, जिससे गैलरी में बैठे सामान्य दर्शक एक झलक देखने के लिए तरसते रह गए। मेस्सी ने मैदान पर थोड़ी दूर चहलकदमी की और 'मेस्सी, मेस्सी' के नारों के बीच दर्शकदीर्घा की ओर हाथ हिलाया। प्रशंसकों को हालांकि जल्द ही एहसास हो गया कि यह फुटबॉल खिलाड़ी सुरक्षा और आमंत्रित मेहमानों के कड़े घेरे में हैं, जिससे वह गैलरी के बड़े हिस्सों से मुश्किल से दिखाई दे रहे थे। कई लोगों ने शिकायत की कि वह विशाल स्क्रीनों पर भी साफ दिखाई नहीं दे रहे थे। प्रशंसकों की निराशा बढ़ती गयी और जैसे ही यह स्पष्ट हुआ कि अर्जेंटीना का यह स्टार स्टेडियम का पूरा चक्कर नहीं लगाएगा तो 'वी वांट मेस्सी (हमें मेस्सी चाहिए)' के नारे तेज हो गये। मेस्सी पहले से तय स्टेडियम का पूरा चक्कर लगाने की जगह बीच रास्ते से ही वापस मुड़ गए और अपने निर्धारित समय से काफी पहले ही बाहर निकाल लिए गए। मेस्सी के समय से पहले मैदान से निकलने की खबर फैलते ही दर्शकों का गुस्सा फुट पड़ा। मैदान में बोतलें और फिर प्लास्टिक की कुर्सियां भी फेंकी गईं। प्रायोजक बैनर और होर्डिंग फाड़ दिए गए, बड़ी संख्या में सीटें तोड़ दी गईं और भीड़ ने मैदान के कुछ हिस्सों में जबरन घुसने के लिए बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बढ़ते हंगामे के बीच प्रशंसकों ने राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास और इस कार्यक्रम के आयोजक शताद्रु दत्ता की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रशंसकों ने आयोजकों को इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के घोर कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि मेस्सी के बाहर निकलने के तुरंत बाद आयोजक(प्रमोटर शताद्रु दत्ता और उनकी टीम) मैदान पर दिखना बंद हो गए तो स्थिति और बिगड़ गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बॉर्नमाउथ के खिलाफ मुकाबले से पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड को म्ब्यूमो, माज़राउई और डायलो की उपलब्धता का इंतजार

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन अमोरिम ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम कई संभावित हालात के लिए तैयारी कर रही है, क्योंकि क्लब को अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ब्रायन म्ब्यूमो, नूसैर माज़राउई और अमाद डायलो सोमवार को बॉर्नमाउथ के खिलाफ होने वाले प्रीमियर लीग घरेलू मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। ये तीनों खिलाड़ी अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में हिस्सा लेने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीमों से जुड़ने वाले हैं। यह टूर्नामेंट 21 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगा। म्ब्यूमो कैमरून, माज़राउई मोरक्को और डायलो आइवरी कोस्ट की ओर से खेलते हैं। अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए खिलाड़ियों की अनिवार्य रिलीज़ तारीख सोमवार है, जिसके चलते यूनाइटेड इस बात को लेकर असमंजस में है कि क्या ये खिलाड़ी मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए रवाना होंगे या उससे पहले ही क्लब छोड़ देंगे। मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए अमोरिम ने कहा, हम अभी भी राष्ट्रीय टीमों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मैच सोमवार को है, खिलाड़ी यहां हैं, ट्रेनिंग कर रहे हैं और हम हर स्थिति के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन साथ ही कोई नहीं जानता कि कौन खेलेगा, जो अपने आप में एक अच्छी बात है। हमारे पास हर स्थिति से निपटने के लिए खिलाड़ी मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, हर राष्ट्रीय टीम की अपनी रणनीति होती है कि वे खिलाड़ियों को कब बुलाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि आज या कल तक फैसला हो जाएगा, लेकिन हम आखिरी पल तक इंतजार करेंगे ताकि सबसे बेहतर टीम का चयन कर सकें। इसी बीच चोटों ने भी यूनाइटेड की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। डिफेंडर हैरी मैगुइर और मैथिज़ डे लिग्ट अभी भी चोट के चलते बाहर हैं, जबकि स्ट्राइकर बेंजामिन शेश्को की उपलब्धता पर भी सवाल बना हुआ है। 22 वर्षीय स्लोवेनियाई स्ट्राइकर शेश्को, जिन्हें क्लब ने इस सीजन 76.5 मिलियन यूरो में साइन किया था, नवंबर में टोटेनहम के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ हुए मुकाबले में घुटने में चोट लगने के बाद से पिछले चार मैच नहीं खेल पाए हैं। अमोरिम ने बताया,ल्लहमें देखना होगा कि शेश्को उपलब्ध होते हैं या नहीं। उन्हें फूड पॉइज़िनंग भी हुई है, लेकिन अभी दो ट्रेनिंग सेशन बाकी हैं। फिलहाल मैनचेस्टर यूनाइटेड 15 मैचों में 25 अंकों के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि एंडोनी इराओला की बॉर्नमाउथ टीम 20 अंकों के साथ 13वें स्थान पर मौजूद है। अमोरिम ने बॉर्नमाउथ को मजबूत चुनौती बताया और कहा,ल्लयह एक टॉप टीम है, एक बेहतरीन मैनेजर और खास खिलाड़ियों के साथ। मैं सिर्फ नतीजों को नहीं देखता, बल्कि यह देखता हूं कि वे हर विरोधी के खिलाफ कैसे खेलते हैं। वे बहुत आक्रामक प्रेसिंग करते हैं और सीधे खेलते हैं। यह मुकाबला बेहद कठिन होगा, लेकिन हमें खासकर घरेलू मैदान पर जीत दर्ज करनी ही होगी।

### त्सिगानकोव के दो गोल से गिरोना ने रीयाल सोसिएदाद को 2-1 से हराया

**मैड्रिड।** यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है। गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर ( 76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गयी। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है।

### असम में टीवीएस का तकनीकी केंद्र खुला

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी में टीवीएस क्रेडिट टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। राज्य सरकार ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए इस साल फरवरी में आयोजित निवेश सम्मेलन 'एडवांटेज असम 2.0' के दौरान एक समझौता किया गया था। यह केंद्र असम सरकार के मजबूत डिजिटल परिवेश बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे युवाओं को डिजिटल युग की जरूरतों के हिसाब से कौशल प्रशिक्षण दिया जा सके। शुक्रवार को उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह केंद्र असम ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# टीपीएल सीजन-7 में एक साथ नजर आए लिएंडर पेस और महेश भूपति, 'ली-हेश' की मौजूदगी से सजी यादगार शाम



अहमदाबाद। टेनिस प्रेमियों के लिए टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन-7 का चौथा दिन शुक्रवार बेहद खास रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टेनिस के दो महान सितारे लिएंडर पेस और महेश भूपति एक साथ कोर्ट पर नजर आए। दोनों की मौजूदगी ने दर्शकों को 'ली-हेश' युग की यादें ताजा कर दीं। लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में मौजूद थे, जबकि महेश भूपति एसजी पाइपर्स बेंगलुरु टीम के समर्थन में पहुंचे। यह टीम एसजी स्पोर्ट्स के स्वामित्व में है, जहां भूपति सीईओ की भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि पेस और भूपति की जोड़ी ने साथ में तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते थे और विश्व नंबर-1 डबल्स जोड़ी बनी थी। अहमदाबाद में लीग के आयोजन को लेकर उत्साहित पेस ने कहा, अहमदाबाद में होना शानदार है। मौसम बेहतरीन है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना एक सपने जैसा है। हमारा लक्ष्य देशभर में टेनिस को लोकप्रिय बनाना है। उन्होंने आगे कहा, मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का आभारी हूं जो इस लीग का समर्थन कर रहे हैं। यहां जूनियर्स, प्रोफ़ेशनल्स, लड़के-लड़कियां और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आते हैं। पूरे टेनिस समुदाय का एक मंच पर आना वाकई खास है। शुक्रवार को दिन के तीसरे मुकाबले में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को कड़े मुकाबले में 51-49 से हराया। मैचों पर प्रतिक्रिया देते हुए पेस ने कहा, मेरा मुकाबला रोहन और महेश की टीम से था। इससे पहले महेश सानिया की टीम के खिलाफ खेले। ऐसे प्रतिस्पर्धी मुकाबले ही खेल को एकजुट करने का काम करते हैं। अंक तालिका पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ शीर्ष पर है। उन्होंने कहा, सीजन शानदार चल रहा है। मैं अपनी टीम को लेकर थोड़ा पक्षपाती जरूर हूं, लेकिन अभी काफी टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बेहद दिलचस्प है। अपने अनुभव और भूमिका को साझा करते हुए पेस ने कहा, 40 साल तक देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और 7 ओलंपिक खेलना सौभाग्य की बात है। अब युवाओं को मार्गदर्शन देना और इस तरह की लीग बनाना, जहां वे कमा सकें, प्रतिस्पर्धा कर सकें और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेल सकें–यही मुझे प्रेरित करता है।

# सेल ने अप्रैल-नवंबर के दौरान बिक्री में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी सेल की बिक्री मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता के बीच अप्रैल-नवंबर 2025 अवधि के दौरान सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.27 करोड़ टन हो गई। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस्पात क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1.11 करोड़ टन की बिक्री दर्ज की थी। कंपनी ने कहा, वैश्विक व्यापार नीति की अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न वैश्विक मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता सहित कई चुनौतियों के बावजूद एक मजबूत बिक्री रणनीति के कारण यह मजबूत प्रदर्शन संभव हो पाया। कंपनी ने बताया कि आठ महीने की अवधि के दौरान खुदरा बिक्री भी मजबूत रही। देशव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों के समर्थन से यह बिक्री अप्रैल-नवंबर 2024 में 8.6 लाख टन से 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन हो गई।

# स्टेट बैंक ने ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई, नई दरें 15 दिसंबर से लागू होंगी

एजेंसी




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रजिर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नीतिगत दर रेपो रेट में कटौती के बाद अपनी लेंडिंग रेट 0.25 फीसदी घटा दिया है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों के लिए लोन सस्ता हो गया है। नई दरें 15 दिसंबर, 2025 से लागू होंगी। बैंक ने जारी एक बयान में बताया कि एसबीआई ने ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के साथ ही स्टेट बैंक की बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) 0.25 फीसदी घटकर 7.90 फीसदी हो जाएगी। बैंक ने यह कदम रिजर्व बैंक के इस महीने नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद उठाया है। इसके अलावा बैंक ने सभी कार्यकाल के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में भी 0.05 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई की एक साल की मैच्योरिटी वाला एमसीएलआर मौजूदा 8.75 फीसदी से घटकर 8.70 फीसदी हो जाएगा। इसी तरह एक साल की परिपक्वता दर 0.05 फीसदी घटकर क्रमशः 8.75 फीसदी और 8.80 फीसदी तक सस्ती होगी।

# 'एकतरफा' शुल्क वृद्धि को लेकर मेक्सिको के साथ भारत संपर्क में

एजेंसी



नयी दिल्ली। मेक्सिको के कई उत्पादों पर एकतरफा तरीके से शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर भारत उसके साथ संपर्क में है, ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान निकाला जा सके। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। साथ ही, नयी दिल्ली ने अपने निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखा है। इन शुल्क की घोषणा उन देशों के खिलाफ की गई है, जिनका मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में विधेयक पेश किए जाने के शुरुआती चरण से ही भारत मेक्सिको के साथ संवाद में था। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 30 सितंबर 2025 को मेक्सिको के आर्थिक मंत्रालय के सामने यह मुद्दा उठाया था और भारतीय निर्यात को नए शुल्कों से बचाने के लिए विशेष रियायतों की मांग की थी। अधिकारी ने कहा, भारत मेक्सिको के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है और दोनों देशों के व्यवसायों और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले स्थिर एवं संतुलित व्यापारिक माहौल की दिशा में सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके अलावा, दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने पर भी विचार कर रहे हैं और औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

# तिरुवनंतपुरम में खिला कमल, भाजपा ने बताया ऐतिहासिक जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। केरल के स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कई सालों से इस सीट पर माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ का प्रभाव रहा है। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से कांग्रेस के शशि थरुर जीतते आए हैं। तिरुवनंतपुर नगर निगम में जीत पर भाजपा ने खुशी जाहिर करते हुए इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व दिन बताया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व दिन है। केरल के नगर निगम चुनावों में भाजपा और एनडीए ने तिरुवनंतपुरम में स्पष्ट बहुमत



हासिल किया है। यह केरल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और भारतीय राजनीति के भविष्य के लिए एक दूरदर्शी संकेत देता है। ईश्वर की कृपा से ईश्वर के अपने देश में भाजपा और एनडीए पर आशीर्वाद बरसने लगे हैं। विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, जबकि केरल में वे एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते थे। हालांकि, अब लोग इतने समझदार हो गए हैं कि वे प्रतिद्वंद्विता के इस दिखावे से धोखा नहीं खाएंगे। कांग्रेस से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा नहीं जीती, फिर भी कांग्रेस हार गई, वहां आपके वोट असल में किसने छीने हैं, जबकि मुकाबला मुख्य रूप से कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के बीच है? यही सवाल कम्युनिस्ट पार्टी पर भी लागू होता है। उन्होंने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि कैसे मनगढ़ंत कहानियों और देशभर में प्रतिद्वंद्विता के झूठे चित्रण के ज़रिए मतदाताओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सवाल पूछा कि वहां के तमाम क्षेत्र जहां भाजपा नहीं जीती है अथवा हमारी कोई प्रभावी उपस्थिति नहीं है, जहां एलडीएफ और यूडीएफ के बीच लड़ाई हुई है, वहां कांग्रेस का वोट किसने चोरी किया है। उन्होंने कहा कि इस नतीजों से यह भी एक संकेत है कि किस प्रकार से जो भ्रम फैलाया जाता था, वो भी साफ है और दोमुंही राजनीति को देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करती।

# सेना में कमीशन प्राप्त करना राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य, निस्वार्थ सेवा की शुरुआत : उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी

देहरादून। देश के थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 157वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) में नव-नियुक्त युवा अधिकारियों के उच्च स्तर के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहनशक्ति की प्रशंसा करते हुए उन्हें भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन करने तथा निष्ठा, प्रतिबद्धता और सम्मान के साथ राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया।

जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निस्वार्थ सेवा की शुरुआत है। इस दौरान, 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स और टेरिटोरियल



आर्मी ऑनलाइन एंट्रेंस एग्ज़ाम 2023 कोर्स के कुल 525 अधिकारी कैडेट्स के साथ-साथ 14 मित्र राष्ट्रों के 34 विदेशी अधिकारी कैडेट्स को कमीशन प्रदान किया गया।

यह कमीशनिंग न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को सुदृढ़ करती है, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी सशक्त बनाती है। इस गरिमामय समारोह के साक्षी गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा अनेक विशिष्ट अतिथि बने। परेड का समापन पारंपरिक 'अंतिम पग' के साथ हुआ, जब युवा अधिकारी राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़े। पीओपी में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं स्वर्ण पदक (मेरिट में प्रथम) एसीए निश्कल द्विवेदी को प्रदान किया गया और द्वीतीय स्थान के लिए रजत पदक बीयूओ बादल यादव तथा तृतीय स्थान के लिए कांस्य पदक एसयूओ कमलजीत सिंह को मिला। इसी तरह टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स में मेरिट में प्रथम स्थान के लिए ऑफिसर कैडेट जाधव सुजीत संपत और टेक्निकल एंट्री स्कीमऽ46 में प्रथम स्थान के लिए डब्ल्यूसीसी अभिनव मेहरोत्रा को रजत पदक प्रदान किया गया। स्पेशल कमीशन ऑफिसर कोर्स का रजत पदक ऑफिसर कैडेट सुनील कुमार छेत्री को दिया गया। विदेशी कैडेट्स में मेरिट में प्रथम स्थान का पदक बंगलादेश के जेयूओ मोहम्मद सफ़ीन अशरफ को मिला। ऑटम टर्म 2025 में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इम्फाल कंपनी को थल सेना प्रमुख बैनर प्रदान किया गया।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की बढ़ाई गई सुरक्षा, किले में तब्दील हुए भोपाल आवास

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिली ताजा खुफिया जानकारी के बाद उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली-दोनों जगह उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की। वहीं दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी पत्र के मुताबिक केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से दिलचस्पी दिखाने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि आईएसआई और कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व उनके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे थे, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पत्र में कहा गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है।

गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा में हैं। इसके बावजूद गृह मंत्रालय को नए इनपुट मिलने के बाद केंद्र ने एमपी डीजीपी, दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) और मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को 'अति-गोपनीय' पत्र भेजा है। इसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। सूचना मिलने के तुरंत बाद भोपाल में उनके आवास के दोनों ओर की सड़कों पर नाकाबंदी सख्त कर दी गई है और आने-जाने वाले हर वाहन की सघन जांच शुरू हो गई है। शनिवार सुबह से ही भोपाल स्थित उनके निजी आवास (बी-8, 74 बंगले) को किले में तब्दील कर दिया गया है। यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएस) और मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों की तैनाती सामान्य से दोगुनी की गई है। साथ ही बंगले के पास से गुजरने वाली आम सड़क पर भी आवाजाही को सीमित कर दिया गया है। बंगले में मुख्य द्वार से भी आवाजाही रोक दी गई है।

# ज्ञान, प्रशिक्षण और अनुसंधान लोकतांत्रिक खुशहाली के तीन स्तंभ हैं : गडकरी

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में कहा कि ज्ञान, प्रशिक्षण और अनुसंधान एक खुशहाल लोकतंत्र के तीन स्तंभ हैं। पॉलिटिकल साइंस के स्टूडेंट्स कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री स्टडीज़ बोर्ड के ज़रिए ट्रेनिंग के लिए आते हैं। इन स्टूडेंट्स को कानून बनाने की प्रक्रिया और पार्लियामेंट्री प्रोसीजर की पढ़ाई करने का मौका मिलता है। ऐसी ट्रेनिंग और ज्ञान से ही लोकतंत्र खुशहाल होता है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी आज नागपुर में वी.एस. पेज पार्लियामेंट्री ट्रेनिंग सेंटर द्वारा लेजिस्लेटिव काउंसिल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा पास किए गए ज़रूरी बिल, प्रस्ताव और पॉलिसी पर पब्लिश की गई रेफरेंस रिच बुक सीरीज़ का दूसरा वॉल्यूम आज लेजिस्लेटिव काउंसिल हॉल में केंद्रीय मंत्री गडकरी के हाथों जारी किया गया। गडकरी ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि कार्यक्रम के मौके पर उस हॉल में वापस आया जहां मैंने 18 साल तक पढ़ाकर अनुभव हासिल किया और देश की सेवा करने का मौका मिला। इससे इस



हॉल की यादें ताजा हो गईं। इसी हॉल ने मुझे राज्य के विकास के लिए दूसरे व्यक्ति से जो मैं चाहता था, उसे चर्चा के जरिए निकलवाने का हुनर दिया। लेजिस्लेटिव काउंसिल हॉल में कानून बनाने पर चर्चा के जरिए असरदार कानून बनाए गए हैं। भले ही इस हॉल में राज्य के अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करते समय नियमों को लेकर लड़ाई होती थी, लेकिन निजी रिश्तों में कभी कड़वाहट नहीं आई, यही हमारी लोकतंत्र की समृद्ध परंपरा है। लोकतंत्र में संविधान ने अधिकार और कर्तव्य तय किए हैं। इससे विकास के लिए समान मौके मिले हैं। लेजिस्लेचर ने डेमोक्रेसी की बेहतरीन परंपराओं का पालन किया है। इन किताबों के जरिए हॉल में मौजूद विचारों का खजाना नई पीढ़ी के सामने पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कानून बनाने की प्रक्रिया में हॉल में होने वाली चर्चाएँ बहुत ज़रूरी होती हैं। ऐसी चर्चाओं से ही बड़े कानून बनते हैं। चर्चाओं से बने कानून जनता की भावना को दिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कानूनों का इस्तेमाल निश्चित रूप से लोगों की भलाई के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, संविधान बनाने वाले डॉ. बाबासाहब आंबेडकर लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य थे। इस सदन ने बहुत समझदार, अनुभवी सदस्य दिए हैं। उनकी समझदारी और अनुभव का फायदा कानून बनाने की प्रक्रिया में इस्तेमाल किया गया है। इस सदन से पास हुए कानूनों और नीतियों के आधार पर एक किताब बनाई जा रही है। हमारे सदन की कार्यवाही का 'रिकॉर्ड' होना बहुत ज़रूरी है। रिकॉर्ड की कमी के कारण, हम कई ऐतिहासिक संदर्भों से चूक गए हैं। चूंकि पश्चिमी देशों में 'रिकॉर्ड' हैं, इसलिए हमें उनके संदर्भ लेने होंगे। हमारा डेमोक्रेटिक सिस्टम उनसे दो हज़ार साल पुराना है, लेकिन रिकॉर्ड की कमी के कारण संदर्भ उपलब्ध नहीं हैं। इतिहास को इकत करना होगा। इसलिए, मुख्यमंत्री फडणवीस ने भी यह विश्वास जताया कि सदन में दिए गए भाषणों और बनाए गए कानूनों को इकत करके पब्लिश की गई किताब हमेशा एक ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट रहेगी।

विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने कहा कि देश में दो सदनों वाली व्यवस्था बहुत ज़रूरी है। इसी की वजह से असरदार कानून बनाना मुमकिन हो पाया है। राज्य के अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करने के बाद जो कानून और नीतियां बनती हैं, वे राज्य के विकास के लिए फायदेमंद होती हैं। लेजिस्लेटिव काउंसिल हाउस का राज्य के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। बिना गलती के कानून बनाने के लिए दो सदनों वाली व्यवस्था बहुत ज़रूरी है। इस अपर हाउस के अनुभवी सदस्यों द्वारा की गई चर्चाओं के बाद, कानून बनाने का काम बहुत असरदार हो जाता है।

## नाम बदलने में मोदी सरकार का मुकाबला नहीं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना-मनरेगा का नाम बदलने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि पूरे देश को मालूम है कि नाम बदलने में मोदी सरकार धुरंधर है लेकिन अब यह भी साफ हो गया है कि उसे सिर्फ पंडित जवाहर लाल नेहरू से ही नहीं बल्कि महात्मा गांधी नाम से भी नफरत है।

कांग्रेस ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा योजना चल रही थी और लंबे समय से इस योजना के तहत गांवों में लोगों को रोजगार मिल रहा है लेकिन अब गांधी शब्द हटाकर सरकार ने योजना का नाम बापू कर दिया है जिससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार को गांधी नाम से भी नफरत है। पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय पर कहा, ''योजनाओं के नाम, कानून के नाम बदलने में मोदी सरकार धुरंधर है, इसका कोई मुकाबला नहीं है।

## नक्सल मुक्त बस्तर-विकसित बस्तर भी होगा: शाह

बस्तर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ में नक्सल मुक्त बस्तर का वादा करते हुए कहा, ''बस्तर संभाग के सातों जिले देश के सबसे विकसित आदिवासी जिले होंगे यह मेरा वादा है।''

श्री शाह बस्तर ओलम्पिक के समापन समारोह में हिस्सा लेने शुक्रवार रात से छत्तीसगढ़ आए थे। राजधानी रायपुर में विश्राम करने के बाद केन्द्रीय गृहमंत्री शनिवार दोपहर को जगदलपुर पहुंचे, यहां उन्होंने बस्तर ओलम्पिक में विजय हासिल करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी तथा हारे हुए खिलाड़ियों को अगले साल आप सब जरूर जीतें इसके लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री शाम ने यहां बस्तर ओलम्पिक के मुख्य अतिथि के तौर पर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी खेलों की मेजबानी के लिए बस्तर, छत्तीसगढ़ का चयन किया है। साल 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में बस्तर के आदिवासी खिलाड़ी खेलें, प्रशिक्षण का स्तर वैसा किया जाएगा।''

श्री शाह ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व एरिया के 70 गांवों को रोशन करने वाली एक योजना का शुभारम्भ भी इसी मंच से किया। उन्होंने कहा कि रोशनी की पहुंच से सुरक्षा का अहसास होगा और बल के लोगों के लिए इन इलाकों में पंहुचना भी आसान होगा।

केंद्रीय गृहमंत्री ने बस्तर ओलम्पिक के मंच से यह वादा किया कि हम सिर्फ नक्सलवाद का खात्मा ही नहीं कर कर रहे हैं बल्कि हमारे मन में यह योजना है कि बस्तर के सातों जिलों के लोगों के सिर्फ पर उनकी छत होगी, इस छत के नीचे पीने का पानी नल का होगा, इस घर में बिजली होगी, शौचालय होगा और उज्ज्वला योजना का गैस सिलिंडर होने के साथ ही पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा।

# संसद पर हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद पर वर्ष 2001 में आज ही के दिन किये गये आतंकवादी हमले की 24 वीं बरसी पर शनिवार को यहां देश के शीर्ष नेतृत्व ने इस हमले का मुकाबला करते हुए प्राण न्योच्छावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया।

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी तथा शहीदों के परिजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा , '' मैं देश के साथ मिलकर उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ, जिन्होंने हमारी संसद की पवित्रता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहने के हमारे राष्ट्र के संकल्प की एक स्थायी याद दिलाता है। श्री बिरला ने कहा,'' देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता मात्र औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि यह सशक्त संदेश है कि भारत किसी भी प्रकार की आतंकवादी मंशा के आगे कभी नहीं झुकेगा। श्री मोदी ने शहीद सुरक्षा कर्मियों के शौर्य को स्मरण करते हुए कहा , '' आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए जघन्य हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को याद करता है। गंभीर खतरे के सामने उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा अद्भुत थी। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। श्री गांधी ने कहा ,'' देश के सम्मान की रक्षा करने वाले शहीद जवानों को कोटि कोटि नमन और विनम्र श्रद्धांजलि। भारत आपका यह बलिदान हमेशा याद रखेगा और इससे देश प्रेम की प्रेरणा लेता रहेगा। ''

गौरतलब है कि 13 दिसंबर 2001 को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने संसद भवन पर हमला करने का प्रयास किया था। इस हमले को नाकाम करते हुए संसद भवन की ड्यूटी पर तैनात नौ वीर जवान शहीद हो गये थे। शहीद जवानों और कर्मचारियों में जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी (सुरक्षा सहायक, राज्यसभा सचिवालय), कमलेश कुमारी (कांस्टेबल, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल), नानक चंद और रामपाल (सहायक उपनिरीक्षक, दिल्ली पुलिस) , ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम (हेड कांस्टेबल, दिल्ली पुलिस) देशराज (माली, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) हैं। जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और कमलेश कुमारी को असाधारण वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए मरणोपरांत अशोक चक्र प्रदान किया

# पेज एक का शेष

### यूपी में मनरेगा में 48...

संरक्षण, भूमि समतलीकरण और वृक्षारोपण जैसे कार्यों से गांवों में स्थायी आय के स्रोत तैयार हो रहे हैं। समय पर भुगतान की व्यवस्था से श्रमिकों को उनकी मेहनत का पूरा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है। पहले जहां मजदूरी भुगतान में देरी की शिकायतें सामने आती थीं, वहीं अब डिजिटल भुगतान प्रणाली और सख्त निगरानी के चलते यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। इससे ग्रामीण श्रमिकों का मनोबल बढ़ा है और योजना के प्रति उनकी भागीदारी भी बढ़ी है। योगी सरकार की प्राथमिकता केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले पलायन को रोकना भी है। मनरेगा के तहत स्थानीय स्तर पर काम मिलने से लोगों को अपने गांव में ही रोजगार मिल रहा है, जिससे शहरों की ओर पलायन में कमी आई है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजाति के परिवारों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। मनरेगा के जरिए गांवों में विकास कार्यों को नई गति मिली है और लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश में मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरी है। सरकार का यह प्रयास न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव रख रहा है।

### 244 कैडेटों को...

आकाश गंगा टीम और एयर वॉरियर ड्रिल टीम के रोमांचक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न प्रशिक्षण क्षेत्रों में उनके असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देते हुए जनरल चौहान ने फ्लाइंग शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर तनिष्क अग्रवाल को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पट्टिका' और 'नवानगर स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। फ्लाइंग ऑफिसर सक्षम डोबरियाल को नेविगेशन स्ट्रीम में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर नितेश कुमार को ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' से सम्मानित किया गया। जनरल चौहान ने परेड को संबोधित करते हुए कमीशन अधिकारियों सेना में शामिल होने और मातृभूमि की सेवा करने के लिए बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों से घमंड और अज्ञानता से दूर रहने तथा सिद्धांतों के मामलों में अडिग रहने का आग्रह किया।

### पंकज होंगे भाजपा...

न करने से उनके पद की औपचारिक घोषणा रविवार (14 दिसंबर) को लखनऊ में होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल यूपी बीजेपी के अध्यक्ष के पद पर पंकज चौधरी के नाम का ऐलान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश की महाराजगंज लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्तमान में वे केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत हैं। उनका जन्म 20 नवंबर 1964 को गोरखपुर में हुआ था। कुर्मी समुदाय से आने वाले चौधरी का परिवार राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़ा है। उनकी माता उज्ज्वल चौधरी महाराजगंज जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। चौधरी ने अपनी राजनीतिक यात्रा 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद के रुप में शुरु की और उप महापौर भी बने। 1990 में भाजपा से जुड़कर उन्होंने 1991 में पहली बार महाराजगंज से लोकसभा चुनाव जीता। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2014, 2019 और 2024 में जीत हासिल की। हालांकि 1999 और 2009 में हार का सामना करना पड़ा। केन्द्र सरकार में वे वित्त राज्य मंत्री हैं और विभिन्न संसदीय समितियों में सक्रिय रहे हैं। पूर्वांचल में कुर्मी और ओबीसी वोट बैंक में मजबूत पकड़ रखने वाले चौधरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करीबी माना जाता है।

### भाजपा की गैर-यादव...

जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी ओबीसी सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40ऽ50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था.राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।.तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।

### तिरुवनंतपुरम चुनाव...

हुआ है। आज केरल में पीढ़ियों के कार्यकर्ताओं के काम और संघर्षों को याद करने का दिन है, जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम किया, जिससे आज का परिणाम सच हुआ। हमारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं और हमें उन पर गर्व है!'' उल्लेखनीय है कि तिरूवनंतपुरम निगम चुनाव में राजग ने 101 सदस्य वाले निगम में 50 सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस तरह तिरुवनंतपुरम निगम में वाम लोकतांत्रिक मोर्चे का चार दशक से भी लंबे समय से चला आ रहा वर्चस्व समाप्त हो गया है।

### मासूम का शिकार...

लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गन्ने के खेत के किनारे मानव शरीर के अवशेष मिले, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया। प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि मौके से कुछ हड्डियां बरामद हुई हैं। उन्होंने कहा कि ये अवशेष किसके हैं, इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि बहराइच जिले में बीते दो महीनों के दौरान भेड़ियों के हमलों में आठ बच्चों समेत कुल 10 लोगों की जान जा चुकी है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने भेड़ियों को मारने के लिए विशेष शूटरों को तैनात किया गया था। अभियान के तहत अब तक चार भेड़ियों को मारा जा चुका था, जबकि शनिवार को पांचवां भेड़िया ढेर किया गया। वन विभाग और जिला प्रशासन क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं तथा ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### भारत पर 50% टैरिफ...

19 अन्य सांसदों के साथ मिलकर राष्ट्रपति से टैरिफ नीति को पलटने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का आग्रह किया था। बयान में कहा गया है, ''श्री ट्रंप के भारत टैरिफ को खत्म करना व्यापार पर कांग्रेस के संवैधानिक अधिकार को वापस पाने और गलत व्यापार नीतियों को लागू करने के लिए आपातकालीन शक्तियों के दुरुपयोग को रोकने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

### मेसी के दौरे...

(कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने कहा है कि पत्रकारों से कहा कि एफआइआर दर्ज कर ली गई है। हालात अब सामान्य है। सब सुरक्षित वापस चले गए हैं। हम स्थिति पर नजर रखे हैं। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशंसकों को जो गुस्सा है कि उनके साथ धोखा हुआ है, इसमें क्या हुआ, कैसे हुआ यह सब गहन जांच के बाद पता चलेगा। जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक्शन जरूर लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन प्रशंसकों के साथ धोखा हुआ है, उन्हें मुआवजा मिले और इन सभी बातों पर ध्यान दिया जाएगा। बता दें कि स्टेडियम में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी के अचानक स्टेडियम छोड़ा, जिससे नाराज फैंस भड़क उठे। फैंस अपने पसंदीदा स्टार फुटबॉलर को देखने के लिए भारी कीमत पर टिकट लेकर पहुंचे थे। लैप ऑफ ऑनर के बाद मेसी के जल्दी निकलते ही फैंस ने कुर्सियां और बोतलें फेंककर विरोध जताया, जिसके तमाम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड महक क्रांति नीति 2026-36 का किया शुभारम्भ

■ बोले- 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की होगी खेती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड महक क्रांति नीति 2026-36 का शुभारम्भ किया। उन्होंने सेटेलाइट सेन्टर भाऊवाला का लोकार्पण एवं सगन्ध पौधा केन्द्र स्थित ए.एम.एस (सी-14) प्रयोगशाला का भी शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 5 सेटेलाइट सेन्टरों का भी शिलान्यास किया। यह सेटेलाइट सेंटर परसारी (चमोली), रैथल (उत्तरकाशी), भैसोड़ी (अल्मोड़ा), खतेड़ा (चंपावत) एवं विषाड (पिथौरागढ़) में स्थापित किए जाएंगे। सेलाकुई स्थित संगन्ध पौधा केन्द्र (कैप) में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस नीति के अंतर्गत 7 एरोमा वैलियों को विकसित करने की शुरुआत होगी। नीति के अंतर्गत राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की खेती को विकसित कर करीब एक लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम के दौरान संगन्ध पौधा केन्द्र और डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विस्तार, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास, मार्केटिंग आदि के क्षेत्र में कैप और डाबर के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार करना है। एमओयू के दौरान कैप की ओर से निदेशक नृपेन्द्र सिंह चौहान एवं डाबर के अधिशासी निदेशक डॉ. सौरभ लाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कैप के फाउंडर वैज्ञानिकों एवं लेमनग्रास - तुलसी की खेती करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने परफ्यूमरी प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, चमोली एवं अल्मोड़ा में डैमस्क रोज वैली, ऊधमसिंह नगर में मिन्ट वैली, चम्पावत और नैनीताल में सिनेमन वैली और हरिद्वार और पौड़ी में लेमनग्रास एवं मिन्ट वैली विकसित की जाएगी।

# एनएसयूटी नवाचार, नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण की एक प्रयोगशाला: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ यशोभूमि में आयोजित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसयूटी) के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी युवाओं को बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी नवाचार, नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण की एक प्रयोगशाला है। यहां से निकले युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से देश की प्रगति में निर्णायक भूमिका निभाएंगे, यही अपेक्षा और विश्वास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। नवाचार आज केवल विचार नहीं, बल्कि नीति और प्राथमिकता बन चुका है। इसी विजन के अनुरूप दिल्ली सरकार भी कौशल, तकनीक, अनुसंधान और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है ताकि राजधानी के युवा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनें। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद तथा विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीयू में छात्रा उत्पीड़न को लेकर अभाविप ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा के द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को तत्काल जांच की मांग की। अभाविप ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि सत्य सामने आ सके। अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि अभाविप दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी के सम्मान, सुरक्षा व हितों के लिए प्रतिबद्ध है। अभाविप दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन से यह मांग करती हैं कि वह इस मामले में संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और विश्वविद्यालय पर विद्यार्थियों व अभिवावकों का भरोसा बना रहे। उन्होंने कहा कि अभाविप का मानना है कि ऐसी जांच से भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकेगा और विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक माहौल बना रहेगा। विद्यार्थी परिषद छात्रहित, न्याय, संविधान के मूल्यों और संस्थान की गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले में बिना किसी पक्षपात के उचित और विधिसम्मत समाधान की मांग करती है। सार्थक शर्मा ने कहा कि अभाविप यह भी रेखांकित करती है कि पिछले कुछ समय से घटित हो रहे ऐसे प्रकरण लगातार दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और साख पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में बार-बार प्रकरणों का सामने आना न केवल विश्वविद्यालय की छवि को प्रभावित करता है, बल्कि छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के मन में भी असुरक्षा और अविश्वास की भावना उत्पन्न करता है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि विश्वविद्यालय प्रशासन प्रत्येक मामले में गंभीरता, संवेदनशीलता और संस्थागत जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। सार्थक ने कहा कि अभाविप का मानना है कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार सर्वोपरि हैं, इसीलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि न्याय की प्रक्रिया निष्पक्ष हो। इस संवेदनशील प्रकरण में तथ्यों की विधिसम्मत जांच पूर्ण कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### मान, केजरीवाल पंजाब और पंजाबियों की जान-माल की रक्षा करने में नाकाम: शर्मा

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शनिवार को कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। जालंधर से पूर्व विधायक और भाजपा नेता शीतल अंगुराल के भतीजे की बेरहमी से की गयी हत्या की निंदा करते हुए श्री शर्मा ने कहा, ल एक और दिन, एक और मर्डर! पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह फ़ेल हो गया है। जालंधर से पूर्व विधायक शीतल अंगुराल (भाजपा नेता) के भतीजे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हर दिन मर्डर, लूटपाट और गुंडागर्दी अब आम बात हो गयी है। श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब और पंजाबियों की जान-माल की रक्षा करने में नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, ल मैं पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग करता हूं।'' उन्होंने कहा कि यह 'बदलाव' नहीं है, यह पंजाब की बर्बादी का एक मॉडल बन गया है।

### जनवरी में होगा भव्य फ़रोग-ए-उर्दू सेमिनार और मुशायरा

**सारण।** बिहार सरकार के उर्दू निदेशालय के तत्वावधान में उर्दू भाषा और साहित्य के विकास तथा प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित होने वाला वार्षिक 'फ़रोग-ए-उर्दू सेमिनार' और 'मुशायरा' आगामी जनवरी माह में आयोजित किया जाएगा। जिला उर्दू भाषा कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी जेबा अर्शी की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। निदेशालय के आदेश के आलोक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक पैनल का गठन किया गया है। एसडीसी जेबा अर्शी ने बताया कि इस पैनल में यूनिवर्सिटी और कॉलेज के विभागाध्यक्षों सहित उर्दू के सक्रिय विद्वानों को शामिल किया गया है। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें मुख्य रूप से सेमिनार के लिए सीनियर और जूनियर आलेख पाठकों को निमंत्रित करने के लिए नामों पर विचार-विमर्श किया गया। भाषा एवं साहित्य के विकास में स्थानीय योगदान को शामिल करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर आयोजित होने वाले मुशायरे को भव्य बनाने का निर्णय लिया गया। इसमें स्थानीय कवियों के साथ-साथ बाहर के कुल 10 शायरों को निमंत्रित किया जाएगा। पैनल में अन्य सक्रिय नामों को जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया। बैठक में प्रो मजहर किबरिया, प्रो. अलाउद्दीन खान, प्रो मो. हसीब, प्रो अब्दुल खालिक, प्रो असलम, नदीम अहमद, मो हारून, रेश्मा तबस्सुम आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस आयोजन से क्षेत्र में उर्दू साहित्य के प्रति रुझान बढ़ने की उम्मीद है।

### कटिहार में 662743 बच्चों को पोलियों उन्मूलन खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित

**कटिहार।** कटिहार जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 से 20 दिसंबर तक पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इस टीकाकरण अभियान के दौरान जिले में 678818 घरों में कुल 0 से 05 वर्ष के 662743 बच्चों को पोलियों का खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कटिहार सदर प्रखंड कार्यालय परिसर से शनिवार को सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर यूनिसेफ़ के चंद्रबिभा कुमारी, कटिहार सदर प्रखंड बीडीओ, सीडीपीओ मुख्य रूप से मौजूद थे। इस सन्दर्भ में सिविल सर्जन ने बताया कि पोलियो उन्मूलन अभियान के लिये जिले में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा एएनएम को लगाया गया है। जितेंद्र नाथ ने बताया कि दिसम्बर 1995 से पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं जन सहयोग से 2011 में पोलियो को उन्मूलन भारत में किया एवं 2014 में डब्लूएचओ के द्वारा भारत को पोलियो मुक्त का प्रमाण पत्र मिला। उन्होंने बताया कि अभी भी हमारे पड़ोसी देशों में पोलियो का खतरा बना हुआ है एवं इसमें काफी सतर्कता बरतने की बात है। जिससे पुनः यह देश पोलियो ग्रस्त न हो जाए। इसलिए समय समय पर जन्म से लेकर पाँच वर्ष के बच्चों को इस विशेष टीकाकरण अभियानों के दौरान पोलियो का खुराक पिलाकर हम पोलियो बिमारी के बिषाणु को अपने देश में आने से रोक सकते है। सिविल सर्जन ने जन-मानस से अनुरोध है कि अभियान के दौरान पोलियो उन्मूलन खुराक की दो बुन्द शून्य से पांच साल तक के सभी बच्चों को आवश्यक पिलावें।

# राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास को भी दे रही प्राथमिकता: गणेश जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने पिता स्व. श्याम दत्त जोशी की स्मृति में डोभालवाला स्थित कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि से 15.67 लाख रुपये की लागत से बास्केटबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल पोल और विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना के कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही विद्यालय परिसर में कैप्टन प्रतीक आचार्य की प्रतिमा स्थापना औए नए विद्यालय कक्ष के निर्माण की भी घोषणा की। कार्यक्रम में मंत्री गणेश जोशी अपने पिता स्व. श्याम दत्त जोशी को स्मरण कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज वे जिस भी मुकाम पर हैं, वह अपने पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास को भी समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर खेल सुविधाओं से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। मंत्री जोशी ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आत्मा होती है और पुस्तक व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होती है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना से विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्रों को पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय आसपास के लोगों के लिए भी उपयोगी होगा, जिससे आमजन भी ज्ञानवर्धक पुस्तकों का लाभ उठा सकें। अमर शहीद कैप्टन प्रतीक आचार्य को नमन करते हुए मंत्री ने कहा कि शहीदों के नाम पर स्थापित संस्थानों का विकास करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। यह न केवल शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को देशभक्ति, सेवा और समर्पण के मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री भाजपा नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वीर माता बीना आचार्य, पार्षद मोहन बहुगुणा, देवी दत्त जोशी, पूनम नौटियाल, सत्येंद्र नाथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फगवाड़ा फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, शेष आरोपियों की तलाश जारी

फगवाड़ा। पंजाब में फगवाड़ा पुलिस ने दरवेश गांव में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दलजीत राजू के आवासीय घर पर हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) माधवी शर्मा ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान लुधियाना जिले की समराला तहसील के हेफॉन गांव के निवासी गुरदीप सिंह उर्फ सोनी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि कई पुलिस टीमों द्वारा लगातार छापेमारी और जांच के बाद यह गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि गुरदीप सिंह इस मामले में आरोपी व्यक्तियों में से एक है, जबकि बाकी संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। सुश्री शर्मा ने बताया कि इस मामले में नामजद अन्य आरोपी सूर्या प्रताप उर्फ नोनी निवासी यमुना नगर और वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हैं। गुर्जर निवासी इंद्री जिला करनाल और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं।

## जालंधर में मामूली विवाद में भाजपा नेता के भतीजे की हत्या

जालंधर। पंजाब में जालंधर के शिवाजी नगर में शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोगों ने मामूली विवाद में भाजपा नेता शीतल अंगुराल के भतीजे विकास की तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस संबंध में पुलिस ने थाना डिवीजन नंबर 5 में रवि कुमार उर्फ कालू और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने दो टीम में बना हैं, जो अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर रही हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-2 परमजीत सिंह ने शनिवार को बताया कि शनिवार रात विकास अंगुराल (निवासी लसूरी, मोहल्ला बस्ती दानिशमंदा, जालंधर) की 3 जान-पहचान वाले लड़कों के साथ लड़ाई में लगी चोटों की वजह से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में थाना डिवीजन नंबर 5 में सेक्शन 103(1), 351(3), 3(5) बी एन एस के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाजपा नेता अंगुराल ने बताया कि उन्हें शुक्रवार रात करीब 10 बजे के करीब फोन आया था कि विकास पर किसी ने हमला कर दिया। वह जब घटनास्थल पर पहुंचे तो विकास खून से लथपथ पड़ा था। उसे तुरंत कपूरथला चौक स्थित जोशी अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। अंगुराल ने कहा, ल इस क्षेत्र में खुलेआम नशीले पदार्थ बिकते हैं। मेरे भतीजे का कत्ल भी नशेड़ियों ने किया है। मैं परिषद चुनाव के कारण कैंट एरिया में था। मुझे बड़े भाई का फोन आया कि किसी ने विकास पर हमला कर दिया है।

# पीएसपीसीएल/ पीएसटीसीएल यूनियनें नयी श्रम संहिता मसौदा विद्युत संशोधन विधेयक के खिलाफ करेंगी आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता


पटियाला। पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिलिटेड (पीएसपीसीएल) सभी यूनियनों ने बिजली क्षेत्र की जमीन और संपत्तियों की बिक्री, रोपड़ में 800 मेगावाट की दो इकाइयों की प्रक्रिया में पैदा की जा रही बाधाओं, केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयीं चार नयी श्रम संहिताओं और मसौदा विद्युत संशोधन विधेयक 2025 के प्रावधानों के खिलाफ एक संयुक्त विरोध आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने सर्वसम्मति से पंजाब सरकार से इन प्रस्तावों को तत्काल वापस लेने का आह्वान किया। पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव अजय पाल सिंह अटवाल ने शनिवार को बताया कि पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन, एम्प्लॉइज जॉइंट फोरम, बिजली मूलजम एकता मंच, बिजली मूलजम नगरशील मोर्चा, काउंसिल ऑफ जूनियर इंजीनियर्स, एसोसिएशन ऑफ जूनियर इंजीनियर्स, आईटी ऑफिसर्स एसोसिएशन, ऑफिसर्स अकाउंट्स एसोसिएशन, पावरकॉम पेंशन यूनियन, पेंशनर्स एसोसिएशन, पेंशनर वेलफ़ेयर फ़ेडरेशन और ग्रिड सबस्टेशन एम्प्लॉई यूनियन की संयुक्त बैठक में राज्य के विद्युत क्षेत्र के सामने आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा से डॉ. दर्शन पाल और अंग्रेज सिंह डकौंदा भी बैठक में उपस्थित थे। श्री अटवाल ने कहा कि विद्युत संशोधन विधेयक, 2025 पंजाब के विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक स्वामित्व, उपभोक्ता हितों और दीर्घकालिक स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि मूल्यवान पीएसपीसीएल/ पीएसटीसीएल भूमि की बिक्री से सबस्टेशन, पारेषण गलियारों और विद्युत परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के भविष्य के विस्तार पर गंभीर रूप से असर पड़ेगा। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि ड्राफ्ट इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 संघीय ढांचे को कमजोर करता है, राज्य की यूटिलिटीज़ को कमजोर करता है, और पंजाब की आम जनता और कृषि क्षेत्र के लिए बिजली की किफायती कीमत और विश्वसनीयता को खतरे में डालता है।

# छपरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सारण। न्याय को सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में एक कदम उठाते हुए शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर छपरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारण पुनीत कुमार गर्ग, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भौतिक रूप से उपस्थित होकर विभिन्न लंबित मामलों एवं आमजन से संबंधित समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभागिता की और न्याय दिलाने के प्रयास में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित वादों का त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण निपटारा करना था। इस आयोजन के माध्यम से आपसी समझौते के आधार पर अनेक मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इससे न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं त्वरित बनाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिससे आम नागरिकों का न्यायिक प्रणाली पर विश्वास और बढ़ा है। इस अवसर पर सारण पुलिस ने यह आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी न्यायिक एवं विधिक संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर आम नागरिकों को समय पर और सहज तरीके से न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन दिखाता है कि न्यायिक, प्रशासनिक और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से आम जनता को त्वरित न्याय प्रदान किया जा सकता है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063